kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-120 ❑ रविवार, 31 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



फिलहाल केंद्र सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, जिसके तहत गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए या देशभर में उसकी हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अर्जुन राम मेघवाल

पश्चिम बंगाल में अगले सप्ताह भाजपा के मंत्रिमंडल का हो सकता है विस्तार 11

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने किया कांवड़ समिति का पुनर्गठन, कपिल मिश्रा अध्यक्ष नियुक्त 12

## संक्षेप

### आईपीएल 2026 : अहमदाबाद में आज बादशाहत का फैसला

**नई दिल्ली।** दो महीनों की दौड़, दर्जनों मुकाबले और अनगिनत उतार-चढ़ाव के बाद आईपीएल 2026 का कारवां आखिर अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। अब रविवार को गुजरात टाइटंस और बैंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स के बीच फाइनल मुकाबला तय करेगा कि इस सीजन की ट्रॉफी किसके हाथों में चमकेगी। अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन बेंगलुरु लगातार दूसरा खिताब जीतने उतरेगी, तो पांच साल में तीसरी बार फाइनल में पहुंची गुजरात टाइटंस अपने घर में वर्चस्व कायम करना चाहेगी। इस लड़ाई में दो कप्तानों शुभमन गिल और रजत पाटीदार की भी परीक्षा होगी। अपनी टीमों को फाइनल में पहुंचाने में इन दोनों की अहम भूमिका रही है। नजरें विराट कोहली पर भी होंगी जो आईपीएल इतिहास में 9000 से ज्यादा रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं।

### लखनऊ में आज तक गृहकर पर आठ प्रतिशत छूट का अंतिम अवसर

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने गृहकर जमा करने वाले करदाताओं के लिए विशेष छूट का लाभ उठाने के लिये 31 मई तक का अंतिम अवसर प्रदान किया है। वर्तमान में ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत तथा ऑफलाइन भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि एक जून से छूट की दरों में कमी कर दी जाएगी।


### पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी के साथ धक्का-मुक्की, पथराव

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर क्षेत्र में कथित तौर पर धक्का-मुक्की की गई। वह चुनाव बाद हिंसा पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे थे, पुलिस के अनुसार, कुछ लोगों ने अभिषेक बनर्जी के काफिले का विरोध करते हुए उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके। इस दौरान चोर-चोर के नारे भी लगाए गए। हंगामे के बीच कुछ लोगों ने उनके साथ हाथापाई करने की भी कोशिश की। घटना के दौरान अभिषेक बनर्जी की शर्ट फट गई। बाद में उन्हें सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाकर वहां से बाहर निकाला गया। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह हमला पहले से सुनियोजित था। उन्होंने कहा, देखिए मेरे साथ क्या किया गया। यहां पुलिस मौजूद नहीं थी। मुझे मारने की कोशिश की गई। जब तक पीड़ित परिवारों को सुरक्षा नहीं मिलती, मैं यहां से नहीं जाऊंगा। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं झाड़ू और बांस की लाठियां लेकर पहुंचीं और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने उनके दौरे पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई। इस बीच पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह घटना वर्षों से स्थानीय लोगों में जमा गुस्से का परिणाम हो सकती है।

# जून में बिजली बिल दस फीसदी बढ़कर आएगा

## गर्मी में बिजली संकट झेल रहे उपभोक्ताओं को जून में बिल देगा झटका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने वितरण कंपनियों को मार्च 2026 के बढ़े हुए विद्युत खरीद और पारेषण व्यय की भरपाई के लिए जून 2026 के बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) वसूलने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी आदेश के अनुसार मार्च 2026 के लिए निर्धारित यह अधिभार जून के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा। सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।


उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक विद्युत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है।

उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी दावा किया कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास पहले से ही 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपभोक्ता अधिशेष (कंज्यूमर सरप्लस) उपलब्ध है। ऐसे में अतिरिक्त अधिभार लगाने से पहले मामले को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था। परिषद ने इस मुद्दे को तत्काल यूपीईआरसी के समक्ष उठाने तथा फ्यूल सरचार्ज संबंधी नियमों में आवश्यक संशोधन की मांग करने का निर्णय लिया है। साथ ही मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से फरवरी एवं मार्च 2026 के फ्यूल सरचार्ज के आधार पर की गई 10 प्रतिशत वृद्धि को तत्काल रोकने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है।

# ट्रंप की ईरान पर बैठक बेनतीजा नहीं हो सका कोई फैसला

एजेंसी

❑ ईरान से समझौते पर दो घंटे बैठक चली, लेकिन बिना कुछ बोले निकले ट्रंप व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा ट्रंप वही डील करेंगे जो अमेरिका के लिए अच्छा हो



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान से समझौते पर बैठक बेनतीजा रही। व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में शुक्रवार को उन्होंने अपने सलाहकारों के साथ बैठक की थी, लेकिन कोई फैसला नहीं लिया जा सका। बैठक के बाद ट्रंप बिना कुछ बोले निकल गए।

ईरान में सीजफायर बढ़ाने और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने की डील के साथ आगे बढ़ा जाए या नहीं इसपर ट्रंप या व्हाइट हाउस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। ईरान ने कहा कि यह समझौता अभी तक अंतिम नहीं हुआ है।

ईरान अमेरिका समझौते को लेकर विशेष कक्ष में हुई दो घंटे से अधिक देर तक बैठक हुई। दुनिया को इंतजार था कि वे कोई घोषणा करेंगे। इस बैठक में खाड़ी में चल रही जंग को लेकर आखिरी फैसले पर बातचीत हुई और अंतिम फैसले का भरोसा दिया गया, लेकिन यह बैठक आखिरकार बेनतीजा रही। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बैठक के बाद जारी बयान में कहा कि सिचुएशन रूम की मीटिंग खत्म हो गई है और यह लगभग दो घंटे चली। राष्ट्रपति ट्रंप केवल वही डील करेंगे जो अमेरिका के लिए अच्छी हो और उनकी तय की गई शर्तों को पूरा करती हो। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता। जब ट्रंप ने पहली बार इस मीटिंग की घोषणा की थी, तो उन्होंने कहा था कि इसका मकसद कोई आखिरी फैसला लेना है। उन्होंने कई ऐसी शर्तें रखी थीं, जिनके बारे में उन्हें उम्मीद थी कि युद्ध खत्म करने के लिए होने वाली किसी संभावित डील में ईरान उन्हें मान ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली पुलिस ने आईएसआई-अंडरवर्ल्ड आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, नौ गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आईएसआई-मुंबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े उन नौ संदिग्ध गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा कर्मियों पर हमलों की कथित तौर पर साजिश रच रहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान आरोपियों के पास से हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इसने बताया कि खुफिया जानकारी पर आधारित एक अभियान के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉड्यूल पर कुछ समय से निगरानी रखी जा ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

लखनऊ। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार देर रात से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से प्रदेश के अनेक हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश हुई। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्र में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। बाराबंकी, सीतापुर, कानपुर, हरदोई, मुरादाबाद और ● शेष पेज 11 पर

# भारत शक्तिशाली है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा : हेगसेथ

एजेंसी


❑ सिंगापुर में शांगरी-ला डॉयलॉग में बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री

सिंगापुर अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार को कहा कि भारत एक शक्तिशाली देश है और वह अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। हेगसेथ ने कहा कि भारत के पास विशाल औद्योगिक क्षमता एवं साजो-सामान है, जो उसे उच्च-स्तरीय सैन्य अभियानों को लंबे समय तक संचालित करने और बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

हेगसेथ ने ये टिप्पणियां शनिवार को सिंगापुर में शांगरी-ला डॉयलॉग में शामिल प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कीं। उन्होंने कहा कि भारत शक्तिशाली है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत विशेष रूप से हिंद महासागर में शक्ति संतुलन बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि भारत उच्च स्तरीय सैन्य अभियानों को बनाए रखने के लिए विशाल औद्योगिक क्षमता और साजो-सामान का निर्माण भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ सह-उत्पादन की भी प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका अपने रक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय विनिर्माण वैश्वीकरण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' और ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा संबंधी संबंधों का भी आकलन किया। हेगसेथ ने क्षेत्र में अमेरिका की रक्षा रणनीति के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है और क्षेत्र की सुरक्षा काफी हद तक अमेरिकी सैन्य शक्ति पर निर्भर करती है। उन्होंने देशों से अपने स्वयं के रक्षा तंत्र में गंभीरता से निवेश करने का आह्वान किया। पीट हेगसेथ ने शनिवार को प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों को आश्वस्त किया कि अमेरिका इस ● शेष पेज 11 पर

# सेना ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार : सेना प्रमुख

एजेंसी



लखनऊ। भारतीय सेना जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को पुणे में नेशनल डिफेंस एकेडमी के 150वें कोर्स के पासिंग आउट परेड के दौरान मीडिया से बात करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा सेनाएं अगले चरण के लिए तैयार है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि तीनों सेनाएं जमीन, हवा और समुद्र के आगे आधुनिक जंग की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल शत्रुता का अस्थायी अंत हो चुका है लेकिन तीनों सेनाएं पूरी मजबूती के साथ अगले दौर की तैयारी में जुटी हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य का युद्ध सिर्फ जमीन, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं रहेगा। इसका दायरा आने वाले समय में अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र में फैल सकता है। आधुनिक युद्ध बहुत पारदर्शी होगा। ऐसे में सैन्य योजना बनाने वालों को सतर्क रहना होगा। सैन्य बलों की तैनाती और सैनिकों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। आधुनिक युद्ध 24 गुणा 7 की नीति पर चलता है। हर गतिविधि दूसरे पक्ष को पता चलती है। ऐसे में सैन्य बलों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा, भविष्य के युद्ध में लोगों के विश्वास और राष्ट्रीय एकता की भूमिका अहम होगी। विजय हमेशा मन में होनी चाहिए ये जमीन पर नहीं होती। सूचनाओं से जुड़ी जंग तभी सफल होगी जब पूरा देश एकजुट होगा और लोगों को सूचना देने वाले पर विश्वास करना होगा। मैं आश्वस्त करता हूं कि जब लोग एक दूसरे पर विश्वास करेंगे तो जंग में हर किसी की जीत होगी। ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण में सेनाओं ने सटीक और आक्रामक हमले से अपनी ताकत का परिचय दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि इस ऑपरेशन से भारत ने दुनिया को ताकत का अहसास कराया। ऑपरेशन मजबूत योजना, रियल टाइम इंटेलिजेंस, सटीक निशाना और मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के साथ मजबूत सुरक्षा तंत्र का परिचायक था। सेना भविष्य को देखते हुए निरंतर आधुनिक बदलाव करने में जुटी है। भारतीय सेनाएं दशकों से खुद को भविष्य के लिए तैयार कर रही हैं। इस पूरी तैयारी में देश ● शेष पेज 11 पर


## कर्नाटक में डी. के. शिवकुमार तीन जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री के तौर पर डी. के. शिवकुमार के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। कांग्रेस विधायक दल ने उन्हें अपना नेता चुन लिया। शिवकुमार तीन जून को लोकभवन में प्रस्तावित सादे समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शनिवार को विधान सौध में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शिवकुमार के नाम का प्रस्ताव रखा। इस दौरान कांग्रेस के दो राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला भी मौजूद रहा। कर्नाटक राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जी.सी. चंद्रशेखर ने बताया कि नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह तीन जून को लोकभवन के ग्लास हाउस में होगा। बताया कि पहले बेंगलुरु में भव्य समारोह आयोजन पर चर्चा हुई, लेकिन तय किया गया कि ईंधन संकट को देखते हुए शपथ ग्रहण समारोह सादा ही रखा जाए। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, तीन जून को शिवकुमार के साथ 10 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इनके ● शेष पेज 11 पर

# भारत से ब्रह्मोस खरीदेगा वियतनाम

एजेंसी

❑ इंडोनेशिया के साथ बातचीत अंतिम चरण में




नयी दिल्ली। भारत के रक्षा निर्यात और दक्षिण-पूर्व एशिया में रणनीतिक पहुंच से जुड़े एक बड़े घटनाक्रम में फिलीपींस के बाद अब वियतनाम ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जबकि इंडोनेशिया के साथ इस संबंध में बातचीत अंतिम चरण में है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सिंगापुर में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज द्वारा आयोजित 23वें शांग्री-ला डायलॉग में एक पैनल चर्चा के दौरान यह बात कही। इस समझौते से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा भागीदार के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का पता चलता है। श्री सिंह ने दक्षिण-पूर्व एशिया में ब्रह्मोस मिसाइल के संभावित खरीदारों के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण विश्वास और रणनीतिक साझेदारियों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा ,'' जैसा हमने बताया था फिलीपींस इसका पहला खरीदार था। रक्षा सहयोग के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, ''कोई भी देश अपने अधिक उन्नत हथियार और प्लेटफॉर्म उन देशों को बेचेगा जो मित्र विदेशी देश हैं। आप इसे किसी विरोधी या ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं बेचेंगे जो इसे किसी विरोधी को दे सकता हो। श्री सिंह ने कहा, ''मेरी समझ से, इंडोनेशिया और वियतनाम दोनों के साथ समझौता अंतिम चरण में है। वास्तव में, वियतनाम के ● शेष पेज 11 पर

# आपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं का पराक्रम देखने को मिला: राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

## लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं का पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला। उस समय नेवी पूरी ताकत के साथ अरब सागर में मौजूद थी। यूपी के जवानों ने प्रत्येक युद्ध में कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा की है। इसी सोच से लखनऊ में डीआरडीओ की प्रयोगशालाएं शुरू की गई हैं।

भारत की रक्षा क्षमता

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय नेवी पूरी ताकत के साथ अरब सागर में मौजूद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से इस बात पर सदैव बल दिया कि भारत सही मायनों में ताकतवर तभी कहलाएगा, जब सेनाओं को हथियार के लिए दुनिया के दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसी को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का विजन देश के सामने रखा। भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन मात्र 46,000 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। जून समाप्त होते-होते यह बढ़कर पौने दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका होगा। वर्ष 2014 तक भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था, लेकिन यह बढ़कर लगभग 40,000 करोड़ रुपये हो गया है।

उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर से यूपी देश के रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बना रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस का भी निर्माण हो रहा है, जो देश की डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत कर रहा है। आज डिफेंस के साथ-साथ हेल्थ, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, ट्रेड एंड कॉमर्स, रोड्स, हाई-वे, एयरपोर्ट्स आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का उद्घाटन सम्मान व गौरव का क्षण है। आने वाले समय में यह शौर्य वाटिका न केवल लखनऊ के लिए एक प्रेरणा स्थल बनेगी, बल्कि एक टूरिस्ट हब के लखनऊ की पहचान बनेगी। यह सभी चीजें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है। शौर्य वाटिका और म्यूजियम केवल स्थापत्य कला या बनावट का नमूना भर नहीं है। यह हमें हमारी सेनाओं की याद दिलाती रहेगी। मेरा प्रयास रहता है कि जिन उपकरणों ने दशकों तक हमारी सेवा की है, वह रिटायर होने के पश्चात हमारे स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रदर्शित हो। आज रूस-यूक्रेन विवाद और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के साथ-साथ सम्पूर्ण दुनिया में उथल-पुथल मची है, जो हमें यह संदेश दे रही है कि दुनिया की शांति और समृद्धि की चाभी समुद्री मार्गों की सुरक्षा में निहित है। ● शेष पेज 11 पर

### जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। उन्होंने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा प्रेरणा देती है कि अहिंसा परमो धर्म:, धर्म हिंसा तथैव च यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिए, लेकिन सामने वाला देश व समाज की सुरक्षा के लिए खतरा है तो उसके लिए अंततः हिंसा ही अपनानी पड़ेगी। देश के दुश्मन के साथ यही हमारा धर्म है और भारतीय सेना पूरी मजबूती के साथ यह करती है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को राजधानी लखनऊ में दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय के द्वितीय चरण) के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित सैन्य अधिकारियों, कार्मिकों व जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के साथ इस वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नौसेना बैंड की अनुपम प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में

# नगर आयुक्त गौरव कुमार ने विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का किया निरीक्षण

❐ सीएम ग्रिड परियोजना, पीएम आवास योजना, कान्हा उपवन स्कूल निर्माण एवं नगर निगम की खाली भूमि के विकास कार्यों की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को शहर में संचालित विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज प्रभात सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम ग्रिड परियोजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

निरीक्षण की शुरुआत जोन-4 के गोमती नगर स्थित विभूति खंड क्षेत्र से हुई, जहां नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों, इंटरलॉकिंग, नाला एवं नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परियोजना अंतिम चरण में है। नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता (सिविल) श्री अतुल मिश्रा को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए पूर्ण कराए जाएं ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### पीएम आवास योजना के अंतर्गत बन रहे अपार्टमेंट की प्रगति जानी

इसके उपरांत नगर आयुक्त ने जोन-6 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा निर्मित कराए जा रहे आवासीय अपार्टमेंट परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

जोन-5 स्थित नादरगंज क्षेत्र में कान्हा उपवन परिसर में निर्माणाधीन नए विद्यालय के लिए की जा रही बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भी नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में विद्यालय निर्माण कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### नगर निगम की खाली भूमि के विकास एवं राजस्व वृद्धि पर जोर

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने जोन-2, जोन-3 सहारा स्टेट, जोन-5 एवं जोन-6 में नगर निगम की खाली पड़ी भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन भूखंडों की प्राथमिकता के आधार पर बाउंड्री वॉल कराई जाए तथा उनके सुनियोजित विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। नगर आयुक्त ने कहा कि इन भूमि संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर नगर निगम के लिए राजस्व सृजन के नए अवसर विकसित किए जाएं, जिससे निगम की वित्तीय स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी ने परिवीक्षाधीन आईपीएस के स्थानांतरण पर आयोजित किया भावपूर्ण विदाई समारोह

❐ इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने मानसी दहिया को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासित कार्यशैली एवं योगदान पर सम्मानित किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय में 77वें आरआर(वर्ष 2023) बैच की परिवीक्षाधीन आईपीएस के स्थानांतरण के अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने सुश्री मानसी दहिया को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासित कार्यशैली, प्रभावी नेतृत्व क्षमता तथा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। अपने जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान मानसी दहिया ने कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न पुलिस इकाइयों एवं शाखाओं में कार्य करते हुए पुलिसिंग के विविध आयामों का गहन अनुभव प्राप्त किया। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा उन्हें थाना चोलापुर का स्वतंत्र प्रभार 12 सप्ताह के लिए सौंपा गया था, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा सुनिश्चित करने तथा थाना प्रशासन के प्रभावी संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में पुलिस कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन हुआ तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद एवं विश्वास स्थापित करने की दिशा में सराहनीय कार्य किए गए। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आईपीएस मानसी दहिया ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उत्कृष्ट समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। उन्होंने जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, महिला एवं पीड़ित से संबंधित प्रकरणों की संवेदनशील सुनवाई तथा थाना प्रबंधन से जुड़े प्रशासनिक कार्यों का नेतृत्व भी दक्षतापूर्वक किया। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा मानसी दहिया को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल सेवाकाल एवं उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## लखनऊ आगमन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शनिवार पूर्वाह्न लखनऊ पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा डॉ. दिनेश शर्मा सांसद ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, राम चन्द्र प्रधान, मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओ.पी. श्रीवास्तव, राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, चेयरमैन वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महानगर महामंत्री टिंकू सोनकर , उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश कुमार गुप्ता सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।

## हरिद्वार से लौट रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत



**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के देवरी रुखारा गांव निवासी 18 वर्षीय प्रीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह हरिद्वार से अपने घर लौट रहा था। शनिवार सुबह उसने परिजनों को फोन कर जल्द घर पहुंचने की बात कही थी, लेकिन कुछ देर बाद उसके ट्रेन हादसे में मौत होने की सूचना मिली।पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह सिंह हॉस्पिटल के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में मृतक की पहचान देवरी रुखारा निवासी प्रीत सिंह के रूप में हुई।परिजनों ने बताया कि प्रीत सिंह परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पिता विक्रम सिंह की तबीयत बिगड़ गई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि वह कुछ दिन पहले एक सड़क हादसे में घायल हुए थे और उनका इलाज चल रहा है।पुलिस का कहना है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार, अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2 रोबिन आर्य एवं उन्नाव आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा उन्नाव एवं रायबरेली जनपद की सीमा पर भँवरेश्वर मंदिर के आसपास एवं सई नदी के किनारे विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा ग्राम सुदौली ग्राम स्थित भंवरेश्वर मंदिर के आसपास एवं सई नदी के तटवर्ती क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 200 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## सीएचसी के मुख्य गेट पर नगर पालिका व तहसील प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर अवैध तरीके से गुमटियां व ठेले लगाकर लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा था । जिसकी लगातार शिकायत हो रही थी बावजूद, इसे हटवाने को लेकर जिम्मेदार अनजान बने हुए थे हैं। इसका खामियाजा अस्पताल आने वाले मरीजों व तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा था वहीं पास में ही रोड के किनारे यात्री प्रतीक्षालय को भी चाट के ठेले वालों ने पूरी तरीके से अवैध अतिक्रमण कर रखा था जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था नगर पालिका प्रशासन द्वारा बीते शुक्रवार को ही गुमटियाँ हटाने के लिए अलाउंसमेंट किया था लेकिन किसी ने अपनी गुमटियां नहीं हटाई आज शनिवार दोपहर नगर पालिका व तहसील प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को पूरी तरीके से खाली कर दिया। बताया गया कि अतिक्रमण के कारण मरीजों और एंबुलेंस को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती थी। अतिक्रमण से अस्पताल परिसर के बाहर रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती थी जिससेअब निजात मिलेगी।

## आरोग्य हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद हड़कंप, जिलाधिकारी ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आरोग्यम हॉस्पिटल सीतापुर में इलाज के दौरान एक महिला (प्रसूता) की मौत का मामला गरमा गया है। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो वायरल होने और मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी सीतापुर ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल प्रभाव से एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है।तीन सदस्यीय जांच समिति में शामिल अधिकारी:मामले की गहराई से जांच करने के लिए प्रशासन ने निम्नलिखित अधिकारियों को समिति का सदस्य नियुक्त किया है:उपजिलाधिकारी, सदर सीतापुर डॉ. मनोज कुमार देशमणि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चित्रा सोनकर प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जिला महिला चिकित्सालय, सीतापुर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से जारी इस आदेश में जांच समिति को कड़े निर्देश दिए गए हैं। समिति को निर्देशित किया गया है कि वे घटनास्थल का स्थलीय (ऑन-साइट) और दस्तावेजी (अभिलेखीय) निरीक्षण करें। मामले की पूरी सच्चाई और स्पष्ट आख्या (रिपोर्ट) अनिवार्य रूप से 30 मई 2026 की शाम 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सौंपने के लिए कहा था खबर लिखे जाने तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है जिससे जांच में क्या निकलकर आया है उसकी जानकारी नहीं है।इस आदेश की प्रतिलिपि संबंधित जांच समिति के सदस्यों और जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। इस जांच के बाद अस्पताल प्रशासन पर बड़ी कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है।

# वोवीनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकार्रियों का हुआ चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश वोवीनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा और चुनाव का आयोजन लखनऊ, पूर्वी विधानसभा के विधायक ओ.पी श्रीवास्तव के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय पर किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ओ.पी. श्रीवास्तव को एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष, प्रवीण गर्ग को महासचिव और सच्चिदानंद पटेल को वर्ष 2026 से 2030 कार्यकाल के लिए कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

नीरज शुक्ला (लखनऊ), सागर कश्यप (मेरठ) , मुस्तकीम अंसारी (सहारनपुर) को उपाध्यक्ष और वैभव कुमार (लखनऊ), आशीष कुमार ( रायबरेली), सागर सोनी (मथुरा), राजपाल यादव (प्रयागराज) को संयुक्त सचिव, मानसी जायसवाल (लखनऊ) को तकनीकी सचिव, नितेश यादव, सनी कुमार को कार्यकारी सदस्य घोषित किया गया।प्रदेश अध्यक्ष ओ.पी श्रीवास्तव ने कहा कि अगस्त में जम्मू में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता और नवंबर में कंबोडिया में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में प्रदेश खिलाड़ियों के प्रतिभाग और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तैयारी के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा।प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग ने बैठक में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्यक्रमो पर भी चर्चा हुई।

# संघ शिक्षा वर्ग शुरू, 15 दिन तक मिलेगा वैचारिक व शारीरिक प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बरेली । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के ब्रज प्रांत का 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग (सामान्य-शालेय विद्यार्थी) शनिवार से जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर में शुरू हो गया। वर्ग का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में वर्ग संचालन टोली और व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं का परिचय भी शिक्षार्थियों को कराया गया।

मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत के सह प्रांत प्रचारक विनोद ने संघ में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्यकर्ता का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। प्रशिक्षण केवल शारीरिक, बौद्धिक और व्यवस्थात्मक दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वयंसेवक को समाज में समरसता और भयमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है।

उन्होंने बताया कि संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संगठन के प्रारंभिक दौर में ही प्रशिक्षण की आवश्यकता को समझ लिया था। इसी कारण संघ स्थापना के दो वर्ष बाद ही वर्ष 1927 से कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग शुरू कर दिए गए थे। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और गुणों के बल पर ही संघ ने अपनी 100 वर्षों की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है।

विनोद ने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ ने समाज परिवर्तन के लिए 'पंच परिवर्तन' का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्व का भाव तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता जैसे पांच महत्वपूर्ण विषयों को स्वयंसेवकों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

वर्ग के सर्वाधिकारी दीपराज, वर्ग पालक मुनीष, सर्व व्यवस्था प्रमुख विमल और मुख्य शिक्षक अखिलेश सहित अन्य कार्यकर्ता 15 दिनों तक वर्ग स्थल पर रहकर व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। वर्ग परिसर में भारतीय संस्कृति, शास्त्रों, ग्रंथों और महापुरुषों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसे शिक्षार्थी और आगंतुक देख सकेंगे।

# भारतीय रेलवे के सामान्य विद्युत विभाग में विद्युत उपकरणों एवं विद्युत सर्किटों के मानकीकरण को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) रेलवे बोर्ड आर.राजगोपाल के अध्यक्षता में भारतीय रेलवे के सामान्य विद्युत विभाग में विद्युत उपकरणों एवं विद्युत सर्किटों के मानकीकरण (Standardization) के लिए अनुरक्षण अध्ययन समूह (Maintenance Study Group 3rd Meeting) की तीसरी दो दिवसीय बैठक आज 30 मई,2026 को वाराणसी मंडल के भारतेंदु सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर सदस्य रेलवे बोर्ड आर.के. तिवारी,प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर/पूर्वोत्तर रेलवे संजय सिंघल, मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन,मुख्य विद्युत इंजीनियर सामान्य(इंजी) विनय कुमार यादव,कार्यकारी सनिदेशक अरुण कुमार शर्मा, निदेशक विद्युत रख रखाव गौरव कुमार,निदेशक(पावर सप्लाई)रेलवे बोर्ड श्रीमती निशा मनोहर पाटिल,निदेशक अवसंरचना सुरेखा साहू,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) सौरभ राठौर समेत प्रतिनिधि, प्रोडक्शन यूनिट्स के प्रमुख और जोनल रेलवे के प्रमुख विद्युत इंजीनियर उपस्थित थे ।

रेलवे बोर्ड ट्रैक्शन एवं रोलिंग प्लान रेलवे बोर्ड श्री आर.राजगोपाल ने बैठक में रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) आर.राजगोपाल ने बताया की इस उच्चस्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपकरणों और सर्किटों का मानकीकरण करना है ताकि ट्रेन संचालन सुरक्षित, समयबद्ध और दोषमुक्त रहे। इसी क्रम में उन्होंने भारतीय रेलवे पर विद्युत ऊर्जा के प्रबंधन,ग्रीन/नवीकरणीय ऊर्जा, यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षा उपकरणों की विश्वसनीयता, स्मार्ट मानिटरिंग प्रणालियों तथा अनुरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्युत सर्किटों का मानकीकरण (Circuit Standardization) के सम्बन्ध में सभी जोनल रेलवे के संशोधित सर्किट डायग्राम थ्री-फ़ेज लोकोमोटिव में मॉडिफाइड सर्किट डायग्राम और वायरिंग स्कीम के कार्यान्वयन की समीक्षा। इसके साथ ही सुरक्षा प्रणालियों का एकीकरण के लिए विद्युत सर्किटों में कवच और वीसीडी को सर्किट एकीकरण का मानकीकरण करने। शॉर्ट सर्किट एवं फॉल्ट प्रोटेक्शन के लिए विभिन्न सर्किट ब्रेकरों की रेटिंग और रिले सेटिंग्स का पुनर्मूल्यांकन करने। विद्युत उपकरणों का मानकीकरण के लिए विभिन्न वेंडरों द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले ट्रैक्शन मोटर्स, कनवर्टर्स और ट्रांसफार्मर के बाहरी आयामों और कनेक्टर पिन को मानकीकृत करने तथा टक्ष्ट्ट द्वारा तैयार किए गए नए तकनीकी मानकों और विशिष्टताओ को लागू करने की समयसीमा तय की ।

# आनंद विहार टर्मिनल, कामाख्या एक्सप्रेस में लापता दो नाबालिग बालिकाओं को मिला सुरक्षित संरक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में शनिवार को टीटीई की सतर्कता से आनंद विहार टर्मिनल, कामाख्या एक्सप्रेस में यात्रा कर रही लापता दो नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित संरक्षण मिला। टीटीई स्टाफ की सतर्कता एवं संवेदनशीलता के कारण सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया।उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने शनिवार को बताया कि यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए आज गाड़ी संख्या 15622 (आनंद विहार टर्मिनलऽकामाख्या एक्सप्रेस) में यात्रा कर रही दो नाबालिग बालिकाओं को टीटीई स्टाफ की सतर्कता एवं संवेदनशीलता के कारण सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया। गाड़ी में अपनी ड्यूटी पर मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर हेडक्वार्टर के तैनात टीटीई राजेश कुमार सिंह, सचिन कुमार, वीरेन्द्र कुमार मौर्या को टिकट चेकिंग के दौरान कोच संख्या ट्ट-6 में बर्थ संख्या 73 पर दो नाबालिग बालिका नेहा (16), साहिमा (16) बिना टिकट यात्रा करती हुई मिलीं।दोनों बालिकाएं गुमसुम सीट पर बैठीं थी तथा कोई टिकट नहीं था, तब पूछताछ के दौरान बालिकाओं द्वारा संतोषजनक जानकारी न दिए जाने पर टीटीई स्टाफ को संदेह हुआ। आगे की पूछताछ एवं बालिकाओं के परिजनों से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि दोनों बालिकाएं पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता थीं तथा उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना मधु विहार, दिल्ली में दर्ज कराई गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीटीई स्टाफ द्वारा तत्काल कंट्रोल रूम को सूचित किया एवं आरपीएफ तथा चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी गई।गाड़ी के सीतापुर स्टेशन पहुंचने पर दोनों बालिकाओं को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, सीतापुर पर पहुंचाकर चाइल्ड हेल्पलाइन, सीतापुर के प्रतिनिधियों आशीष मिश्रा एवं प्रीति यादव की उपस्थिति में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर सुपुर्द कर दिया गया।

# पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग में विशाल भंडारे का आयोजन

❐ 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से वातावरण बना भक्तिमय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ज्येष्ठ माह के शनिवार के पावन अवसर पर हनुमान भक्ति से सराबोर माहौल में पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग की तरफ से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सपरिवार पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे का आयोजन शनिवार को दोपहर एक बजे से प्रसाद वितरण समाप्ति तक किया गया। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों का रहा। कार्यक्रम में धार्मिक नारों 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भंडारे का शुभारम्भ पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. विकास वर्मा, आर्थोपेडिक विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष कुमार, प्रो. कुमार शान्तनु चिकित्सा अधीक्षक आर्थोपेडिक सुपरस्पेशलिटी बिल्डिंग, डॉ. मधुसुदन , डॉ. सय्यद फैसल अफाक, तथा समस्त सीनियर रेजीडेंट में डॉ. उदित, डॉ. बैभव, डॉ. राहुल,डॉ. शशंक, डॉ. अखिलेश, डॉ. अभिषेक, डॉ. दिपांशु, डॉ. मो.रोशन। इसके अलावा कर्मचारियों में दीपक कुमार वर्मा, संदीप, इरम, फैज, शिल्पा, प्रवीन, अमित, मोहित, धुरव, राहुल कन्नौजिया, शुभम, शशिकांत, रामअशीष, करन,अन्शुल,विनायक, काजल रावत, पूजा, सुजाता, प्रियंका,मंजू, रश्मी, आस्था, रेनुका, आभा, दीपक चौधरी, दीपक सिंह, स्वाती, अनामिका, साथ ही साथ डीएनएस ज्योति मौर्या, सिस्टर इंचार्ज अजय, मधुबाला, साधना, आदि समस्त विभाग के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एनएसएस के दो पूर्व समन्वयक को मिला प्रशस्ति पत्र

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक को भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड,लखनऊ के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना,पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक एवं गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर,जौनपुर इतिहास विभाग के प्रो. राकेश कुमार यादव एवं सहकारी पीजी कॉलेज मिहरावा के अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफ़ेसर एवं पूर्व कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो डॉ राजबहादुर यादव को समाज सेवा, युवा नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अत्यंत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने की विशेष भूमिका रही। इनको राष्ट्रीय सेवा योजना के 19 एवं 20 मार्च,2026 लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सम्मेलन में,(विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका) विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था। जिसमें इन्होंने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना में अपनी भूमिका आदि उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक प्रयास, समर्पण भाव और अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता युवाओं को प्रेरित करने का सदैव मार्गदर्शन की भूमिका निभाने का कार्य किया।जिसके क्रम में भारत सरकार,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, राष्ट्रीय योजना क्षेत्रीय निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना ने इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर शनिवार को कॉलेज और विश्व विद्यालय के लोगों ने मिलकर बधाई शुभकामनाएं दी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 को लेकर महापौर ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा

❒ बैठक में महापौर ने नाला-नाली सफाई और अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के मद्देनजर शनिवार को माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने जोन-8 स्थित जोनल कार्यालय में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, नगर निगम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था, नाला-नाली सफाई, अतिक्रमण हटाने, राजस्व वसूली, विकास कार्यों की प्रगति तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मा0 कार्यकारिणी सदस्य श्री के.एन. सिंह जी, पार्षद श्री कौशलेंद्र द्विवेदी जी, श्री सौरभ सिंह 'मोनू' जी, श्री हिमांशु अंबेडकर जी, नामित पार्षद श्रीमती नेहा सिंह जी, पार्षद प्रतिनिधि श्री लवकुश रावत जी, श्री विमल तिवारी जी, श्री संजीव अवस्थी जी एवं श्री प्रमोद यादव जी उपस्थित रहे। वहीं नगर निगम से अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल श्री कुलदीप सिंह, जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री जितेंद्र गांधी समेत कार्यदायी संस्था लायन एनवायरो के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बरसात के दृष्टिगत नाला एवं नाली सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जून तक सभी नालों एवं नालियों की शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं।

**स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए**

महापौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 को देखते हुए प्रत्येक वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। वार्डवार सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के खिलाफ चलाया जाए विशेष अभियान**

बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण की पहचान कर उसके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध पार्किंग और यातायात बाधित करने वाले कब्जों को हटाने के लिए नियमित अभियान संचालित किया जाए।

महापौर ने कूड़ा उठान व्यवस्था एवं सफाई कार्यों में लगे वाहनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी वाहनों का समय पर रखरखाव कराया जाए तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे बरसात के दौरान सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

# गृहकर पर 8% छूट का आखिरी मौका 31 मई तक रविवार को भी खुलेंगे सभी जोनल कार्यालय

❒ 31 मई तक ऑनलाइन भुगतान पर 8% और ऑफलाइन भुगतान पर 6% की छूट

❒ 1 जून से ऑनलाइन पर 5% और ऑफलाइन पर 4% रह जाएगी छूट, करदाताओं एवं जनगणना कार्यों के लिए रविवार को भी खुले रहेंगे सभी जोनल कार्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने गृहकर जमा करने वाले करदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। गृहकर पर मिलने वाली विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए 31 मई अंतिम दिन है। वर्तमान में ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत तथा ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। ऐसे में करदाताओं के पास अधिक छूट का लाभ लेने का यह अंतिम अवसर है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री अशोक सिंह ने बताया कि 1 जून से गृहकर पर मिलने वाली छूट में कमी कर दी जाएगी। इसके बाद ऑनलाइन भुगतान करने पर 5 प्रतिशत तथा ऑफलाइन भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की ही छूट मिलेगी। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे 31 मई तक अपना गृहकर जमा कर अधिकतम छूट का लाभ उठाएं।

## करदाताओं एवं जनगणना कार्यों के लिए रविवार को भी खुलेंगे जोनल कार्यालय

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय रविवार, 31 मई को भी खुले रहेंगे। कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक गृहकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही जनगणना से संबंधित कार्यों का भी निस्तारण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को अवकाश के दिन भी आवश्यक सेवाएं प्राप्त हो सकें।

## ऑफलाइन माध्यम से भी जमा कर सकेंगे गृहकर

जो करदाता ऑनलाइन भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, वे जोनल कार्यालयों में स्थापित काउंटरों पर जाकर ऑफलाइन माध्यम से गृहकर जमा कर सकते हैं। 31 मई तक ऑफलाइन भुगतान पर 6 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा, जो 1 जून से घटकर 4 प्रतिशत रह जाएगी।

## ऑनलाइन भुगतान को दिया जा रहा बढ़ावा

नगर निगम ने नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करने की अपील की है, जिससे अधिक छूट का लाभ प्राप्त किया जा सके। करदाता घर बैठे नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट lmc.up.nic.in के माध्यम से आसानी से गृहकर जमा कर सकते हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते भुगतान करने का आग्रह किया है।

# महिला से चेन स्नैचिंग करने वाला शातिर गिरफ्तार, लूटी गई चेन व बाइक बरामद

❒ पुलिस ने करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद मोहम्मद शारुख उर्फ शेर खान और उसके साथी आरिफ करेली को दबोचा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । थाना गाजीपुर क्षेत्र में महिला से हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा, एडीसीपी पूर्वी अमोल मुर्कुट और एसीपी गाजीपुर अनिध्य विक्रम सिंह के निर्देशन में काम कर रही थाना प्रभारी गाजीपुर राजेश मौर्य की पुलिस टीम व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार 5 मई 2026 को इरम कॉलेज के पास स्कूटी सवार महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने गले की चेन छीनकर फरार हो गए थे। घटना के बाद थाना गाजीपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद मोहम्मद शारुख उर्फ शेर खान और उसके साथी आरिफ करेली का नाम प्रकाश में आया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 28 मई 2026 को सर्वोदय नगर स्थित कब्रिस्तान के पास बंधा रोड से मोहम्मद शारुख उर्फ शेर खान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बाइक तथा पूर्व की वारदात से संबंधित 8 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने थाना गुडंबा क्षेत्र में 2 मार्च 2026 को महिला से चेन स्नैचिंग की एक अन्य घटना को भी कबूल किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर लखनऊ, प्रयागराज समेत कई जनपदों में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं फरार आरोपी आरिफ करेली की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।फिलहाल पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग परिसर में हादसा, 8 वर्षीय बालक की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के थाना महानगर क्षेत्र स्थित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग परिसर निशातगंज में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। परिसर में संचालित बचपन डे-केयर दृष्टिबाधित बच्चों के विद्यालय के बाहर लगा लोहे का गेट अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक शिवा कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, शिवा कश्यप अपने मामा के यहां आया हुआ था। घटना के समय वह विद्यालय परिसर में लगे झूले पर झूल रहा था। झूला झूलने के बाद जब वह परिसर से बाहर निकल रहा था, तभी वहां लगा लोहे का गेट अचानक भरभराकर गिर पड़ा और वह उसकी चपेट में आ गया।हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग बालक को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महानगर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही की है तथा घटना के सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार गेट गिरने के कारणों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल मौके पर स्थिति शांत एवं सामान्य बनी हुई है।

## एलडीए के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए में शुक्रवार को तीन कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वालों में अनुभाग अधिकारी अनवर अब्बास, अनुचर राम औतार कश्यप और चौकीदार शिव चन्द्र मिश्रा शामिल रहे। इस अवसर पर एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव एवं अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि इन कर्मचारियों ने लंबे समय तक निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं देकर प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से अनुचर पद से सेवानिवृत्त हुए राम औतार कश्यप की सेवाओं की सराहना की गई। उन्होंने एलडीए में करीब 42 वर्षों तक सेवाएं दीं। वर्ष 1998 से वह लगातार उपाध्यक्ष कैंप कार्यालय में कार्यरत रहे। अपनी विनम्रता और व्यवहार कुशलता के कारण वह अधिकारियों, कर्मचारियों और प्राधिकरण में आने वाले आगंतुकों के बीच काफी लोकप्रिय रहे।

## देर रात चोरों का धावा, लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार

**चिनहट ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के चिनहट में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला प्रेम नगर कॉलोनी का है, जहां देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार चिनहट के प्रेम नगर कॉलोनी निवासी अभिषेक चौरसिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रात करीब 2:45 बजे से 3:50 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिवार को हुई, जिसके बाद हड़कंप मच गया।पीड़ित के मुताबिक चोर घर में रखे शादी के जेवरात और अन्य कीमती सामान अपने साथ ले गए। चोरी हुए सामान में एक सोने का हार, पांच पायल, तीन अंगूठियां, छह बिछिया, पांच बच्चों के कड़े, तीन लेडीज कड़े, तीन चांदी की नथ समेत करीब एक लाख रुपये की नकदी शामिल है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## समेसी में बेखौफ चोर, दुकानदारों की नींद हराम, आखिर क्षेत्र में कब रुकेगा चोरी का सिलसिला

❒ रोज-रोज की चोरी से परेशान दुकानदार, समेसी में इलेक्ट्रिक दुकान पर चोरों का बड़ा हाथ

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव में चोरों के बढ़ते दुस्साहस ने स्थानीय व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। समेसी-शुकलवा रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग की दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदार ने नगराम पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। समेसी निवासी ललित पुत्र जयप्रकाश ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग की दुकान से बीते चार-पांच दिनों से लगातार सामान गायब हो रहा था। पहले इसे सामान्य घटना समझकर नजरअंदाज किया गया, लेकिन 27 मई की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। पीड़ित के अनुसार, चोर दुकान में रखा करीब 08 किलो कॉपर, 02 किलो एल्यूमिनियम गडारी, 7-8 कटर मशीनें, कूलर मोटर, टुल्लू मोटर, पंखों के पर, पांच फर्राटा पंखे, गीजर तथा अन्य पुराने इलेक्ट्रिक पार्ट्स चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पहुंचने पर सामान गायब देख उसके होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़ित ने नगराम थाने में लिखित शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की। वहीं क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर ग्रामीणों एवं दुकानदारों ने भी लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। इस मामले में थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में तथ्य सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना कार्य शुरू, परिवार रजिस्टर गायब, मचा हड़कम्प

लखनऊ। भारत सरकार की जातीय जनगणना की शुरुआत हो चुकी है।जिसके तहत मकान गणना की शुरूआत हो चुकी है। वहीं कर्मचारियों की घोर लापरवाही उजागर हुयी है। जहां क्षेत्र में जनगणना के रहे शिक्षक की लापरवाही से लिखा पढ़ी करने का रजिस्टर(पंजिका) ही गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि विकास खंड की बीरपुर पंचायत के दहियाताली मजरे में शिक्षक सौरभ पांडेय अपनी टीम के साथमकान गणना करने पहुंचे थे। जहां मकान गणना कार्य चल रहा था। उसकेथोड़ी ही देर बाद मकान गणना दर्ज करने वाला रजिस्टर ही कहीं हम हो गया। काफी प्रयास के बाद भी रजिस्टर का कोई सुराग नहीं लग पाया। जिससे घंटों कार्य बाधित रहा। जब जनगणना कर्मी शिक्षक सौरभ पांडेय से बात की गयी,तो उन्होंने बताया कि कार्य तो ऑनलाइन किया जाता है, लेकिन रफ रजिस्टर पर इंट्री भी की जाती है।जिससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। कारण कुछ भी हो यह जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में एक जिम्मेदार की घोर लापरवाही को उजागर करता है। रजिस्टर गुम होने से घंटों तुम को परेशानी झेलनी पड़ी,परन्तु रजिस्टर का कोई सुराग नहीं लगा।

# सीएमएस पर शोषण का आरोप, कार्य बहिष्कार पर उतरे सफाईकर्मी

❒ सौ शैया अस्पताल में कर्मचारियों का प्रदर्शन, गैर-निर्धारित कार्य कराने का लगाया आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । शाढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कर्मचारियों ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. वीके शर्मा पर शोषण, अभद्र व्यवहार और निर्धारित जिम्मेदारियों से अलग कार्य कराने का आरोप लगाया है।

अस्पताल परिसर के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें साफ-सफाई के लिए रखा गया है, लेकिन उनसे लगातार अन्य कार्य भी कराए जाते हैं। कर्मचारियों के अनुसार अस्पताल परिसर में सीवर टैंक की सफाई, नगर पंचायत द्वारा लगवाई गई डस्टबीनों की सफाई तथा अस्पताल में बाहर से आने वाले सामान की ढुलाई तक उनसे कराई जाती है। विरोध करने पर दबाव बनाए जाने और प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया गया।सुपरवाइजर हसन जेडी ने बताया कि शनिवार को अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट डॉ. राजेश झा के सेवानिवृत्त होने पर दूसरी मंजिल पर विदाई समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के लिए आई कुर्सियां और मेजें ऊपर पहुंचाने के लिए कर्मचारियों से कहा गया। कर्मचारियों ने इसे अपने कार्यक्षेत्र से बाहर बताते हुए मना कर दिया। आरोप है कि इसके बाद सीएमएस ने नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को अस्पताल छोड़कर चले जाने और दोबारा काम पर न आने की बात कही।घटना के बाद सभी कर्मचारी एकजुट होकर अस्पताल परिसर के बाहर बैठ गए और कार्य बहिष्कार कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी शिकायतों की निष्पक्ष जांच नहीं होगी और उचित कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर, कर्मचारियों के विरोध के चलते अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है।

**21 आउटसोर्स कर्मियों ने एक साथ छोड़ा काम**

राम सागर मिश्र सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में शन फैसिलिटी एजेंसी के माध्यम से 18 सफाईकर्मी, एक माली और दो सुपरवाइजर कार्यरत हैं। शनिवार को विवाद के बाद सभी 21 कर्मचारी एकजुट होकर अस्पताल परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए और कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं होगी और मामले की जांच नहीं होगी, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

**विदाई समारोह बना विवाद की वजह**

शनिवार को चीफ फार्मासिस्ट डॉ. राजेश झा के सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल में विदाई समारोह आयोजित किया गया था। कर्मचारियों के मुताबिक समारोह के लिए आई कुर्सियां और मेजें दूसरी मंजिल तक पहुंचाने को कहा गया। कर्मचारियों ने इसे अपने कार्यक्षेत्र से बाहर बताते हुए मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मामला कार्य बहिष्कार तक पहुंच गया। अब कर्मचारी पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और सीएमएस के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# समर कैंप शिक्षा, रचनात्मकता, कौशल विकास और मनोरंजन का अद्भुत संगम होता है: स्मिता मिश्रा

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिसके माध्यम से ज्ञान, विवेक और सकारात्मक ऊर्जा का आह्वान किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रेड रोज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोमती नगर में आयोजित समर कैंप का समापन शनिवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं अर्जित कौशलों के प्रदर्शन से उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिसके माध्यम से ज्ञान, विवेक और सकारात्मक ऊर्जा का आह्वान किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। आगे चलकर बच्चों ने राधा-कृष्ण नृत्य प्रस्तुति द्वारा भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। समर कैंप के दौरान अर्जित ज्ञान एवं कौशलों का प्रदर्शन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया गया। विज्ञान प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने नवीन वैज्ञानिक अवधारणाओं एवं प्रयोगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कला एवं शिल्प प्रदर्शनी में बच्चों की कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता एवं कलात्मक दक्षता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वहीं नो-फायर कुकिंग गतिविधि में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों ने सभी को प्रभावित किया।

योग प्रस्तुति ने शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। विद्यार्थियों ने कैनवा प्रस्तुति के माध्यम से अपनी डिजिटल रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रोबोटिक्स प्रस्तुति रही, जिसमें नन्हे नवाचारकों ने अपने रोबोटिक मॉडल प्रस्तुत करते हुए उनके कार्य करने की प्रक्रिया को आत्मविश्वासपूर्वक समझाया। उनकी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच ने सभी दर्शकों को प्रभावित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन स्मिता मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को सदैव जिज्ञासु, आत्मविश्वासी एवं सीखने के प्रति उत्साही बने रहने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं समूह छायाचित्र प्रदान किए गए। इसके पश्चात प्रस्तुत फिनाले नृत्य ने पूरे वातावरण को उत्साह, आनंद और उल्लास से भर दिया तथा समर कैंप के सफल समापन को एक यादगार रूप प्रदान किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपाली मखीजा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए चेयरपर्सन महोदया, अभिभावकों, शिक्षकों, समन्वयकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और समर्पण से यह समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। समापन बच्चों के लिए आयोजित आनंददायक रेन डांस के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने संगीत, मस्ती और उत्साह के साथ समर कैंप की मधुर स्मृतियों को संजोया।

यह समर कैंप शिक्षा, रचनात्मकता, कौशल विकास और मनोरंजन का अद्भुत संगम सिद्ध हुआ, जिसने रेड रोज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की समग्र शिक्षा एवं अनुभवात्मक अधिगम के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। विद्यालय की सभी शाखाएँ-राजाजीपुरम, गोमती नगर, कानपुर रोड एवं मोहनलालगंज-निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे नवाचारपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करती रही हैं।

# मितौली के विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

❒ जय श्रीराम और बालाजी महाराज के जयघोष से गूंजा क्षेत्र, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा व जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र की मितौली ग्राम पंचायत शनिवार को आस्था, सेवा और सनातन संस्कृति के रंग में रंगी नजर आई। ग्राम प्रधान विनोद वर्मा के नेतृत्व में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और धार्मिक उत्साह ने पूरे आयोजन को एक भव्य धार्मिक महोत्सव का रूप दे दिया।

भंडारे के दौरान ''जय श्रीराम'' एवं ''बालाजी महाराज की जय'' के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस अवसर पर गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा तथा जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने भी पहुंचकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ग्राम प्रधान विनोद वर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर भंडारे की परंपरा तो वर्षों से चली आ रही है, लेकिन इस बार उनके पुत्र पंकज वर्मा की विशेष इच्छा पर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पुत्र की इस भावना को सम्मान देते हुए परिवार ने श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्रामीणों ने कहा कि मितौली का यह भंडारा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जनसेवा का भी संदेश देता है। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों और युवाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सीतापुर कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी, डीएम ने दिलाई शपथ

❒ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, जनपद शाखा सीतापुर की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन दिनांक 23 मई को सम्पन्न हुआ था

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 द्वारा उ0प्र0 मिनि0 कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, जनपद शाखा सीतापुर के नव निर्वाचित कार्यकारिणीं को पद एवं कर्मचारी हितों के दायित्वों को ध्यान में रखते हुए शासन, प्रशासन से सामंजस्य स्थापित रखते हुए कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं लगन से निर्वहन किये जाने की शपथ दिलायी गयी।

कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की पूर्व कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने कारण उ0प्र0 मिनि0 कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, जनपद शाखा सीतापुर की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन दिनांक 23.05.2026 को सम्पन्न हुआ था, जिसमें विपिन यादव, सौम्य स्वरूप श्रीवास्तव, नीतू कुमारी, प्रमोद कुमार यादव, आनन्द वीर प्रताप सिंह, राहुल वर्मा, मोहित पाण्डेय, देवेश अवस्थी क्रमशः जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, सम्प्रेक्षक, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ामंत्री निर्वाचित किये गये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के प्रवेश द्वार पर पुरुषोत्तम ज्येष्ठ माह में गत वर्षों की भाँति आयोजित किये जाने वाले विशाल भण्डारे का विधिवत हनुमान जी की पूजन-अर्चन करते हुए शुभारम्भ किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने भगवान महावीर हनुमान जी से जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजन के उपरांत जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के बीच स्वयं प्रसाद वितरण किया, जिससे वहां उपस्थित जनमानस में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सिधौली, कलेक्ट्रेट परिवार के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आंधी आने के 5 दिन बाद भी कोरैया गाँव में पसरा अंधेरा

❒ भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

❒ अधीक्षण अभियंता को दी गई मामले में जानकारी,शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महोली, सीतापुर । जनपद में 5 दिन पहले आई तेज आंधी और तूफान ने बिजली विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी है। महोली क्षेत्र के रिछाही इलाके के कोरैया रावतपुर गाँव में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है।चक्रवाती आंधी के कारण गाँव में कई जगह बिजली के खंभे टूट गए और हाईटेंशन लाइन के तार जमीन पर आ गिरे। तीन दिन बीत जाने के बाद भी विद्युत व्यवस्था बहाल न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच बिजली गुल होने से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। सबसे बुरा हाल छोटे-छोटे मासूम बच्चों (नौनिहालों) का है, जो इस तपने वाली गर्मी में बिलखने को मजबूर हैं। स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि बिजली न रहने से गाँव में पेयजल (पानी) का संकट भी खड़ा हो गया है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली गुल होने और खंभे टूटने की सूचना तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई थी। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल आज हो जाएगा,कल हो जाएगा का रटा-रटाया आश्वासन दे रहे हैं। धरातल पर समस्या का समाधान करने के लिए अब तक कोई भी विभागीय अधिकारी या लाइनमैन मौके पर नहीं पहुँचा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद महोली विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों के ढुलमुल रवैए के कारण सरकार के दावों की धज्जियाँ उड़ रही हैं।गंभीर बात यह है कि ग्रामीणों के घरों के ठीक सामने बिजली के भारी-भरकम खंभे टूटे पड़े हैं और रास्ते में हाईवोल्टेज तार फैले हुए हैं। इससे गाँव में कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना या जानलेवा दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल मामले का संज्ञान लेकर बिजली आपूर्ति शुरू करवाने और टूटे तारों को हटवाने की माँग की है।इस संबंध में लोगों ने चीफ इंजीनियर सीतापुर को मामले की जानकारी दी है अब देखना होगा कि समस्या का समाधान कब तक हो जाएगा ।

# सीतापुर के प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र 'संस्कृत महामहोपाध्याय' उपाधि से अलंकृत

❒ सीतापुर के लाल को हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज ने दी सर्वोच्च मानद उपाधि, जिले में हर्ष की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर, सीतापुर। जनपद के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के सबसे बड़े शिक्षा के केंद्रों तक अपनी विद्वता का लोहा मनवाने वाले प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र ने इतिहास रच दिया है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयागराज द्वारा इसके महान समुन्नायक डॉ. प्रभात शास्त्री की 108 वीं जयंती के पावन अवसर पर प्रो. मिश्र को 'संस्कृत महामहोपाध्याय' की प्रतिष्ठित मानद उपाधि से नवाजा गया है। इस महा-सम्मान की खबर मिलते ही पूरे सीतापुर जनपद और उनके गृह क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

लालपुर से प्रयागराज तकः सारस्वत साधना का अद्भुत सफर,शेष पं. श्री देवदत्त जी के सुपुत्र प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र मूल रूप से सीतापुर के केदार टाण्डा (लालपुर बाजार) के रहने वाले हैं। लालपुर और लहरपुर की मिट्टी से माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रो. मिश्र की उच्च शैक्षणिक यात्रा लखनऊ विश्वविद्यालय से शुरू हुई थी। अपनी कड़ी मेहनत और अद्वितीय प्रतिभा के दम पर उन्होंने डी.लिट्. तक की यात्रा पूरी की। आज वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, साथ ही अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ के मंत्री पद की गरिमा भी बढ़ा रहे हैं,संस्कृत जगत के 'महानायक' हैं प्रो. मिश्र प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र का जीवन किसी प्रेरणास्त्रोत से कम नहीं है। संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए उनका योगदान अतुलनीय है:20 से अधिक कालजयी ग्रंथों का लेखन और प्रकाशन।100 से अधिक उच्च स्तरीय शोध पत्र प्रकाशित।10 से अधिक प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं का संपादन,200 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता और अध्यक्षता,10 से अधिक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित।इस सर्वोच्च मानद उपाधि से अलंकृत होने के बाद प्रो. मिश्र ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुन्तक मिश्र, सभापति प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित, उपसभापति विभूति मिश्र और डॉ. प्रभात शास्त्री के समस्त परिजनों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।प्रो. मिश्र की इस अकल्पनीय और गौरवमयी उपलब्धि से उनके परिवार के वरिष्ठ सदस्यों सहित पूरे क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।इस ऐतिहासिक पल पर जगतपाल मिश्र, ओम कमल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ओम प्रकाश मिश्र, प्रधानाचार्य दिव्यकृष्ण मिश्र, ब्रह्मप्रकाश, दिवाकर, सुधाकर मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद वाजपेई, कनौजीलाल वर्मा, राकेश रस्तोगी, कपिल अवस्थी, पत्रकार अंकित दीक्षित , राजेश मिश्र,सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने अपनी असीम प्रसन्नता व्यक्त की है और इसे सीतापुर के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया है।

# सड़क सुरक्षा पर डीएम सख्त, बोले, नियम तोड़ने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव, एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का विषय है। परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य प्रमुख मार्गों पर आवश्यक संकेतकों तथा निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सड़क पर स्पष्ट संकेतक और गति सीमा की जानकारी दुर्घटनाओं को कम करने में अहम भूमिका निभाती है।

बैठक में डीएम ने मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले टी-जंक्शनों को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां रंबल स्ट्रिप बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए तैयार कार्ययोजना और अब तक किए गए सुधारात्मक उपायों की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। डीएम ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा से विद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की स्थिति और उनकी सक्रियता की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का संदेश देने पर जोर दिया।

बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाहियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जबकि सीओ ट्रैफिक ने पुलिस विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर पांच से अधिक चालान लंबित हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा संबंधी अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।

## इनकी रही मौजूदगी

बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# बिजली संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा मझिगवां उपकेंद्र पर सड़क पर उतरे ग्रामीण

❒ तपती धूप में किसानों संग धरने पर बैठे सपा नेता कार्तिक तिवारी, एसडीओ को भी सड़क पर बैठकर करनी पड़ी वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी खीरी। बिजली की लगातार खराब व्यवस्था और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीणों व किसानों का गुस्सा आखिरकार मझिगवां विद्युत उपकेंद्र पर फूट पड़ा। किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी नेता कार्तिक तिवारी भी मौके पर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच किसान सड़क पर बैठकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। किसानों के साथ धरने पर बैठे सपा नेता कार्तिक तिवारी ने अधिकारियों से कहा कि जब किसान कई घंटों से धूप में बैठे हैं तो अधिकारियों को भी उनकी समस्या समझनी चाहिए। इसी दौरान उन्होंने एसडीओ को भी सड़क पर बैठकर किसानों से वार्ता करने को मजबूर कर दिया।काफी देर चली बातचीत के बाद अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फीडर पर वर्तमान से अधिक विद्युत आपूर्ति देने की बात कही गई।आश्वासन मिलने के बाद किसानों का आक्रोश कुछ शांत हुआ, हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज को मिलती है दिशाः विधायक अरविंद सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) ने संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने पत्रकार बुद्धदेव शर्मा, अखिलेश मिश्रा, विशेक मिश्रा आले नवी तथा कवियत्री सुमन पाठक, कौशलेन्द्र मिश्र, अजय अवस्थी अनुरागी, पीयूष शर्मा, फैसल फैज और अर्शियान अर्श को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक अरविन्द सिंह ने कहा कि आज पत्रकारिता विषम परिस्थिति में की जा रही है। सजग और सकारात्मक पत्रकारिता से सभी का भला होता है। उन्होंने अपना संस्मरण भी सुनाया कि कैसे एक खबर से मुख्यमंत्री ने छह करोड़ रुपए सड़क के लिए रिलीज कर दिए, ये अलग बात है कि उस क्षेत्र में छह वोट भी नहीं मिले। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है। पत्रकार समाज की आंख, कान और आवाज होता है, जो जनभावनाओं, समस्याओं और मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम करता है। निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज को दिशा मिलती है। पत्रकारों को निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में फैसल फैज ने शहर हमारा सच्चा था शीर्षकीय कविता और सुमन पाठक ने कविता के माध्यम से पुराने समय का चित्र खींचकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में पत्रकार बलराम शर्मा ने कहा कि इस समय पत्रकारिता की दशा और दिशा, दोनों ही खराब है। चुनौतियां बहुत हैं। डिजिटल युग में पत्रकारिता की रेंज बढ़ी है, लेकिन साख कम हुई है। इसे मजबूत करने की जरूरत है। पत्रकार प्रेमशंकर गंगवार ने कहा कि आज पत्रकारिता में जो लोग आ रहे हैं, वह न पढ़ना चाहते और न ही सीखना। नई तकनीक का इस्तेमाल भी बुद्धिमत्ता से नहीं करते। ये लंबे समय तक चलने वाली नहीं। कार्यक्रम में उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इरफान, उपजा जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, संजीव गुप्ता आदि ने भी पत्रकारिता की दिशा, दशा और चुनौतियां शीर्षक पर अपने- अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम से पूर्व उपजा के जिला महासचिव पंकज सक्सेना ने मुख्य अतिथि विधायक अरविन्द सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार शर्मा, संजीव गुप्ता, उपजा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, रामलड़ैते तिवारी, एमआई खान, स्वदेश शुक्ला, शिवकुमार, विवेक वर्मा, मनोज प्रबल, दीप श्रीवास्तव, महमूद खान, आशीष शुक्ला, नरेंद्र सक्सेना, महेंद्र चावला आदि ने विधायक व अतिथियों का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपजा जिला इकाई में सक्रिय योगदान को देखते हुए फैसल फैज को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा महमूद खान को जिला सचिव मनोनीत किया गया।

## महापुरुष की प्रतिमा पर अशोभनीय माला पहनाने का आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात थाना तिलहर क्षेत्र में बिरियागंज पुलिस चैकी के पास पार्क में स्थापित आंबेडकर प्रतिमा पर किसी शरारतीतत्व ने अशोभनीय माला पहना दी। शनिवार सुबह जानकारी मिलने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक जांच-पड़ताल की और महापुरुष की प्रतिमा को अशोभनीय माला पहनाने में संलिप्त युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सामान्य है।

## अपहरण व दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने अपहरण व दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 20 मई को थाना जैतीपुर पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री को क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी विकास पुत्र प्रेम सिंह बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया और अपह्रता तथा आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने अपह्रता को सकुशल बरामद किया और उसके बयानों के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म आदि की धाराओं की वृद्धि की। इसी क्रम में थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त विकास को खेडा रठ चौराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के उपनिरीक्षक इतेश तोमर के साथ कास्टेवल शिव डागर मौजूद रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर सीएमओ कार्यालय में संगोष्ठी




**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू का सेवन न करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने तंबाकू उत्पादों से होने वाले जानलेवा नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने धुआं रहित और धुआं वाले तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों को अलग-अलग रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ?धुआं रहित तंबाकू उत्पाद (खैनी, गुटका, पान मसाला आदि) चबाने वाले तंबाकू उत्पादों से मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर), जीभ, गले और मसूड़ों की बीमारियां होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। यह उत्पाद सीधे तौर पर पाचन तंत्र को भी नुकसान पहुंचाते हैं। धुआं वाले तंबाकू उत्पाद (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का आदि), इनके सेवन से फ़ेफड़ों का कैंसर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, दिल का दौरा (हार्ट अटैक) और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियां होती हैं। यह सीधे तौर पर श्वसन तंत्र को नष्ट कर देता है। **पैसिव स्मोकिंग' भी है बेहद खतरनाक-** सीएमओ ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तंबाकू का धुआं सिर्फ पीने वाले को ही नहीं, बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोगों को भी समान रूप से बीमार बनाता है। इसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। जन जागरूकता फैलाते हुए उन्होंने कहा कि धूम्रपान करने वालों के संपर्क में आने से निर्दोष लोग भी फ़ेफड़ों और दिल की बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। संगोष्ठी में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा यदि कोई गर्भवती माता तंबाकू उत्पादों का सेवन करती है या किसी अन्य के धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आती है, तो इसका सीधा और घातक असर उसके गर्भ में पल रहे बच्चे पर पड़ता है। इससे समय से पहले प्रसव (प्री-मैच्योर डिलीवरी), बच्चे का वजन कम होना और बच्चे में जन्मजात विकृतियां होने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम के दौरान एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, और डिप्टी सीएमओ व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद वर्मा सहित जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल यादव ने भी तंबाकू मुक्ति को लेकर अपने-अपने विचार साझा किए और स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय वर्मा द्वारा किया गया। संगोष्ठी के अंत में सभी ने जिले को तंबाकू मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# ट्रांसफर में भी 'पारदर्शिता मॉडल', सीडीओ अभिषेक कुमार ने बदली व्यवस्था की तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ न चक्कर, न सिफारिश, कर्मचारियों की पसंद से मिली तैनाती

❒ खुली बैठक में बताईं रिक्तियां, कर्मचारियों ने खुद चुना ब्लॉक, हाथों-हाथ मिला आदेश

लखीमपुर खीरी । स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर अक्सर उठने वाले सवालों और चर्चाओं के बीच लखीमपुर खीरी में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने पारदर्शिता और सुशासन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी चर्चा विकास भवन से लेकर गांवों तक हो रही है। शासन की स्थानांतरण नीति का अक्षरशः पालन करते हुए सीडीओ ने कर्मचारियों को उनकी पसंद के अनुसार तैनाती देकर व्यवस्था में भरोसे का नया अध्याय जोड़ा है।

ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग में वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया इस बार पूरी तरह खुली और पारदर्शी रही। विकास भवन में आयोजित प्रक्रिया के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं कर्मचारियों के सामने विभिन्न ब्लॉकों की रिक्तियां प्रदर्शित कराईं और फिर उनकी वरीयता के आधार पर तैनाती सुनिश्चित की।पंचायती राज विभाग में 114 ग्राम पंचायत अधिकारियों के सापेक्ष स्थानांतरण योग्य 11 कर्मचारियों तथा ग्राम विकास विभाग में 102 ग्राम विकास अधिकारियों के सापेक्ष 10 कर्मचारियों को उनकी इच्छा के अनुरूप नए कार्यक्षेत्र आवंटित किए गए। इतना ही नहीं, चयन प्रक्रिया पूरी होते ही मौके पर स्थानांतरण आदेश भी सौंप दिए गए। *पहले एजुकेटर भर्ती, अब ट्रांसफर में भी पारदर्शिता*सीडीओ अभिषेक कुमार का यह कदम इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इससे पहले 120 एजुकेटर पदों पर भर्ती प्रक्रिया को भी उन्होंने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया था। पहले दिन परीक्षा, परिणाम और मेरिट घोषित की। वही डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन, विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया एक ही दिन में पूरी कराकर अभ्यर्थियों की पसंद के अनुरूप स्कूल आवंटित किए गए थे। उसी दिन नियुक्ति पत्र भी वितरित कर दिए गए थे।

## प्रशासनिक कार्यशैली बनी चर्चा का विषय

कम समय में तेज निर्णय, नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन और हर प्रक्रिया को खुला एवं पारदर्शी बनाने की कार्यशैली ने सीडीओ अभिषेक कुमार को अलग पहचान दी है। ट्रांसफर प्रक्रिया के इस मॉडल ने न केवल कर्मचारियों का भरोसा बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि प्रशासनिक निर्णय निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ लिए जाएं तो विवादों की संभावना स्वतः समाप्त हो जाती है।

# आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी करने वाले 6 गिरफ्तार, अन्य की तलाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर भाटनटोला कॉलोनी में दबिश देकर आईपीएल मैच में सटटे की खाईबाड़ी करते हुए 06 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के रहने वाले पराक्रम, विश्वेष, पुरूषार्थ, बाल गोविन्द, कोतवाली क्षेत्र का नीतेश और थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र का रहने वाला प्रखर है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग मोबाइल के जरिए आईपीएल मैचों में सट्टा लगवाते हैं और क्यूआर कोड के माध्यम से रुपयों का आदान प्रदान करते हैं। इसके अलावा अभियुक्त नीतेश के घर पर जुआ खेलते हैं और उसे जुआ खेलने का 10 हजार रूपया महीना देते हैं। बताया कि वो लोग बुकी बकार, देवेश और शेर मोहम्मद से मोबाइल के माध्यम से उक्त सट्टे की रकम आईपीएल में लगवाते हैं। फिलहाल, पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस फरार अभियुक्त बकार, देवेश और शेर मोहम्मद की तलाश में है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## आयुष्मान कार्ड, एचपीवी टीकाकरण, आभा आईडी एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

सम्भल (बहजोई)। आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) द्वारा जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी), कार्यरत चिकित्सकों, अन्य कार्मिकों तथा संचालित स्वास्थ्य इकाइयों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। साथ ही पूर्व बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की आख्या भी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान जनपद में प्रस्तावित 34 नवीन उपकेन्द्र भवनों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की समीक्षा की गई। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि 10 उपकेन्द्रों हेतु अभी भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित 10 उपकेन्द्रों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ट्रॉमा सेंटर को लेकर भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएचसी रजपुरा के अन्तर्गत बनाए गए कार्डों की संख्या के संबंध में एमओआईसी से जानकारी प्राप्त की तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण को मिशन मोड में संचालित करने पर विशेष बल दिया। समीक्षा बैठक के दौरान डीपीएम को निर्देशित किया गया कि समीक्षा पुस्तिका में सभी महत्वपूर्ण आंकड़े सम्मिलित किए जाएं तथा राज्य स्तर पर जनपद की रैंकिंग एवं अन्य जनपदों की रैंकिंग के तुलनात्मक आंकड़ों को भी शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक एमओआईसी एवं स्वास्थ्य कार्मिक अपने दायित्वों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर लगने वाले समय का स्पष्ट फ्लो-चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक पीएचसी पर चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

आभा आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शिविरों के आयोजन की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि आभा आईडी सहित अन्य जनकल्याणकारी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संयुक्त शिविर आयोजित किए जाएं। आरसीएच फीडिंग की समीक्षा के दौरान बीपीएम को डेटा फीडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। ई-संजीवनी ओपीडी की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक ब्लॉक को न्यूनतम 10 परामर्श प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एनक्यूएएस, एचआईवी टेस्टिंग, लिंकेज लॉस, साईं कृपा सेवा संस्थान तथा रेड रिबन क्लब की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक 15 दिन में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की जाए, जिसमें सभी संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। साथ ही इन बैठकों के कार्यवृत्त पर जिला स्वास्थ्य समिति की आगामी बैठकों में समीक्षा एवं चर्चा सुनिश्चित की जाए।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर काशी पत्रकार संघ में संगोष्ठी

एजेंसी

वाराणसी। पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली चेतना है। वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म ने संचार और पत्रकारिता के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। हिन्दी पत्रकारिता भी इस परिवर्तन से अछूती नहीं रही। यह विचार शनिवार को काशी पत्रकार संघ की ओर से पराड़कर भवन में आयोजित डिजिटल युग में हिन्दी पत्रकारिता की चुनौतियाँ, संभावनाएँ (सोशल मीडिया, फ़ेक न्यूज डिजिटल प्लेटफॉर्म और बदलती पाठक संस्कृति) विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ इंदीवर ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता का विस्तार अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है और वह वैश्विक स्तर पर करोड़ों पाठकों तक पहुँच रही है। किन्तु इस तकनीकी विकास के साथ अनेक चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। सबसे बड़ी चुनौती फ़ेक न्यूज़ और भ्रामक सूचनाओं की है। सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के खबरें तेजी से प्रसारित हो जाती हैं, जिससे समाज में भ्रम, तनाव और अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे मीडिया को बचने की जरूरत है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता की मूल आत्मा सत्य, निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर आधारित होती है, लेकिन डिजिटल प्रतिस्पर्धा और त्वरित प्रसारण की होड़ में कई बार इन मूल्यों की उपेक्षा दिखाई देती है। प्रो. श्रद्धानंद ने कहा कि पत्रकारिता में संवेदनाएँ आवश्यक हैं। पत्रकारिता कभी एक मिशन हुआ करती थी, जिसका उद्देश्य समाज में जागरूकता, न्याय और जनहित को बढ़ावा देना था। समय के साथ यह मिशन कई स्थानों पर व्यवसाय और प्रोफ़ेशन में परिवर्तित होता दिखाई देता है।

सोच विचार पत्रिका के संपादक वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि बदलती पाठक संस्कृति भी पत्रकारिता के लिए नई चुनौतियाँ और अवसर लेकर आई है। आज का पाठक त्वरित, संक्षिप्त और तथ्यपरक सामग्री चाहता है। ऐसे में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ विषय की गहराई और विश्वसनीयता पर भी ध्यान देना होगा। मीडिया को आत्ममुग्धता से बाहर निकलकर समाज के प्रति अपनी जवाबदेही को समझना होगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने की। अतिथियों का स्वागत महामंत्री जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संचालन वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु उपाध्याय, धन्यवाद, कोषाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश श्रीवासव ने किया। इस मौके पर साहित्यकार बेनी माधव मिश्र, जिला लाइब्रेरियन कंचन सिंह परिहार, शिव कुमार पराग, शैलेन्द्र कुमार, मासूम, कापसं के पूर्व अध्यक्ष बी बी यादव,डॉ. अत्रि भारद्वाज, पूर्व महामंत्री अखिलेश मिश्र, उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला, प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदन रुपानी, उपाध्यक्ष देवकुमार केशरी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश यादव, संजय मिश्र, शिवदास, अजय राय, कृष्ण बहादुर रावत, ओंकार तिवारी, रोहित चतुर्वेदी, पंकज त्रिपाठी, सुशील कुमार मिश्र, राजेन्द्र यादव, राजेश सेठ, शैलेन्द्र भारती, अरुण मालवीय आदि मौजूद रहे।

## एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते सिपाही को रंगे हाथ दबोचा, एसपी ने किया निलंबित

अमेठी। भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन की अयोध्या टीम ने जायस कोतवाली में तैनात एक सिपाही को 09 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने आरोपित सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, जायस कोतवाली में तैनात सिपाही चंदन कनौजिया ने एक प्रार्थना पत्र के निस्तारण तथा दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के नाम पर शिकायतकर्ता से रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एंटी करप्शन ब्यूरो को दी, जिसके बाद मामले का सत्यापन कराया गया। सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। शनिवार को शिकायतकर्ता द्वारा तय रकम दिए जाने के दौरान टीम ने सिपाही चंदन कनौजिया को 09 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित सिपाही को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। एंटी करप्शन टीम मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# डिजिटल होते युग के बावजूद पेपर लेस कार्य संभव नहीं : अरविंद कुमार सिंह

एजेंसी



## भावी पीढ़ी का पुस्तकों से दूर होना चिंताजनक : डॉ.मंजूषा

## वरिष्ठ पत्रकार विवेकानन्द पाण्डेय की पुस्तक उठान के दिन का हुआ समारोहपूर्वक विमोचन

अयोध्या । हिंदी पत्रकारिता के 200 गौरवशाली वर्ष के अवसर पर शहर के सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सभागार में वरिष्ठ पत्रकार विवेकानन्द पाण्डेय की ''उठान के दिन'' पुस्तक का विमोचन समारोहपूर्वक आयोजित हुआ। इस दौरान पत्रकारिता परिचर्चा और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सोशल एक्शन फॉर प्रोग्रेसिव नेशन फाउंडेशन (सपना फाउंडेशन) की ओर से आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार व लेखक अरविंद कुमार सिंह ने कहा की संदर्भ, इतिहास और संस्मरणों को संजोने का सशक्त माध्यम पुस्तक होती है। किसी संस्मरणों को जब संजोया जाता है तब वह जीवंत हो उठते हैं। पत्रकारिता समाज के साथ इतिहास को गढ़ने का कार्य करती है। उन्होंने अपने कई संस्मरणों को साझा करते हुए विमोचित पुस्तक ''उठान के दिन'' को भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। कहा कि डिजिटल होते युग में लेस पेपर तो संभव है, पर पेपर लेस कार्य संभव नहीं हैं। जिस दिन लेखन और पठन-पाठन बंद होगा समाज में अस्थिरता पैदा हो जाएगी।

अध्यक्षता कर रहीं राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज (मनूचा) की प्राचार्या डॉ. मंजूषा मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में हम पुस्तकों से दूर हो रहे हैं। पुस्तकों का लेखन साहित्य के प्रति प्रेम को सहज ही प्रकट करता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार त्रियुग नारायण तिवारी ने पुस्तक और पत्रकारिता के कई आयामों की विस्तार से चर्चा की। आकाशवाणी अयोध्या केंद्र के सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) अनिल सिंह, कार्यक्रम प्रमुख संजय धर द्विवेदी, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मणि शंकर तिवारी और एसएसवी इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने भी समारोह को संबोधित किया।

इसके पहले आपस प्रकाशन के संपादक- प्रकाशक डॉ. विंध्यमणि ने उठान के दिन पुस्तक की विस्तार से चर्चा की। राज्य पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक अनूप मल्होत्रा ने स्वागत और सपना फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. स्वदेश मल्होत्रा ने धन्यवाद व्यक्त किया। समारोह का संचालन उठान के दिन पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार विवेकानंद पाण्डेय विवेक ने किया।

कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 21 वर्ष का कठोर कारावास

मीरजापुर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश मीरजापुर की अदालत ने शनिवार को नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 21 वर्ष के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 29 मई 2019 को चुनार थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 130/2019 में वादी ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मामले में धारा 363, 366, 376 भारतीय दंड संहिता तथा 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के उपरांत आरोपित के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपित साजन उर्फ दीपक कुमार पुत्र ज्ञान सागर निषाद, निवासी औरा, थाना चांदपुर, जनपद फतेहपुर को दोषसिद्ध पाया।

## मुरादाबाद के केशव थापा 13वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में टेक्निकल रेफरी बने

मुरादाबाद। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के टेक्निकल डायरेक्टर केशव थापा का चयन 13वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए टेक्निकल रेफरी के रूप में हुआ है। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि यह प्रतियोगिता उत्तराखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा ताइक्वांडो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 31 मई से दो जून तक हल्द्वानी जिले के अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स इंदौर स्टेडियम के आयोजित होगी। इसमें देशभर से लगभग एक हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। मुरादाबाद के लिए यह बहुत हर्ष की बात है कि जिले के राष्ट्रीय रेफरी केशव थापा इस प्रतियोगिता में टेक्निकल रेफरी की भूमिका निभाते नज़र आएंगे। इसी के साथ जिले के 10 खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सभी पदाधिकारी एवं कोचेस सहित अफ़ज़ाल हुसैन, सुमित शर्मा, अर्जुन थापा, अरविंद सिंह, शोभित भारद्वाज, संदीप कुमार, वैष्णवी आदि ने केशव थापा को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## गैर-इरादतन हत्या के मामले में दो दोषियों को सात-सात साल की सजा

देवरिया,। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते ''ऑपरेशन कन्विक्शन'' अभियान के तहत गैर-इरादतन हत्या के एक मामले में न्यायालय ने शनिवार को दो दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय ने थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमे से संबंधित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार गौड़ तथा नथुनी कुमार गौड़ को दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ ही प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## पत्रकारों के हितों के लिए जल्द ठोस कदम उठाएगी सरकार : राज्य मंत्री हंसराज

वाराणसी। वाराणसी में शिवपुर स्थित एक होटल में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म दिया है और जिससे पत्रकारिता में और भी प्रमाणिकता आ गई है। समाचार पत्रों से निकल कर पत्रकारिता अब डिजिटल प्लेटफॉर्म तक भी आ गई है। पत्रकार दिन रात मेहनत करते दिखते हैं। उनके जीवन में किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना के लिए हमारी सरकार जल्द ही कुछ ठोस कदम उठाएगी। मैं पत्रकारों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए, दिनरात डटे रहने के लिए आह्वाहन करता हूं। उत्तर प्रदेश एसोशिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की वाराणसी इकाई के हिंदी पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रख्यात तबला वादक अशोक पाण्डेय और उनके सहयोगी सहदेव मिश्र के संगीत से हुआ। विशिष्ठ अतिथि बी. एस. सुब्रमण्यम मणि ने कहा कि पत्रकारों के लिए रात में भी समाचार होगा तो वह जोखिम उठाकर के वहां पहुंचते हैं। जैसे समाज में सच दिखाने के लिए वह चिंतित रहते हैं, उसी तरह हमें भी पत्रकारों के लिए चिंतित होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा ने विभिन्न संस्थाओं के पत्रकारों विकास पाठक, शरद बाजपेई, सुभाष दुबे, सुरेश प्रताप सिंह, योगेश कुमार गुप्त, प्रदीप उपाध्याय का माला पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान हुआ। उत्तर प्रदेश एसोशिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की वाराणसी इकाई के अध्यक्ष विनोद बागी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने तमाम समस्याएं हैं एवं संगठन के माध्यम से राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा से मांग करते हैं कि वह पत्रकारों की बात को उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया तक पहुंचाएं। जिससे पत्रकारों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस अवसर पर पत्रकार संगठन के महामंत्री मोनेश श्रीवास्तव, काशी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष केडीएन राय, पूर्व अध्यक्ष योगेश गुप्ता, विकास बागी, आलोक श्रीवास्तव, अशोक विश्वकर्मा सहित तमाम पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## संभल की शाही जामा मस्जिद के शाही इमाम पर जमीन फर्जीवाड़ा मामले में मुकदमा दर्ज

संभल,। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की सदर तहसील क्षेत्र में स्थित शाही जामा मस्जिद के इमाम आफताब हुसैन और उनके भाई मेहताब हुसैन सहित कई राजस्व कर्मियों पर ग्राम समाज की लगभग पांच करोड़ रुपये कीमत की जमीन में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि जनपद संभल के ग्राम सुल्तानपुर बुजुर्ग के लेखपाल ने कल थाना संभल में उपस्थित होकर एक शिकायती पत्र दिया। उसमें उन्होंने बताया कि सैफ खां सराय में आफताब हुसैन और मेहताब हुसैन ने राजस्व कर्मियों से मिलकर ग्राम समाज की बेसकीमती जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। इसके बाद गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर वक्फ में संपत्ति दर्ज करा दी। इस जमीन पर पौधरोपण होना था। इस प्रकरण पर लेखपाल और उच्चाधिकारियों ने जांच करने के उपरांत यह तथ्य सामने आया है। तथ्य सामने आने के बाद राजस्व कर्मियों द्वारा दी गयी तहरीर पर संभल थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। मेहताब हुसैन, आफताब हुसैन और और लिप्त राजस्व कर्मियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। आगे की विधि कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। अनुमान है कि यह सम्पत्ति पांच करोड़ रुपये से अधिक कीमत की है।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले की पुलिस की प्रभावी पैरवी और सशक्त साक्ष्यों के आधार पर ''ऑपरेशन कन्विक्शन'' अभियान के तहत विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट की अदालत ने हत्या के एक चर्चित मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड लगाया है। विशेष लोक अभियोजक संजय चौरसिया ने बताया कि अदालत ने सत्र परीक्षण संख्या 58/2019 से संबंधित मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी मिश्रौली कोइलार निवासी दिलीप उर्फ टार्जन दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय के इस निर्णय को पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सैटेलाइट बस स्टेशन पर चला अभियान, 12 डग्गामार ईको वाहन बंद, बस का चालान

बरेली । परिवहन विभाग और रोडवेज की संयुक्त टीम ने सैटेलाइट बस स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर अवैध यात्री वाहनों और अनधिकृत स्टैंड संचालकों पर शिकंजा कसा। कार्रवाई के दौरान एक बस का चालान किया गया, जबकि 12 डग्गामार ईको वाहनों का संचालन बंद कराया गया। अवैध स्टैंड हटवाकर संचालकों को भविष्य में दोबारा ऐसी गतिविधियां न करने की चेतावनी भी दी गई।

## परिवीक्षाधीन आईपीएस मानसी दहिया का वाराणसी में व्यावहारिक प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारी मानसी दहिया का जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर शनिवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल सहित अन्य अफसरों ने भावभीनी विदाई दी। पुलिस कमिश्नर के कैंप कार्यालय में 77वें आरआर(वर्ष 2023) बैच की परिवीक्षाधीन आई0पी0एस0 के स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित समारोह में पुलिस कमिश्नर ने मानसी दहिया को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासित कार्यशैली, प्रभावी नेतृत्व क्षमता की सराहना की। जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया। अपने जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान मानसी दहिया ने कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न पुलिस इकाइयों एवं शाखाओं में कार्य करते हुए पुलिसिंग के विविध आयामों का गहन अनुभव प्राप्त किया। पुलिस आयुक्त ने उन्हें थाना चोलापुर का स्वतंत्र प्रभार 12 सप्ताह के लिए सौंपा था, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा सुनिश्चित करने तथा थाना प्रशासन के प्रभावी संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में पुलिस कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन हुआ तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद एवं विश्वास स्थापित करने की दिशा में सराहनीय कार्य किए गए। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आईपीएस मानसी दहिया ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उत्कृष्ट समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया।

उन्होंने जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, महिला एवं पीड़ित से संबंधित प्रकरणों की संवेदनशील सुनवाई तथा थाना प्रबंधन से जुड़े प्रशासनिक कार्यों का नेतृत्व भी दक्षतापूर्वक किया। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण भी दिखा। समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त ने मानसी दहिया को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया

# गोवा में मीरजापुर की बेटी का जलवा, 50 की उम्र में जीता स्वर्ण और कांस्य पदक

एजेंसी



मीरजापुर। उम्र महज एक संख्या है, यह साबित कर दिखाया है मीरजापुर के चुनार की नीलू मिश्रा ने। गोवा के बेंबोलिम स्टेडियम में 30 और 31 मई को आयोजित तीसरी नेशनल वूमेन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

देश के विभिन्न राज्यों से 30 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक की महिला खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उत्तर प्रदेश टीम की कप्तान के रूप में हिस्सा लेने वाली नीलू मिश्रा ने 50+ आयु वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस स्पर्धा में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी दूसरे तथा कर्नाटक की खिलाड़ी तीसरे स्थान पर रहीं।

यहीं नहीं, नीलू मिश्रा ने 50+ आयु वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में असम की खिलाड़ी प्रथम और कर्नाटक की खिलाड़ी द्वितीय स्थान पर रहीं।मास्टर्स एथलेटिक्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली और खेलों के प्रति प्रेरित करना है। प्रतियोगिता को भविष्य में एशियाई स्तर तक विस्तारित करने की भी योजना है।

नीलू मिश्रा की इस उपलब्धि से उत्तर प्रदेश समेत मीरजापुर जिले में खुशी की लहर है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि खेलों में जुनून और समर्पण के सामने उम्र कभी बाधा नहीं बनती। उनकी उपलब्धि महिला खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# लोकतंत्र की मजबूती में निष्पक्ष पत्रकारिता की अहम भूमिका : राजेश कुमार

एजेंसी



अयोध्या,। पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को अयोध्या के अरुंधती रेस्टोरेंट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान समय में पत्रकारिता के समक्ष उपस्थित चुनौतियों, सामाजिक दायित्वों और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का शुभारंभ मंडलायुक्त राजेश कुमार, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, उदासीन आश्रम के महंत भरत दास, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा तथा पूर्व सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार कमलाकांत सुंदरम ने किया। अतिथियों के प्रति आभार भानु प्रताप सिंह एवं आशुतोष पाठक ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगत ऋषि आश्रम रानोपाली के महंत भरत दास महाराज ने कहा कि पत्रकारिता वर्तमान समय में कठिन दौर से गुजर रही है, लेकिन यदि पत्रकार निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर कार्य करते रहेंगे तो समाज और आमजन को उसका लाभ मिलता रहेगा। महंत संजय दास ने कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से पहले सोशल मीडिया सक्रिय हो जाता है, फिर भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।मंडलायुक्त राजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार और पत्रकारिता दोनों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। पत्रकार समाज का दर्पण होता है और उसे स्वयं की सुरक्षा के साथ समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करना चाहिए, ताकि समाज भटकाव से बच सके।पूर्व सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता मूल रूप से समाज सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों से प्रारंभ होने वाले संगठन भी समय के साथ विशाल स्वरूप ग्रहण करते हैं। उन्होंने अयोध्या पत्रकार प्रतिष्ठान से जुड़े पत्रकारों का उत्साहवर्धन भी किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता ही समाज को सूचनाओं से अवगत कराती है। वर्तमान समय पत्रकारों के लिए चुनौतीपूर्ण अवश्य है, लेकिन जब तक कलम निर्भीक होकर चलती रहेगी, तब तक समाज सुरक्षित रहेगा। इस दौरान अतिथियों का स्वागत सुशील पांडेय, शरद शर्मा, अनुराग शुक्ला, रमेश मिश्रा, निमिष गोस्वामी, अखंड प्रताप सिंह, बम-बम यादव, चंद्रमोहन श्रीवास्तव, सुभाष सिंह, अनूप सोनकर ,अजेन्द्र पांडेय, सर्वेश श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा सत्य प्रकाश अग्रहरि सहित अन्य पत्रकारों ने किया।संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार केबी शुक्ला, शिवकुमार मिश्रा, केके मिश्रा, अज्जू श्रीवास्तव, मनमीत गुप्ता, राघवेंद्र शुक्ला, मयंक शुक्ला, विशाल तिवारी,प्रशांत शुक्ला, सौरभ शुक्ला, राकेश यादव, समीर शाही, अपूर्व पाठक, शिवेंद्र द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता का मूल धर्म सत्य और निष्पक्षता पीत पत्रकारिता से रहें दूर : डॉ.ओंकार पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर टाउन हाल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कि या गया सहभोज**

गोंडा । पत्रकारिता समाज का दर्पण है और इसका मूल उद्देश्य सत्य को सामने लाकर जनहित की र क्षा करना है।बदलते दौर में तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता ने पत्रकारिता को सरल बनाया है, लेकिन इसकी जिम्मेदारियां और चुनौतियां आज

भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।यह विचार वरिष्ठ पत्रका र एवं एलबीएस डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफ़े सर डॉ.ओंकार पाठक ने ग्रामीण पत्रकार एसोसि एशन द्वारा आयोजित पत्रकारिता दिवस समारोह में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सत्य, सुंदर और शिव के सिद्धांतों पर आधारित है। पत्र कारों को किसी भी परिस्थिति में अपने दायित्वों से विचलित हुए बिना निष्पक्ष और तथ्यपरक रिपोर्टि ग करनी चाहिए। उन्होंने मीडियाकर्मियों से पीत पत्रकारिता से दूर रहकर जनविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया।इसी क्रम में बताया कि आज तमाम तकनीकी और संसाधनों की भरमार है। जो पत्रकारिता को सुलभ बनाने में सहायक हैं, किन्तु चुनौतियां आज भी खत्म नहीं हुई हैं। उन्होंने सभी को पीत पत्रकारिता से बचने की सलाह दिया। वरि ष्ठ पत्रकार के.बी.सिंह ने कहा कि पत्रकार शासन, प्रशासन और समाज के बीच की कड़ी होता है। अतः उसे सत्यनिष्ठा व निष्पक्षता से खबरों का प्रकाशन करना चाहिए।इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार आर.जे. शुक्ल ने कहा कि ख़बरों का चयन करते समय पत्रकारों को शब्दों का चयन और भाषाशैली पर विशेष ध्यान देना चाहिए।इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, विशिष्ट अतिथि डीपीआरओ लालजी दुबे, डीआईओएस डॉ.रामचन्द्र, बीएसए अमित कुमार सिंह, डॉ.ओंकार पाठक, डॉ.रेखा शर्मा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री,बागीश तिवारी, य शोदा नंदन तिवारी आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस दौरान शिक्षिका कल्पना तिवारी कविता के माध्यम से पत्रकारों में जोश भरा। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहने वाले छात्रों,शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों, पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों, चिकित्सा के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों एवं अच्छा कार्य करने वाली आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रशस्ति पत्र,प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन पत्रकार एस.पी.शुक्ला ने किया कार्य क्रम के दौरान,विवेक तिवारी,अखिलेश त्रिपाठी, राकेश दत्त राम पांडे,हेमन्त पाठक, प्रदीप तिवारी बुलेट,रणविजय सिंह, सहित सैकड़ो पत्रकार मौजू द रहे।

# गोंडा मेडिकल कालेज में खामियां मिलने पर डीएम ने लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मेडिकल कॉलेज से लगातार मिल रही शि कायतों के मद्देनजर,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने शनिवार दोपहर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया है।उन्होंने करीब 75 मिनट तक विभिन्न वि भागों,ओपीडी और वार्डों का जायजा लिया।निरी क्षण के दौरान कई खामियां सामने आने पर जिला धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और दस दिन के भीतर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।निरीक्षण में पाया गया कि कई ओपीडी वरिष्ठ चिकित्सकों के बजाय केवल जूनियर डॉक्टरों के भरोसे चल रही थीं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वरिष्ठ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करा ने के निर्देश दिए।मरीजों और तीमारदारों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई।जांच में यह भी सामने आया कि सफाई कार्य के लिए अभी तक ठेका प्र क्रिया पूरी नहीं हुई है।जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस संबंध में जवाब-तलब करते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उ पलब्ध कराना प्राथमिकता है और किसी भी प्र कार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्हों ने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हु आ तो जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की जवाब देही तय कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उनकी मंशा है कि सरकार की योजनाओं के तहत मरीजों और तीमारदारों को सभी आवश्य क सुविधाएं मिलें।

# नवागत खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने संभाला बलहा ब्लॉक का कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। विकास खंड बलहा में नवागत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) विजय कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। हाल ही में मुख्य विकास अधिकारी बहराइच द्वारा जिले के विभिन्न विकास खंडों में खंड विकास अधिकारियों के स्थानांतरण के क्रम में उन्हें बलहा ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व वह विकास खंड चितौरा में तैनात थे। ज्ञात हो कि बलहा में तैनात रही खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी का स्थानांतरण विकास खंड विशेश्वरगंज कर दिया गया है। उनके स्थान पर विजय कुमार सिंह को बलहा ब्लॉक का नया खंड विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विजय कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट का पारदर्शी एवं नियमानुसार उपयोग, ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित करना, कर्मचारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास खंड क्षेत्र में सुशासन, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी।

# स्वास्थ्य इकाइयों पर मनाया गया तम्बाकू निषेध दिवस मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सीएमओ ने हस्ताक्षर अभियान से की कार्यक्रम की शुरुआत**

**स्वास्थ्य कर्मियों ने ली तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ**

बहराइच । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान के साथ हुई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर और शपथ लेकर आमजन को तम्बाकू से दूर रहने का कड़ा संदेश दिया। सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि तम्बाकू जनित रोगों से भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान जाती है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों से कैंसर, हृदय और फ़ेफड़ों जैसी घातक बीमारियां होती हैं। इन असामयिक मौतों को रोकने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) की जानकारी देते हुए बताया कि धारा-4 के तहत सभी सार्वजनिक कार्यालयों और स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं, धारा-6 के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में और नाबालिगों को तम्बाकू की बिक्री पर रोक है। डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा ने कहा कि धूम्रपान न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने युवाओं से अपील की कि वे इस घातक लत से दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। समय रहते तम्बाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे चिकित्साधिकारी डॉ. पारितोष तिवारी ने बताया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन इंसान को अपना आदी बना लेता है, जो शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता दिखाई।

इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके वर्मा, मनोचिकित्सक डॉ. विजित जायसवाल, गैर संचारी रोगों के चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह श्रीनेत्र, डॉ. आकीब एजाज, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रियाजुल हक, परामर्शदाता पुनीत शर्मा, लैब टेक्निशियन संतोष सिंह, नर्सिंग अधिकारी बृज प्रकाश व स्वाती श्रीवास्तव के साथ मानसिक स्वास्थ्य टीम के मुकेश हंस, हरीश कुमार, मनीष सिंह, अजय प्रताप सिंह और सीमा कुमारी आदि मौजूद रहे।

# आम जनमानस को सुविधा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं सड़कें : राकेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव माधवपुर हरदोइया मार्ग के चौड़ीकरण का किया शिलान्यास**

अमेठी । विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने माधवपुर हरदोइया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुन्दरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने विकास कार्यों के लिये विधायक का आभार व्यक्त किया।शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नये आयाम स्थापित कर रहा है। गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने हेतु लगातार कार्य किये जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि मजबूत एवं सुदृढ़ सड़कें किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर सम्पर्क मार्गों से गांवों और कस्बों को जोड़ने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को भी नई दिशा मिलेगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ल्लअन्य जिला मार्गों के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजनाङ्क के अंतर्गत जनपद अमेठी में माघोपुर हरदोईया मार्ग के किमी 0-8.400 से 15.800 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। लगभग सात किलोमीटर चार सौ मीटर लम्बाई वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य लगभग बीस करोड़ पचास लाख सत्तानबे हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है।इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से ब्लॉक मुख्यालय शाहगढ़ सीएचसी से हरदोईया अस्पताल आने वाले लोगो एवं गुलाल का पुरवा, सीवन का गाँव, कसरावां, डारीडीह, दयाराम पाण्डेय का पुरवा जैसे गावों के निवासियों को सुगमता होगी। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास को नई गति देने के साथ-साथ हजारों क्षेत्रवासियों के लिए सुविधा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस मौके पर डी के श्रीवास्तव, मनीष पाठक,सोनू यादव,मथुरा कश्यप, ललित सिंह,धर्मेश धोबी, लल्लू सिंह,गिरिजा तिवारी,रमेश दुबे सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, सम्मानित नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# देवीपाटन मंडल के पहले बॉक्सिंग रेफरी बने अनुराग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । तहसील मिहीपुरवा के कुंडवा निवासी अनुराग चौधरी ने मेहनत,अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर अपने सपनों को साकार कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित ''1 स्टार रेफरी व जज सेमिनार परीक्षा'' में उन्होंने सफलता हासिल की है। यह परीक्षा एक से पांच अप्रैल तक हापुड़ में आयोजित यूथ बॉयज व गर्ल्स स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दौरान संपन्न हुई थी।जिसमे पूरे प्रदेश भर से 48 खिलाड़ियो ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसका आधिकारिक परिणाम 28 मई को जारी किया गया।जिसमे मात्र 17 खिलाड़ियों ने सफलता पाई है ।जारी सूची में अनुराग चौधरी का नाम सफल अभ्यर्थियों में शामिल है।इस उपलब्धि के साथ अनुराग देवीपाटन मंडल के पहले प्रमाणित बॉक्सिंग रेफरी और जज बन गए हैं।खिलाड़ी अनुराग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच एवं मार्गदर्शक अभिषेक धनुक (क्रीड़ाधिकारी, गाजियाबाद ) और अपने माता पिता के समर्पण को दिया है।

अनुराग की सफलता से बॉक्सिंग खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

# विद्याकलश के विद्यार्थियों ने वाहन चालकों को पहनाया हेलमेट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तलोई अमेठी,विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट्स एवं शिक्षकों ने सरकार के सड़क सुरक्षा अभियान को आगे बढ़ाते हुये एक अनोखी एवं रचनात्मक पहल के तहत लोगों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाने का सार्थक प्रयास किया।कार्यक्रम संयोजक एवं क्रीड़ा सह स्काउट प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि बच्चों एवं शिक्षकों ने नुक्कड़ नाटक इत्यादि के द्वारा लोगों को यातायात के नियमों तथा सड़क पर कैसे सुरक्षित रहें इत्यादि के बारे में बताया गया। बच्चों ने ऐसे लोगों को हेलमेट वितरित किये जो बगैर हेलमेट लगाये मोटर साइकिल चला रहे थे साथ ही उनसे अपील करते हुये कहा कि वह सदैव हेलमेट लगाकर सड़क पर निकलें। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश सिंह ने यमराज की वेश भूषा में लोगों को चेतावनी दी जो कि बहुत ही रोचक एवं प्रभावशाली रही। विद्याकलश परिवार ने यह अभियान कस्बा शंकरगंज, मोहनगंज एवं तिलोई में चलाया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की।

विद्या कलश विद्यालय के इस अनोखे प्रयास की क्षेत्र वासियों ने सराहना की है।इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट्स के साथ साथ उप प्रधानाचार्य हिमांशु मिश्र, पीजीटी गणित धनंजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है : सीडीपीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्री प्राइमरी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अठाइस आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित**

अमेठी,जनपद में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अठाइस आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शनिवार को सिंहपुर ब्लाक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र गौतम ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित करते हुये उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र गौतम ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (प्री-प्राइमरी एजुकेशन) बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है। इस अवस्था में दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयास और नवाचार न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को आकार दे रहे हैं, बल्कि अन्य केंद्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ल्लपोषण के साथ साथ शिक्षा पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिये ऐसा सकारात्मक एवं सशक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना चाहिये जिससे वे आगे की शिक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। उन्होंने प्री प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुये इसे और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अंकिता स्वरुप द्वारा किया गया। इस दौरान रॉकेट लर्निंग संस्था से जिला समन्वयक सुरेश गुप्ता, प्रधान सहायक भानुदत्त शुक्ला, बीसी रंजीत कुमार, मुख्य सेविका कमलेश सिंह, ज्योति सिंह, शालिनी सिंह, अर्चना देवी, अर्चना भारती, वंदना सहित परियोजना की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्य: वरिष्ठ कोषाधिकारी

**भू-राजस्व बकाये की भांति होगी अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली**

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग पीलीभीत नगर के जेपी होटल में हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 सत्र हुए जिसमें जिले भर के 177 पदाधिकारी , कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया ऋ उदघाटन सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने विषय वैचारिक अधिष्ठान पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हुकूमत करना नहीं बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के माध्यम से भारत को परम वैभव तक ले जाना है । उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिये गए एकात्म मानव दर्शन के मूल विचार पर चलते हुए सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है , हम भारत को मां मानते हैं इसीलिए हमारा मुख्य नारा भी किसी व्यक्ति विशेष का जयकारा नहीं बल्कि भारत माता की जय है।उन्होंने बताया कि हम किसी धर्म के विरोधी नहीं हैं लेकिन हम सनातन संस्कृति के वाहक हैं।उन्होंने बताया कि हमने 1952 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा लिए गए संकल्प एक देश में दो विधान दो निशान नहीं चल सकते को पूरा करने के लिए धारा 370 हटाने के लिए काम किया इसलिए हम राष्ट्रीय एकात्मकता के समर्थक है।द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्रा अनावा ने विषय विचार परिवार पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पृष्ठभूमि सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के दौरान ही रख दी गई थी और भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुषंगिक संगठन है।चूंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक गैर राजनैतिक संगठन था इसलिए राजनैतिक क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने के लिए संघ ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी को जनसंघ की स्थापना के लिए प्रेरित किया और यही जनसंघ आगे चलकर जनता पार्टी और अब भारतीय जनता पार्टी के नाम से जाना जाता है।उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राजनीति करने लिए राजनीति नहीं करता बल्कि राष्ट्र की सेवा के लिए राजनीति करता है।उन्होंने बताया कि हमारे विचार परिवार में विश्व हिंदू परिषद , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , सेवा भारती , संस्कार भारती , भारतीय मजदूर संघ , भारतीय किसान संघ , स्वदेशी जागरण मंच , सीमा जागरण मंच , विद्या भारती , अयोग्य भारती, राष्ट्र सेविका समिति ,क्रीड़ा भारती , अधिवक्ता परिषद जैसे संगठन भी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहें हैं।तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बरेली पवन शर्मा ने विषय कार्य पद्धति पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की कार्यपद्धति का जीवंत उदाहरण है कि एक चाय बेचने वाला साधारण सा कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री है । उन्होंने बताया कि भाजपा की ताकत भाजपा का संगठन है जिसका विस्तार राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुख तक है। चतुर्थ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विषय कार्यकर्ता विकास एवं दायित्वबोध पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन का स्तंभ है हम कार्यकर्ता को संगठन के साधन के रूप में न मानते हुए उसे विकसित राष्ट्र के संकल्प के रूप में देखते हैं।उन्होंने बताया हमारा कार्यकर्ता संगठन से कोई मानदेय नहीं लेता बल्कि अपना पैसा लगाकर संगठन का कार्य करता है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करती है और हमारा कार्यकर्ता राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करता है ऋ इसके अतिरिक्त कश्मीर में पत्थरबाजी का जिक्र करते हुए बताया कि धारा 370 हटने के बाद से कश्मीर का विकास हुआ और पत्थरबाज़ी पर लगाम लगी।षष्टम सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा उत्तर प्रदेश में मीडिया पैनलिस्ट दीपक सोनकर ने विषय मीडिया प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा करते हुए नकारात्मक और भ्रामक खबरों को प्रसारित करने पर रोक लगाने और पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की सोशल मीडिया पर फ़ेक नैरेटिव पर चर्चा करते हुए वर्तमान में कॉकरोच जनता पार्टी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका में बैठकर विपक्ष का एक कार्यकर्ता भ्रामक खबर फैला रहा है जिसका समर्थन पाकिस्तान , बांग्लादेश और अमेरिका के लोग कर रहे हैं ऋ ऐसे लोगों को सोशल मीडिया पर तथ्यों के साथ नैतिकता से उनका जवाब देना चाहिए।सप्तम सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने विषय सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत अंतोदय को ध्यान में रखते हुए पहले जन धन खाते खोले और उसके बाद भ्रष्टाचार पर लगाम लगाते हुए डीबीटी के माध्यम से सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र को दिया।केंद्र की मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना से मुफ्त गैस कनेक्शन दिए , स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मुफ़्त शौचालय बनाये , प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर गरीब को अपनी छत देने का काम किया , घर घर मुफ्त राशन देने का काम किया ।

# जगदीशपुर से अयोध्या धाम जाने वाली सड़क मामूली बारिश में बनी तालाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कस्बा जगदीशपुर क्षेत्र में सड़क की बदहाली एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक रील ने न केवल सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये हैं बल्कि क्षेत्र में विकास के दावों को भी कटघरे में ला खड़ा किया है।वायरल वीडियो में एक युवक सड़क पर बने विशाल गड्ढों में भरे बारिश के पानी में नहाता और रील बनाता दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जिस समय युवक गड्ढों में भरे पानी का मजाकिया अंदाज में उपयोग कर रहा है उसी दौरान सड़क पर वाहन और राहगीरों की आवाजाही भी जारी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई सामान्य सड़क नही बल्कि रायबरेली को प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके बावजूद सड़क की हालत ऐसी है कि थोड़ी सी बारिश होते ही सड़क और तालाब में फर्क करना मुश्किल हो जाता है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि वर्षों से सड़क की दुर्दशा बनी हुई है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

लोगों का कहना है कि यदि सड़क पर बने गड्ढों में युवक आराम से नहा सकता है तो यह सड़क निर्माण और रखरखाव की वास्तविक तस्वीर को उजागर करने के लिये काफी है। सोशल मीडिया पर रील वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों को सरकार तथा जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाने का नया मुद्दा मिल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दस मिनट की बारिश में सड़क तालाब बन जाय तो विकास के दावों की सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जाती है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को लेकर लोग तरह तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कोई इसे व्यवस्था पर तंज बता रहा है तो कोई इसे जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाने वाला प्रतीकात्मक विरोध मान रहा है।अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो के बाद आला अधिकारी हरकत में आते हैं कि नही ? फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है लेकिन रायबरेली से अयोध्या धाम तक जाने वाले इस मार्ग पर सफर करने वाले वाहन स्वामियों से दो जगहों पर शंकरगंज के नसरतपुर और हलियापुर के आगे टोल टैक्स भी वसूल किया जाता है लेकिन यह जानलेवा गड्ढे महकमे के खेवनहारों को नज़र नही आते हैं। बताते चलें कि अयोध्या धाम के साथ ही रेलवे स्टेशन मार्ग पर इन जानलेवा गड्ढों में नियमित राहगीर चोटहिल भी होते रहते हैं लेकिन आला अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

# जमीन विवाद को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और पड़ोसियों में मारपीट, कई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सै रहमान समेत कई लोग जमीन विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के जमाल गेट खैराबाद इलाके की बताई जा रही है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र अधिवक्ता सैयद मोहम्मद अफ़्फ़ान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे वह कचहरी जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने घर के पास कुछ लोगों को दीवार गिराते हुए देखा। विरोध करने पर आरोप है कि रशीद अहमद, निसार अहमद उर्फ आसिफ, इकबाल अहमद उर्फ गुड्डू तथा चार अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की। तहरीर के अनुसार शोर सुनकर जब सै रहमान अपने पुत्र को बचाने पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ भी लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में पिता-पुत्र समेत कई लोगों को चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोपितों को दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए कोतवाली नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष से



इकबाल अहमद पुत्र रशीद अहमद ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पुस्तैनी मकान के आगे बनी बाउंड्रीवॉल को शनिवार को मोहल्ले के सैयद रहमान उर्फ मानू, सैयद अफ्फान, सदफ मोहम्मद उर्फ पिन्नू, गुफरान तथा जिलदार हुसैन समेत पांच-छह अज्ञात लोगों ने अचानक ढहा दिया। इकबाल अहमद के अनुसार जब उन्होंने और उनके भाई निसार अहमद ने इसका विरोध किया तो आरोपी आक्रोशित हो गए और दोनों भाइयों को मारने के लिए दौड़ा लिया।

जान बचाने के लिए दोनों भाई घर में घुस गए, लेकिन आरोपियों ने जबरन दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। आरोप है कि घर में घुसने के बाद इकबाल अहमद का गला दबाकर उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि बीच-बचाव करने आईं परिवार की महिलाओं फातिमा पत्नी निसार अहमद, यासमीन अख्तर तथा इसरत बानो के साथ भी मारपीट की गई।

इस दौरान एक मोबाइल फोन छीनकर फेंक दिया गया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। धक्का-मुक्की में महिलाओं को चोटें भी आई हैं। इकबाल अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# युवती को परेशान करने और धमकी देने का आरोप, परिजनों ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र के शेरपुर कलाँ निवासी एक युवती के परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर उनकी पुत्री को लगातार परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया है परिजनों का कहना है कि वार्ड नंबर 1, शेरपुर निवासी युवक उनकी पुत्री पर जबरन बातचीत करने का दबाव बनाता है बताया गया कि करीब छह महीने पहले दोनों के बीच बातचीत होती थी, लेकिन युवती द्वारा बातचीत बंद कर देने के बाद आरोपी युवक लगातार उसे परेशान कर रहा है आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने युवती के छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का बहनोई भी उसका साथ दे रहा है,

जिससे पूरा परिवार भय और तनाव में है पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रोजगार मेले में उनतालिस प्रतिभागियों का किया गया चयन

अमेठी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, अमेठी में प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस/रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सत्तानबे अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस/रोजगार मेले में डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड नोएडा कम्पनी के एच आर किशोर शुक्ला, अडानी एसीसी लिमिटेड टिकरिया गौरीगंज एवं सिंचाई विभाग गौरीगंज द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड नोएडा कम्पनी में पैंतीस अभ्यार्थियों, अडानी ए0सी0सी0 लिमिटेड टिकरिया गौरीगंज द्वारा दो अभ्यार्थियों एंव सिंचाई विभाग गौरीगंज द्वारा दो अभ्यार्थियों का चयन किया गया। इस दौरान आयोजित प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस/रोजगार मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, रोजगार/अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिस/रोजगार प्रभारी भारत भूषण मिश्रा, दिवाकर मिश्र व रविकान्त मिश्र आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रशासक बनने के बाद प्रधानों के डोंगल अनरजिस्टर्ड

पीलीभीत। ग्राम पंचायतों का चुनाव टलने के साथ ही ग्राम प्रधानों का 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। यूपी सरकार ने पुराने प्रधानों को ही ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है।इसके साथ ही जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के डिजिटल सिग्नेचर डोंगल अनरजिस्टर्ड हो गए हैं। अब प्रधान प्रशासक के रूप में कार्य तो करेंगे, लेकिन विकास कार्यों एवं धनराशि के भुगतान के लिए सीधे अधिकृत नहीं रहेंगे। नियमानुसार अब किसी भी भुगतान या निर्माण कार्य की फाइल उच्च अधिकारियों के अनुमोदन के बाद ही आगे बढ़ सकेगी। पंचायत विभाग के अनुसार ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होते ही तकनीकी रूप से डोंगल स्वतः निष्क्रिय हो जाते हैं। प्रशासक नियुक्त होने के बाद नई व्यवस्था के तहत खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत की संस्तुति अनिवार्य होगी। भुगतान की प्रक्रिया भी अब पीएफएमएस पोर्टल पर अधिकारियों की डिजिटल स्वीकृति के बाद ही पूरी होगी।इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना है। हालांकि कई ग्राम प्रधानों ने कहा कि इससे छोटे-छोटे कार्यों में भी देरी होगी। अधिकारियों का कहना है कि चुनाव तक यही व्यवस्था लागू रहेगी।

## शारदा नदी पर बन रहे तटबंध में खानापूरी को लेकर प्रधान ने ग्रामीणों संग किया प्रदर्शन

पूरनपुर। प्रतिवर्ष शारदा नदी अपना विकराल रूप धारण करके कई गांवों की फसलें सहित अन्य खाद्य सामग्री अपने आगोश में समा लेती है। कटान की समस्या से क्षेत्र के किसान हर साल तबाह होते हैं। सरकार इस समस्या के समाधान के लिए लाखों-करोड़ों रुपये भेजती है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कार्य करने के नाम पर मात्र खानापूरी करते हैं और सरकारी धन का बंदरबांट होता है।ताजा मामला पूरनपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के शपर नंबर 28 व 29 है। यहां शारदा नदी पर तटबंध निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने और मानकों की अनदेखी की जानकारी लगते ही युवा प्रधान विवेकानंद सरकार ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।प्रधान विवेकानंद सरकार ने कहा कि हर साल कटान रोकने के नाम पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन नदी के किनारे बोल्डर, जाली और मिट्टी का कार्य मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा।

बाढ़ आई तो यह तटबंध पहली बरसात भी नहीं झेल पाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी साइट पर आते ही नहीं, ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जिले में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कटान से नगरिया खुर्द कला,गाभिया सराय,नौजलया नकटाह समेत दर्जनभर गांव प्रभावित होते हैं।

## बिलसंडा एनकाउंटर :व्यापारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी लक्की मौर्य पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

पीलीभीत।थाना बिलसंडा क्षेत्र में व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड से जुड़े वांछित आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया शनिवार सुबह बण्डा रोड स्थित ईटगांव नहर पुलिया के पास हुई पुलिस कार्रवाई में आरोपी लक्की मौर्य के पैर में गोली लगी, जबकि जवाबी फायरिंग में एक मुख्य आरक्षी भी बाल-बाल बच गए पुलिस के अनुसार, थाना बिलसंडा पुलिस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर एक युवक आता दिखाई दिया पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी एक गोली मुख्य आरक्षी सुनील कुमार के दाहिने बाजू को छूती हुई निकल गई।आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी लक्की मौर्य पुत्र राधेलाल निवासी तिलहर जेई, थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया आरोपी के कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई पुलिस जांच में सामने आया कि 28 मई को बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान पर कुछ लोगों ने हमला किया था घटना के दौरान पास की कपड़े की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी पप्पू गुप्ता बीच-बचाव करने पहुंचे थे इसी दौरान बदमाशों ने उन पर तमंचे से फायर कर दिया था।
गंभीर रूप से घायल पप्पू गुप्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी

इस सनसनीखेज वारदात के बाद थाना बिलसंडा में हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई थीं इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपियों रमेश चन्द्र कटियार, विमल और सीतेश को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक विवेचना में पारिवारिक रंजिश और पुराने विवाद को घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है घायल आरोपी लक्की मौर्य को पहले सीएचसी बीसलपुर और बाद में जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया ।

## बिलसंडा पहुंचे सांसद जितिन प्रसाद, व्यापारी हत्याकांड पर बोले– दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

पीलीभीत।बिलसंडा में कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद शुक्रवार को बिलसंडा पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक व्यापारी के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया सांसद ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अधिकारियों से साफ कहा कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए उन्होंने मौके पर मौजूद सीओ बीसलपुर विधिभूषण मौर्य से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और जांच की प्रगति पर चर्चा की इसके अलावा उन्होंने एसडीएम नागेंद्र पाण्डेय से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को लेकर भी बातचीत की दौरे के दौरान जितिन प्रसाद ने कस्बे में अन्य शोक संतप्त परिवारों के घर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कीं ।

# पूरनपुर के चर्चित पारस मोबाइल वर्ल्ड दुकान पर जीएसटी एसआईवी का बड़ा छापा नगर में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जनपद के जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई से व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया नगर की चर्चित और सबसे सस्ती मोबाइल शॉप के रूप में पहचान रखने वाली पारस मोबाइल वर्ल्ड पर जीएसटी एसआईवी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच की टीम ने अचानक छापेमारी कर जांच शुरू कर दी दुकान स्वामी काके भईया के नाम से इलाके में काफी चर्चित हैं, ऐसे में कार्रवाई की खबर फैलते ही बाजार में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की टीम दोपहर के समय दुकान पर पहुंची और सबसे पहले दुकान के काउंटर, गोदाम और रिकॉर्ड रूम को अपने नियंत्रण में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की टीम ने खरीद-बिक्री के बिल, जीएसटी रिटर्न, स्टॉक रजिस्टर, टैक्स रिकॉर्ड और स्टॉक शीट की जांच शुरू की इसके साथ ही दुकान में मौजूद मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान का भौतिक सत्यापन भी कराया गया सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान टीम द्वारा कंप्यूटर डेटा और बिलिंग सिस्टम की भी पड़ताल की गई? विभागीय अधिकारी दुकान में दर्ज स्टॉक और वास्तविक उपलब्ध सामान का मिलान करने में कई घंटों तक जुटे रहे कार्रवाई के दौरान दुकान के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही और बाजार में दिनभर इस छापेमारी की चर्चा होती रही बताया जा रहा है कि यह पूरी कार्रवाई जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर अनुरुद्ध सिंह की अगुवाई में की जा रही है उनके नेतृत्व में एसआईवी की टीम ने बेहद गोपनीय तरीके से जांच शुरू की सूत्रों के अनुसार विभाग को दुकान से संबंधित कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें टैक्स अनियमितता और रिकॉर्ड में अंतर की आशंका जताई गई थी? चर्चा यह भी है कि दुकान में कार्यरत किसी कर्मी द्वारा विभाग को अंदरूनी जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद एसआईवी टीम ने छापेमारी की योजना बनाई हालांकि विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यदि स्टॉक और दस्तावेजों के मिलान में किसी प्रकार की कमी, फर्जी बिलिंग, टैक्स चोरी या रिकॉर्ड में बड़ा अंतर पाया जाता है ।

# दीवार गिरने से मजदूर की मौत परिवार में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय के नटौली गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। कच्ची दीवार गिराने के दौरान अचानक दीवार भरभराकर मजदूर के ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नटौली निवासी रामजग (40 वर्ष) पुत्र रामबली गांव के ही वसीम के घर पर मजदूरी कर कच्ची दीवार गिराने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक दीवार ढह गई और रामजग उसके नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक



कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष बल्दीराय महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मजदूर की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# बिलसंडा की गोल्ड टेस्टिंग लैब पर उठे सवाल तीन सेंटरों की जांच में निकला बड़ा अंतर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बिलसंडा के सराफा बाजार में संचालित गोल्ड टेस्टिंग लैब एक बार फिर विवादों में आ गई है जेवरों की शुद्धता जांच के नाम पर ग्राहकों को कथित रूप से भ्रमित करने और बिना प्रमाणित रिपोर्ट के हाथ से लिखी पर्चियां थमाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जा रहा है कि लैब संचालक द्वारा ग्राहकों को बिना तारीख और बिना आधिकारिक प्रमाण पत्र के गोलमोल रिपोर्ट दी जा रही हैं, जिससे ग्राहक व्यापारियों से विवाद करने पर आमादा हो रहे हैं सराफा कारोबारियों का आरोप है कि गलत अथवा संदिग्ध टेस्टिंग रिपोर्ट के कारण बाजार का माहौल खराब हो रहा है हाल ही में एक ग्राहक ने करीब दो वर्ष पूर्व खरीदी गई पांच ग्राम सोने की चेन की जांच बिलसंडा की लैब में कराई आरोप है कि लैब की रिपोर्ट के आधार पर ग्राहक ने व्यापारी पर गंभीर आरोप लगा दिए मामला बढ़ने पर व्यापारी ने करीब 20 हजार रुपये का नुकसान उठाते हुए ग्राहक की चेन बदलकर विवाद शांत कराया इसी तरह एक अन्य मामले में एक ग्राहक अपनी सोने की अंगूठी की जांच कराने लैब पहुंचा आरोप है कि लैब संचालक ने बिना किसी प्रमाणित सर्टिफिकेट के हाथ से लिखी पर्ची पर मात्र 48.73 प्रतिशत शुद्धता दर्शा दी रिपोर्ट देखने के बाद ग्राहक संबंधित व्यापारी की दुकान पर पहुंच गया और हंगामे की स्थिति बन गई व्यापारी ने मामले की सच्चाई जानने के लिए अंगूठी को बीसलपुर के दो अलग-अलग गोल्ड टेस्टिंग सेंटरों पर जांच कराया। वहां जारी प्रमाण पत्रों में अंगूठी की शुद्धता क्रमशः 53.89 प्रतिशत और 54.03 प्रतिशत बताई गई तीन अलग-अलग सेंटरों की रिपोर्ट में भारी अंतर सामने आने के बाद बिलसंडा की गोल्ड टेस्टिंग लैब की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं सराफा व्यापारियों का कहना है कि यदि टेस्टिंग में पारदर्शिता नहीं लाई गई तो ग्राहकों और व्यापारियों के बीच अविश्वास बढ़ता जाएगा फिलहाल जिम्मेदार विभाग पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जबकि सराफा बाजार में यह मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

## राहुल गांधी मानहानि मामले की सुनवाई अब 5 जून को

सुल्तानपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में शनिवार को स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की पत्रावली लोवर एमपी/एमएलए कोर्ट से तलब कर ली है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 5 जून को होगी। बताया जा रहा है कि इससे पहले लोवर कोर्ट ने वादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पाण्डेय की उस अपील को खारिज कर दिया था,

# अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत 300 किसानों को मिली कृषि सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र में शनिवार को अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत 300 किसानों को कृषि सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

किसानों को स्प्रेयर मशीन, 60 मीटर का लपेटा पाइप तथा 40 किलोग्राम बासमती धान के बीज उपलब्ध कराए गए। यह वितरण जिला प्रशासन और कृषि विभाग के सहयोग से किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य कृषि वैज्ञानिक डॉ. जे.बी. सिंह ने बताया कि यह योजना भारत सरकार की अनुसूचित जाति उप-योजना का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य अनुसूचित जाति के किसानों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण और उन्नत बीज देकर खेती को अधिक




लाभदायक और वैज्ञानिक बनाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि सामग्री गन्ना अनुसंधान केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। चयनित किसानों का चयन दो वर्ष पहले किया गया था, ताकि उन्हें योजनाबद्ध तरीके से आधुनिक खेती से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के उपाय बताए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. दिवाकर कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.के. त्रिपाठी और डॉ. अतुल सिंह सहित कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागत


किसी भी सभ्य समाज की प्रगति का आधार दो महत्वपूर्ण स्तंभों पर टिका होता है–शिक्षा और स्वास्थ्य। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और अवसर प्रदान करती है, जबकि स्वास्थ्य सेवा उसे एक स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने में सक्षम बनाती है। भारत जैसे विकासशील देश में इन दोनों क्षेत्रों का महत्व और भी अधिक है। लेकिन आज एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने खड़ा है–क्या शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ आम भारतीयों की पहुँच से दूर होती जा रही हैं? पिछले कुछ दशकों में भारत में शिक्षा का तेजी से विस्तार हुआ है। निजी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी संसाधन और बेहतर परिणामों के दावे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का संकेत देते हैं, लेकिन इसके साथ ही शिक्षा की लागत भी लगातार बढ़ती गई है। आज एक मध्यमवर्गीय परिवार को अपने बच्चे की स्कूली शिक्षा पर ही बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। स्कूल फीस, परिवहन शुल्क, किताबें, यूनिफॉर्म, डिजिटल उपकरण और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ मिलकर शिक्षा को महंगा बना रही हैं। उच्च शिक्षा की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, प्रबंधन और कानून जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों की फीस लाखों रुपये तक पहुँच चुकी है। कई परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए ऋण लेने या अपनी बचत खर्च करने को मजबूर हैं। परिणामस्वरूप शिक्षा, जो कभी सामाजिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन मानी जाती थी, अब अनेक परिवारों के लिए आर्थिक बोझ बनती जा रही है। भारत ने चिकित्सा विज्ञान, अस्पतालों और आधुनिक उपचार तकनीकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज देश में विश्वस्तरीय अस्पताल और विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं। लेकिन इन सुविधाओं तक पहुँच हर नागरिक के लिए समान नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में लगातार वृद्धि हुई है। डॉक्टरों की परामर्श फीस, परीक्षणों का खर्च, दवाइयों की कीमतें और अस्पतालों के बिल आम लोगों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। एक गंभीर बीमारी या आकस्मिक दुर्घटना किसी भी परिवार की वर्षों की बचत समाप्त कर सकती है। भारत में अभी भी बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य खर्च अपनी जेब से वहन करते हैं। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ा है, लेकिन यह अभी भी सभी नागरिकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाता। परिणामस्वरूप लाखों परिवार हर वर्ष स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के कारण आर्थिक संकट में फँस जाते हैं। गरीब वर्ग लंबे समय से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों का सामना करता रहा है, लेकिन अब मध्यम वर्ग भी बढ़ती लागतों के दबाव को महसूस कर रहा है। एक ओर माता-पिता बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी आवश्यकताओं में कटौती कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा आपात स्थितियाँ उनके वित्तीय संतुलन को बिगाड़ रही हैं। घर, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी खर्चों के बीच संतुलन बनाना कठिन होता जा रहा है। यह स्थिति केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह सामाजिक गतिशीलता और अवसरों की समानता पर भी प्रभाव डालती है। यदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा केवल संपन्न वर्ग तक सीमित हो जाए, तो सामाजिक असमानताएँ और गहरी हो सकती हैं। निजी क्षेत्र ने निश्चित रूप से सुविधाओं और नवाचार को बढ़ावा दिया है, लेकिन पर्याप्त नियमन के अभाव में लागतों पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। समाधान निजी संस्थानों का विरोध नहीं, बल्कि सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है। यदि सरकारी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और अस्पताल उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करें, तो आम नागरिकों को सस्ती और भरोसेमंद सुविधाएँ उपलब्ध हो सकती हैं। सरकार को शिक्षा और स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश के रूप में देखना चाहिए। बेहतर बुनियादी ढाँचा, प्रशिक्षित मानव संसाधन, आधुनिक तकनीक और पारदर्शी प्रशासन इन क्षेत्रों में विश्वास को मजबूत कर सकते हैं।

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अमरज्योति

**अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर विशेष**

भारतीय इतिहास के विशाल आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल अपने समय के शासक नहीं होते, बल्कि युग की चेतना बन जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ऐसा ही एक दिव्य व्यक्तित्व हैं। वे केवल मालवा की रानी नहीं थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सुशासन, न्याय और लोककल्याण की जीवित प्रतिमूर्ति थीं। 31 मई 2026 को उनकी 301वीं जयंती मनाई जा रही है। यह अवसर केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उस दिव्यदृष्टि और जीवन-दर्शन को पुनः समझने का है, जिसकी आज के भारत को अत्यंत आवश्यकता है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्या एक सामान्य परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी शिंदे ग्राम प्रधान थे। उस समय जब स्त्री-शिक्षा का प्रचलन लगभग नहीं था, तब उन्होंने अपनी पुत्री को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास दिया। यही शिक्षा आगे चलकर उन्हें भारतीय इतिहास की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में स्थापित करने वाली बनी। मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह-इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया। 1767 में जब वे मालवा की गद्दी पर बैठीं, तब राजनीतिक अस्थिरता, षड्यंत्र और बाहरी आक्रमणों का दौर था। किंतु उन्होंने अद्भुत धैर्य, विवेक और साहस के साथ शासन संभाला। उनका प्रशासन इस बात का उदाहरण था कि सुशासन केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवेदना, न्याय और नैतिकता से संचालित होता है। उन्होंने कर व्यवस्था को सरल बनाया, किसानों पर लगान कम किया और व्यापार को संरक्षण दिया। उनके शासन में मालवा समृद्धि, शांति और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बन गया। आज जब राजनीति अक्सर सत्ता-संघर्ष और स्वार्थ का पर्याय बनती जा रही है, तब अहिल्याबाई का जीवन यह संदेश देता है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य जनता का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कभी राजसत्ता को अहंकार का माध्यम नहीं बनने दिया। वे प्रतिदिन खुले दरबार में प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उनके न्याय में न पक्षपात था और न विलंब। यही कारण था कि जनता उन्हें 'लोकमाता' कहकर सम्मान देती थी। अहिल्याबाई का सबसे बड़ा योगदान भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्ज़ागरण में दिखाई देता है। मुगल आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण देश के अनेक मंदिर और तीर्थस्थल नष्ट हो चुके थे। उन्होंने केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण नहीं करवाया, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और उज्जैन सहित अनेक तीर्थों में उन्होंने घाट, मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाईं। यह कार्य किसी संकीर्ण धार्मिक आग्रह से प्रेरित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का राष्ट्रीय प्रयास था। उनकी दृष्टि केवल धर्म तक सीमित नहीं थी। वे समाज-सुधार की भी प्रबल पक्षधर थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिया, सती प्रथा और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। यह उस समय की दृष्टि से अत्यंत क्रांतिकारी सोच थी। उन्होंने महिलाओं की एक विशेष सैन्य टुकड़ी भी गठित की। यह इस बात का प्रमाण है कि वे नारी को केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि शक्ति और नेतृत्व की प्रतीक मानती थीं। महेश्वर को राजधानी बनाकर

> मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह–इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया।



उन्होंने उसे संस्कृति, कला और उद्योग का केंद्र बनाया। महेश्वरी साड़ियों की परंपरा आज भी उनके दूरदर्शी आर्थिक चिंतन की साक्षी है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देकर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में जब ल्लोकल फॉर वोकलङ्क और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब अहिल्याबाई का मॉडल और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आध्यात्मिकता और व्यवहारिकता का अद्भुत समन्वय था। वे धर्मनिष्ठ थीं, किंतु कट्टर नहीं। वे परोपकारी थीं, किंतु दिखावे से दूर। वे शक्तिशाली शासक थीं, किंतु विनम्रता उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सत्ता का सर्वोच्च रूप सेवा है। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीए ने उन्हें ल्लदार्शनिक रानीङ्क कहा था, जबकि एनी बेसेंट ने उनके शासनकाल को मालवा का ल्लस्वर्ण युगङ्क बताया। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है कि अहिल्याबाई ने भारतीय शासन परंपरा को नैतिक ऊंचाई प्रदान की। अहिल्याबाई शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक विघटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। वे बताती हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना है। राष्ट्र निर्माण केवल बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और संवेदना से होता है। अहिल्याबाई होलकर का कृतित्व बहुआयामी, दूरदर्शी और लोककल्याणकारी था। वे केवल एक सफल शासिका नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन, सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण और नारी नेतृत्व की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने न्यायपूर्ण एवं संवेदनशील शासन व्यवस्था स्थापित कर मालवा को समृद्धि, शांति और विकास के शिखर पर पहुँचाया। कृषि, व्यापार, जलसंधारण, उद्योग एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा दिया, किसानों को संरक्षण दिया तथा सामाजिक समरसता को मजबूत किया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण हेतु तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण एवं विकास कराया। नारी सम्मान, विधवा संरक्षण, शिक्षा, लोकसेवा और परोपकार के क्षेत्रों में उनके कार्य अत्यंत प्रेरणास्पद रहे। उनका कृतित्व प्रशासनिक दक्षता, मातृवत संवेदना, धर्मनिष्ठा, साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिर्माण की चेतना का अद्वितीय संगम था। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति का वह उज्ज्वल अध्याय हैं, जिसमें साहस है, संवेदना है, संस्कृति है और सृजन है। वे इतिहास की स्मृति भर नहीं, वर्तमान की आवश्यकता और भविष्य की प्रेरणा हैं। उनकी 301वीं जयंती पर उन्हें स्मरण करना तभी सार्थक होगा, जब हम उनके जीवन मूल्योंकृसुशासन, लोककल्याण, नारी सम्मान, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदना को अपने राष्ट्रीय जीवन में पुनः प्रतिष्ठित करें। लोकमाता अहिल्याबाई सचमुच भारतीय संस्कृति की वह अमर ज्योति हैं, जो युगों-युगों तक समाज को प्रकाश देती रहेंगी। **– ललित गर्ग**

# उदन्त मार्तण्ड से एआई तक हिंदी पत्रकारिता के बदलते प्रतिमान

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

भारतीय वांग्मय के पौराणिक संदर्भों को देखें तो देवर्षि नारद संभवतः सृष्टि के पहले पत्रकार कहे जा सकते हैं, जो लोकमंगल हेतु सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि से संजय द्वारा धृतराष्ट्र को सुनाया गया आंखों देखा हाल 'लाइव रिपोर्टिंग' का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक विश्व में पत्रकारिता का बीज 131 ईसा पूर्व रोम के एक्टा डियुर्ना (Acta Diurna) में मिलता है, जो प्रस्तर पट्टियों पर सूचनाएं अंकित कर सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाता था। 15वीं शताब्दी में योहन गूटनबर्ग द्वारा मुद्रण यंत्र (प्रिंटिंग प्रेस) के आविष्कार ने सूचनाओं के इस प्रवाह को पंख लगा दिए और 1605 में विश्व का पहला मुद्रित समाचार पत्र 'रिलेशन' अस्तित्व में आया। हिंदी पत्रकारिता का विधिवत जन्म 30 मई 1826 को हुआ, जब पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कलकत्ता से 'उदन्त मार्तण्ड' (उगता हुआ सूरज) का प्रकाशन प्रारंभ किया। हालांकि भाषायी जटिलताओं और डाक व्यय के कारण यह साप्ताहिक पत्र मात्र छह माह ही चल सका, किंतु इसने हिंदी पत्रकारिता की वह मशाल जला दी थी, जिसे आगे चलकर राजा राममोहन राय जैसे समाज सुधारकों ने संरक्षण दिया। 1850 के दशक तक आते-आते प्रेस नियमों में ढील मिली और हिंदी पत्रों ने अपनी जड़ें जमानी शुरू कीं। 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम ने पत्रकारिता के चरित्र को सूचना से बदलकर विद्रोह कर दिया। इस दौर में पत्रकारों ने कलम को तलवार की तरह इस्तेमाल किया। 20वीं सदी के प्रारंभ में जब स्वतंत्रता आंदोलन तीव्र हुआ, तब पत्रकारिता एक मिशन बन गई। इस कालखंड में महात्मा गांधी का प्रवेश हिंदी पत्रकारिता के लिए स्वर्ण युग सिद्ध हुआ। गांधीजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक प्रखर और आदर्शवादी संपादक भी थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन से जो यात्रा शुरू की थी, उसे भारत में नवजीवन और हरिजन के माध्यम से पराकाष्ठा पर पहुँचाया। गांधीजी का मानना था कि ''पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य सेवा होना चाहिए।'' उन्होंने विज्ञापन रहित पत्रकारिता पर जोर दिया और हिंदी (हिंदुस्तानी) को जन-जन की भाषा बनाने के लिए अपने पत्रों को माध्यम बनाया। उनके संपादन में पत्रकारिता केवल समाचारों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज सुधार और अहिंसक प्रतिरोध का शास्त्र बन गई। 'प्रताप' के गणेश शंकर विद्यार्थी और 'भारत मित्र' के बालमुकुंद गुप्त जैसे योद्धाओं ने गांधीवादी मूल्यों को धार दी। स्वतंत्रता के बाद हिंदी को राजभाषा का गौरव मिला, जिससे पत्र-पत्रिकाओं का विस्तार महानगरों से निकलकर कस्बों तक पहुँचा। दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर और अमर उजाला जैसे समाचार पत्रों ने ग्रामीण भारत की नब्ज पहचानी। यह दौर पत्रकारिता के साहित्यिक स्वरूप का भी था, जहाँ अज्ञेय, धर्मवीर भारती और रघुवीर सहाय जैसे दिग्गजों ने 'दिनमान' और 'धर्मयुग' जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से पत्रकारिता को बौद्धिक गरिमा प्रदान की। 1975 का आपातकाल इस यात्रा का सबसे कठिन पड़ाव था, जहाँ प्रेस की स्वतंत्रता पर पहरे लगे, पर 'सद्भावना' जैसे भूमिगत पत्रों ने लोकतंत्र की लौ जलाए रखी। 1990 के दशक में उदारीकरण ने पत्रकारिता को मिशन से प्रोफ़ेशन और फिर मार्केट (बाजार) में बदल दिया। निजी समाचार चैनलों के उदय ने ब्रेकिंग न्यूज की संस्कृति को जन्म दिया। प्रिंट मीडिया अब रंगीन और बहु-पृष्ठीय हो गया, लेकिन साथ ही पेड न्यूज जैसी विसंगतियां भी उभरीं। 21वीं सदी का दूसरा दशक डिजिटल संक्रमण का रहा। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने हर नागरिक को सिटीजन जर्नलिस्ट बना दिया। आज हिंदी पत्रकारिता सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के दौर में है। जहाँ एक ओर सूचनाएं क्षण भर में वैश्विक हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर फ़ेक न्यूज और प्रेस फ्रीडम की चुनौतियां भी हिमालय की तरह खड़ी हैं। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों का इतिहास 'उदन्त मार्तण्ड' की साधारण स्याही से लेकर आज के डिजिटल पिक्सल तक की महायात्रा है। यह यात्रा दर्शाती है कि माध्यम भले ही बदल गए हों,पत्थर से कागज और कागज से स्क्रीन,परंतु पत्रकारिता की आत्मा आज भी उसी सत्य और जनसरोकार की तलाश में है, जिसका सपना पंडित जुगल किशोर शुक्ल और महात्मा गांधी ने देखा था। आने वाला समय तकनीकी और नैतिकता के बीच संतुलन का है।

## सेहत मंत्र

# स्मोकिंग जितना ही नुकसानदायक है वेपिंग, 4 गुना बढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा


आप सभी ने वेपिंग के बारे में तो सुना ही होता। यह बैटरी से चलने वाले डिवाइस से निकलने वाले धुएं को सांस में लेने का प्रोसेस है। इसको वेप पेन या ई सिगरेट के नाम से भी जाना जाता है। यह सिगरेट पीने की तरह ही होता है। हालांकि इसमें तंबाकू नहीं जलाई जाती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में युवा आबादी के बीच वेपिंग का इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है। युवा अन्य तंबाकू प्रोडक्ट की तुलना में ई-सिगरेट या वेप्स का अधिक उपयोग करते हैं। वहीं कई लोग इसे स्मोकिंग से ज्यादा सेफ मानते हैं। लेकिन वेपिंग से भी व्यक्ति को ऑर्गन डैमेज, सांस लेने में समस्या और लत समेत कई गंभीर नुकसान होते हैं। वेपिंक को सिगरेट पीने की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जाता है। लेकिन वेपिंग से कई तरह की सेहत संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। रेगुलर सिगरेट और ई-सिगरेट में निकोटीन प्राइमरी एजेंट पाया जाता है। जोकि अत्यधिक नशे की लत होती है। निकोटीन एक विषैला पदार्थ है। यह आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करता है। साथ ही एड्रेनालाईन को बढ़ाता है। जिससे हृदय की गति बढ़ जाती है और हार्ट अटैक पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ई-सिगरेट और रेगुलर सिगरेट दोनों में निकोटीन पाया जाता है। यह हेरोइन और कोकीन की तरह ही लत लगाने वाला हो सकता है। ई-सिगरेट या वेपिंग के इस्तेमाल से ऑर्गन डैमेज का खतरा भी हो सकता है। क्योंकि ई-लिक्विड में मौजूद निकोटीन और अन्य पदार्थ आपके फ़ेफड़ों के अलावा दिल और मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इसमें मौजूद निकोटीन ब्रेन के विकास को भी नुकसान पहुंचा सकता है। यह ब्लड प्रेशर को भी बढ़ा सकता है। साथ ही यह आर्टरीज को संकीर्ण कर सकता है। बता दें कि ई-लिक्विड में मौजूद तत्व कैंसर की वजह बनते हैं। वहीं कई अध्ययनों से पता चलता है कि ई-सिरगेट के इस्तेमाल से फ़ेफड़ों से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इसके इस्तेमाल से अस्थमा का खतरा भी बढ़ सकता है।

## धर्म मंत्र

# शिव दर्शन में समाहित है लोककल्याण

शिव की महिमा अपरंपार है। क्योंकि एक ही तत्व की तीन परम मूर्तियों यानी ब्रह्मा, विष्णु और शिव में सबसे अन्तिम मूर्ति का नाम ही शिव है। शिव ही शंकर भी हैं। ब्रह्मा का कार्य सृष्टि करना, विष्णु का कार्य पालन करना और शिव का कार्य संहार करना है। परन्तु साम्प्रदायक शैवों के अनुसार, शिव ही परम तत्व हैं और उनके कार्यों में संहार के अतिरिक्त सृष्टि और पालन के कार्य भी सम्मिलित हैं। शिव परम कारुणिक भी हैं और उनमें अनुग्रह अथवा प्रसाद तथा तिरो भाव यानी गोपन और लोपन की क्रिया भी पायी जाती है। इस प्रकार उनके कार्य पांच प्रकार के हैं। शिव की विभिन्न अभिव्यक्तियां इन्हीं कार्यों में से किसी न किसी से सम्बन्धित हैं, प्रभावित हैं, अनुप्राणित हैं। शिव का उद्देश्य ही भक्तों का कल्याण करना है। शिव विभिन्न कलाओं और सिद्धियों के प्रवर्तक भी माने गये हैं। संगीत, नृत्य, योग, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्तक शिव ही तो हैं। इनकी कल्पना सब जीवधारियों के स्वामी के रूप में की गयी है। इसी लिये यह पशुपति, भूतपति और भूतनाथ भी कहे गये हैं। शिव सभी देवताओं में श्रेष्ठ कहे गये हैं। इसी लिये महेश्वर और महादेव इनके विरुद पाये जाते हैं। इनमें माया की अनन्त शक्ति है, इसी लिये शिव मायापति भी हैं। उमा के पति होने से शिव का एक पर्याय उमापति भी है। इनके अनेक विरुद और पर्याय हैं। महाभारत 13,17 में इनकी एक लम्बी सहस्त्रनाम सूची है। शिव की कल्पना की उत्पत्ति और विकास का क्रम वैदिक साहित्य से ही मिलना शुरु हो जाता है। ऋग्वेद में रुद्र की कल्पना में ही शिव की अनेक विशेषताओं को बतलाया गया है।

## पर्यटन



# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अद्भुत संगम है डलहौज़ी

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित डलहौज़ी एक सुंदर और शांत पहाड़ी स्थल है, जो अपनी ठंडी जलवायु, हरे-भरे देवदार के जंगलों, और औपनिवेशिक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। समुद्र तल से लगभग 1,970 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह शहर 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा स्थापित किया गया था और आज भी अपने ब्रिटिश युग की विरासत को सहेजे हुए है। डलहौज़ी एक ऐसा स्थल है जहाँ प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और शांति का अनोखा मिश्रण देखने को मिलता है। यहाँ की वादियाँ, झीलें, जलप्रपात और दूर-दूर तक फैले पहाड़, किसी चित्रकार की कल्पना जैसे प्रतीत होते हैं। यह स्थल उन यात्रियों के लिए आदर्श है जो भीड़-भाड़ से दूर, सुकून के पल बिताना चाहते हैं। डलहौज़ी से लगभग 22 किमी दूर स्थित खजियार एक छोटा सा पठार है, जिसे घास के मैदान, झील और देवदार के पेड़ों से घिरा हुआ माना जाता है। यहाँ की खूबसूरती और खुला मैदान बच्चों और फोटोग्राफरों को बेहद पसंद आता है। यह जंगल क्षेत्र वन्य जीव प्रेमियों और ट्रेकिंग करने वालों के लिए आदर्श स्थान है। यहाँ से धौलाधार पर्वतमाला के अद्भुत दृश्य दिखाई देते हैं। डलहौज़ी के पास स्थित यह जलप्रपात गर्मियों में बेहद लोकप्रिय होता है। यहाँ की ताजगीभरी हवा और पानी की कलकल ध्वनि मन को शांति देती है। यह एक शांत जगह है जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस कुछ समय के लिए ठहरे थे। यह स्थान घने पेड़ों और पानी के झरनों से घिरा है। ब्रिटिश काल में बनी ये चर्चें औपनिवेशिक वास्तुकला की सुंदर मिसाल हैं और पर्यटकों को अतीत से जुड़ने का अवसर देती हैं। मार्च से जूनः गर्मियों में ठंडी और सुहावनी जलवायु के लिए उपयुक्त। सितंबर से नवंबरः हरियाली और पर्वतीय शांति के लिए आदर्श। दिसंबर से फरवरीः बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए स्वर्ग समान। हवाई मार्गः निकटतम हवाई अड्डा पठानकोट (लगभग 75 किमी) है। रेल मार्गः निकटतम रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहाँ से टैक्सी या बस के माध्यम से डलहौज़ी पहुँचा जा सकता है।

# डीएम ईशान ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात अधिकारी द्वय ने कारागार के भीतरी परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू एवं क्रियाशील रहें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जितेंद्र सिंह सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नूरापुर को मिला आधुनिक मनरेगा पार्क का तोहफा

## 16 लाख की लागत से बना पार्क, ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिद्धौर बाराबंकी। ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विकासखंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत नूरापुर में मनरेगा योजना के तहत लगभग 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वर्गीय जगतपाल सिंह मनरेगा पार्क का लोकार्पण हैदरगढ़ विधायक दिनेश कुमार रावत एवं ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने संयुक्त रूप से किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे गांवों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि विकासखंड सिद्धौर में कुल 10 खेल मैदान एवं पार्क विकसित किए जाने हैं। इनमें से छह परियोजनाओं का लोकार्पण हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर हैं और जल्द ही जनता को समर्पित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में प्रशासक रिंकी सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# अवैध खनन पर प्रशासन का बड़ा प्रहार ट्रैक्टर-ट्रॉली लोडर और जेसीबी सीज : खनन माफियाओं में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं पर शिकंजा कस दिया। शनिवार को थाना असंद्रा क्षेत्र के खरिका फूल गांव में अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी के नेतृत्व में छापेमारी की गई। मौके पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक लोडर तथा एक छोटी जेसीबी अवैध खनन कार्य में संलिप्त पाई गई। प्रशासनिक टीम ने संबंधित लोगों से खनन के वैध अभिलेख और अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन कोई भी आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखाया जा सका। जांच में यह भी सामने आया कि खनन की गई मिट्टी को बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया तथा उन्हें असंद्रा कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# तबादला आदेश पर भारी पड़ा जुगाड़! सप्ताह भर में ही डीपीआरओ की वापसी चर्चा में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कहा जाता है कि मजबूत पहुंच और प्रभाव के दम पर बड़े-बड़े फैसले भी बदल जाते हैं। जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) नितेश भंडोले का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि उनके तबादले का आदेश जारी होने के सप्ताह भर के भीतर ही आदेश निरस्त हो गया, जिससे प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार डीपीआरओ नितेश भंडोले पर जनप्रतिनिधियों की बातों को नजरअंदाज करने तथा कार्यशैली को लेकर विभिन्न स्तरों पर शिकायतें की गई थीं। बताया जाता है कि इसी बीच उनका तबादला कर उन्हें मुख्यालय से संबद्ध किए जाने का आदेश जारी हुआ था। हालांकि तबादला आदेश जारी होने के कुछ ही दिनों बाद आदेश निरस्त होने की खबर सामने आई, जिसके बाद इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि मजबूत संपर्कों और प्रभाव के चलते यह बदलाव संभव हो सका। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। फिलहाल तबादला निरस्तीकरण का यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसके पीछे की वास्तविक वजह जानने को उत्सुक हैं।

## नाली सफाई के दौरान सफाईकर्मी से अभद्रता, पुलिस से कार्रवाई की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में नाली सफाई के दौरान विवाद का मामला सामने आया है सफाईकर्मी राजवीर ने गांव के एक व्यक्ति पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा है राजवीर का कहना है कि वह गांव में सफाई कार्य कर रहे थे, तभी अवध बिहारी नामक व्यक्ति वहां पहुंचे और तुरंत अपने घर के सामने की नाली साफ करने का दबाव बनाने लगे सफाईकर्मी द्वारा अगले दिन सफाई करने की बात कहने पर आरोपी ने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और हाथापाई पर उतर आया पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी खुद को गांव की प्रधानी चलाने वाला बताते हुए आए दिन धमकियां देता है मामले में पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

## अधिशासी अभियंता अमिजीत ने संभाला कार्यभार

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत अधिशासी अभियंता अमिजीत सिंह ने बुढवल विद्युत उपकेंद्र का कार्यभार ग्रहण किया।पदभार संभालते ही उन्होंने उपकेंद्र पावर हाउस और कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की तथा कर्मचारियों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बताया।ज्ञात हो कि पूर्व में यहां अधिशासी अभियंता रहे हरिपाल सिंह को अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उनके निलंबन पक्ष अमिजीत सिंह की नियुक्ति की गई है।

## संजय सेतु,मरम्मत कार्य प्रगति पर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संजय सेतु मरम्मत कार्य तेजी से जारी है।और 10 जून तक इसके पूरा होने की उम्मीद जताई गई है।लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस कार्य में पुल के 95 प्रतिशत हिस्से का काम पूरा हो चुका है।ज्वाइंट मिस्टिक और अधिकांश वायरिंग कार्य संपन्न हो गया है जबकि अब डामर बिछाने का काम शेष है।अधिकारियों के अनुसार मौसम अनुकूल रहने पर तय समय में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## लो वोल्टेज, किसानों का उप केंद्र पर प्रदर्शन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुढ़वल विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट के जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।किसानों ने सैदनपुर फीडर में लंबे समय से चल रही लो वोल्टेज समस्या गलत बिजली बिल ट्रांसफार्मर अपग्रेड और विद्युत आपूर्ति बाधित रहने जैसी समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का जल्द समाधान न होने पर संगठन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा।अधिकारियों ने मांगों के समाधान का आश्वासन दिया है।

## जिलाधिकारी ने घर पहुंचकर क्षय रोगियों को वितरित की पोषण पोटली

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन अभियान को गति देने और मरीजों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को नगर क्षेत्र के बसियवा एवं रामनाथ देवरिया मोहल्लों में पहुंचकर टीबी मरीजों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता के साथ दो क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मरीजों और उनके परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि क्षय रोग पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। समय पर पहचान, नियमित दवा सेवन और पौष्टिक आहार के माध्यम से इस रोग पर पूर्ण नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को चिकित्सकों की सलाह के अनुसार नियमित रूप से दवाएं लेने और संतुलित भोजन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सकारात्मक सोच और नियमित उपचार से वे जल्द स्वस्थ हो सकते हैं।

# मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर पंचायत सहायकों ने खोला मोर्चा, 1 जून से कार्य बहिष्कार का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। मानदेय वृद्धि, सेवा नियमावली के गठन तथा कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की मांग को लेकर पंचायत सहायकों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। पंचायत सहायकों ने एक जून से मोबाइल आधारित समस्त कार्यों एवं ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विकास खंड निंदूरा के पंचायत सहायकों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश भर के पंचायत सहायक लंबे समय से अल्प मानदेय, सेवा नियमावली के अभाव और संसाधनों की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके बावजूद उनसे विभिन्न डिजिटल एवं प्रशासनिक कार्यों का लगातार दायित्व निभाने की अपेक्षा की जा रही है।

पंचायत सहायकों का कहना है कि उनकी मांगों पर लंबे समय से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में उन्होंने एक जून से मोबाइल आधारित सभी कार्यों तथा ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी दो सप्ताह के भीतर मानदेय वृद्धि, सेवा नियमावली के निर्माण तथा मोबाइल फोन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता संबंधी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश के सभी पंचायत सहायक 15 जून को लखनऊ स्थित इको गार्डन में धरना-प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन में शासन और प्रशासन से पंचायत सहायकों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान निकालने की मांग की गई है। पंचायत सहायकों ने संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग और समर्थन की अपेक्षा जताई है।

# तटबंधों और राहत व्यवस्थाओं पर रखी जा रही पैनी नजर : एडीएम निरंकार सिंह

## नेपाली पानी के खतरे को लेकर प्रशासन अलर्ट, एडीएम ने तटबंधों और बाढ़ चौकियों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी नेपाल से छोड़े जाने वाले पानी के कारण तराई क्षेत्र में संभावित बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी श्री निरंकार सिंह ने विकासखंड रामनगर एवं सूरतगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर तटबंधों, बाढ़ चौकियों तथा कटानरोधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कुशौरा क्षेत्र में प्रस्तावित स्पर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की, वहीं तेजवापुरवा एवं तपेशिपाह गांवों में चल रहे कटानरोधी कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों की स्थिति, राहत सामग्री की उपलब्धता तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों की भी जानकारी ली।

अपर जिलाधिकारी श्री निरंकार सिंह ने कहा कि ''जिला प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। तटबंधों की सुरक्षा, कटानरोधी कार्यों और राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं नुकसान को न्यूनतम रखा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखा जाए तथा ग्रामीणों को समय-समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार विपुल सिंह, अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। नेपाल से आने वाले पानी की बढ़ती आशंका के बीच प्रशासन की सक्रियता से तराई क्षेत्र के लोगों में भरोसा जगा है कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# मिट्टी पर बिछ रहा डामर! सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने रुकवाया काम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मसौली क्षेत्र में निर्माणाधीन अछेछा-त्रिलोकपुर बेरिया संपर्क मार्ग पर घटिया निर्माण सामग्री और मानकों की अनदेखी की जा रही है। शिकायत पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा नज़रंदाज़ से नाराज़ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुर किया। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से बन रही सड़क में गड्ढों को गिट्टी और पत्थर से भरने के बजाय मिट्टी डालकर उसके ऊपर डामर बिछाया जा रहा है, जिससे सड़क हाथ लगाने मात्र से उखड़ रही है। जानकारी के अनुसार, किसानों के अंशदान से वर्षों पहले बनी करीब दो किलोमीटर लंबी अछेछा-त्रिलोकपुर बेरिया संपर्क मार्ग की सड़क जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई थी। आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए मंडी परिषद द्वारा सड़क का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें डामर की परत हाथ लगाने पर ही उखड़ती दिखाई दे रही है। वीडियो में डामर के नीचे गिट्टी या पत्थर की जगह मिट्टी नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित मानकों के अनुसार पहले सड़क की मजबूत आधार परत तैयार की जानी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा सीधे मिट्टी पर डामरीकरण कर दिया गया। बेरिया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान चांद बाबू राइन सहित रईस, मंसाराम, सुनील कुमार, अनूप कुमार, ओमकार, अंकित, मोहम्मद रफीक, नियाज, मोहम्मद अमीन, ताज मोहम्मद, नसरुद्दीन, मोहम्मद असलम, अजय कुमार और संदीप कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि वर्षों बाद सड़क निर्माण का अवसर मिला है, लेकिन यदि इसी प्रकार घटिया निर्माण हुआ तो सड़क कुछ ही महीनों में फिर खराब हो जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर मानक के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, मामले पर अवर अभियंता सत्येंद्र पाल ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मौके की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तथा निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि निर्माण की गुणवत्ता पर समय रहते निगरानी नहीं हुई तो सरकारी धन के साथ-साथ लोगों की उम्मीदें भी मिट्टी में मिल जाएंगी।

# बाराबंकी में 2532 बिना पंजीकरण वाहनों का बड़ा खेल उजागर

## डीएम ईशान प्रताप सिंह की सख्ती से परिवहन विभाग में मचा हड़कंप, 9 बड़े वाहन डीलरों पर कार्रवाई की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिले में वाहन बिक्री और पंजीकरण व्यवस्था में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। परिवहन विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि जनपद में करीब 2532 दोपहिया और चारपहिया वाहन बिना स्थायी पंजीकरण और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (क्ष्ट्टघ्) के ही ग्राहकों को सौंप दिए गए। मामले के सामने आते ही परिवहन विभाग और वाहन विक्रेताओं में खलबली मच गई है। नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के दौरान परिवहन विभाग के रिकॉर्ड की विशेष जांच कराई गई। जांच में बड़ी संख्या में लंबित वाहन पंजीकरण मामलों का खुलासा हुआ, जिसके बाद सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ने जिले के नौ प्रमुख वाहन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

एक सप्ताह का अल्टीमेटम- परिवहन विभाग ने संबंधित डीलरों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर लंबित पंजीकरण अभिलेख और पत्रावलियां जमा नहीं की गईं, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 44 के तहत उनके ट्रेड सर्टिफिकेट निरस्त किए जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित शोरूमों की वाहन बिक्री भी प्रभावित हो सकती है।

जनता की सुरक्षा पर बड़ा सवाल- विशेषज्ञों के अनुसार बिना पंजीकरण वाहन सड़क पर चलाना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। यदि ऐसे वाहन से दुर्घटना होती है तो बीमा दावों में भी बाधा आ सकती है और वाहन स्वामी को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इससे स्पष्ट है कि मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

**इन डीलरों पर सबसे अधिक लंबित मामले**

विभागीय नोटिस के अनुसार कुछ प्रमुख वाहन विक्रेताओं के यहां बड़ी संख्या में वाहन पंजीकरण लंबित पाए गए हैं। इनमें कल्याण मोटर्स, श्री भगवती एजेंसीज, एसएसडी ऑटोमोबाइल्स और ओला इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। प्रशासन की सख्ती से बढ़ा दबाव- सूत्रों का कहना है कि यदि कार्रवाई आगे बढ़ती है तो जिले के वाहन कारोबार पर व्यापक असर पड़ सकता है। प्रशासन का उद्देश्य लंबित पंजीकरण मामलों का समयबद्ध निस्तारण कर परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जनहित और राजस्व से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली की लगातार निगरानी की जा रही है और लंबित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## आक्रामक आरसीबी का लक्ष्य लगातार दूसरी ट्रॉफी फाइनल में मजबूत गुजरात टाइटंस से होगी टक्कर

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है। कागजों पर मौजूदा चैंपियन आरसीबी को 2022 की विजेता टाइटंस के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे टूर्नामेंट में उनका बेखौफ और जोखिम भरा खेल बेहद प्रभावशाली रहा है। यह आक्रामक रणनीति कभी-कभी टीम को मुश्किल में भी डालती रही है, लेकिन विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल,



टिम डेविड, कप्तान रजत पाटीदार, उपलब्ध रहने पर फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर ने लगातार आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की है। पहले क्वालीफायर में आरसीबी ने इसी बेखौफ अंदाज से टाइटंस को शिकस्त दी थी। पिच की स्थिति या विरोधी गेंदबाजी रणनीति का भी उनके इस आक्रामक रवैये पर बहुत कम असर पड़ा है, और इस सत्र में कोई अन्य टीम उतनी बार 200 से अधिक रन नहीं बना सकी है जितनी बार आरसीबी ने बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार की शांत और संतुलित नेतृत्व शैली ने भी पिछले दो सत्रों में टीम को स्थिरता दी है। वह पूर्व कप्तानों विराट कोहली या फाफ डु प्लेसिस जितने भावनात्मक रूप से मुखर नहीं हैं, लेकिन उनके फैसलों में आत्मविश्वास झलकता है, जिससे टीम के अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों सहज महसूस करते हैं। आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी इस बार किफायती और प्रभावी रही है, जिसने पावरप्ले में ही विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई वाली इस गेंदबाजी को गुजरात टाइटंस के शानदार लय में चल रहे शीर्ष क्रम के खिलाफ अपने सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर, इस टूर्नामेंट में जहां अधिकांश टीमें पावरप्ले में 11-12 रन प्रति ओवर की रफ्तार से खेल रही हैं, वहीं गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अपेक्षाकृत संयमित रफ्तार अपनाई है, जो नौ रन प्रति ओवर से थोड़ा अधिक रही है। यह पारंपरिक रणनीति इसलिए भी है क्योंकि गुजरात का मध्यक्रम अपेक्षाकृत कमजोर है और टीम की बल्लेबाजी का अधिकांश भार शीर्ष तीन बल्लेबाजों (गिल, सुदर्शन और जोस बटलर) पर ही रहता है। इसके बावजूद इन तीनों ने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। गिल ने 722 रन (स्ट्राइक रेट 163), सुदर्शन ने 710 रन (स्ट्राइक रेट 159) और बटलर ने 507 रन (स्ट्राइक रेट 157) बनाए हैं।

## वैभव सूर्यवंशी जल्द पहन सकते हैं टीम इंडिया की जर्सी : कुमार संगकारा

एजेंसी

न्यू चंडीगढ़। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जल्द ही भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने कहा कि आईपीएल 2026 में जिस तरह वैभव ने दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी की है, उससे साबित होता है कि वह बड़े स्तर की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बावजूद 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का समापन ऑरेंज कैप विजेता के रूप में किया। पिछले चार मैचों में यह उनकी तीसरी 90 से अधिक रनों की पारी रही। मैच के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगकारा ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स को वैभव के प्रदर्शन पर बेहद गर्व है और फ्रेंचाइजी यह सुनिश्चित करना चाहती है



कि वह आगे भी अपने निडर खेल और सकारात्मक सोच को बनाए रखें। वैभव के भारतीय टीम में चयन की संभावनाओं पर संगकारा ने कहा, ''किसी खिलाड़ी के तैयार होने का सही आकलन तभी होता है जब वह बड़े स्तर पर खेलता है। लेकिन वैभव ने अब तक जो दिखाया है, उससे मुझे लगता है कि वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। मुझे पूरा विश्वास है कि उसे बहुत जल्द भारतीय टीम से बुलावा मिलेगा। संगकारा ने कहा कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव की 96 रनों की पारी उनकी परिपक्वता का प्रमाण थी। उन्होंने बताया कि उपयोग की जा चुकी धीमी पिच पर और लगातार विकेट गिरने के बीच यह पारी खेलना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, वैभव परिस्थितियों को बहुत अच्छी तरह समझता है। वह मैच की जरूरत के अनुसार बल्लेबाजी करता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। संगकारा ने बताया कि राजस्थान रॉयल्स ने वैभव के लिए एक विशेष योजना तैयार की है ताकि उसका विकास सही दिशा में हो सके। उन्होंने कहा, ''हम उसके दिमाग पर अनावश्यक दबाव नहीं डालना चाहते। वह टीम बैठकों में हिस्सा लेता है, अपनी राय देता है, वीडियो देखकर तैयारी करता है और खूब मेहनत करता है। हम चाहते हैं कि वह खुलकर और निडर होकर बल्लेबाजी करता रहे। उन्होंने यह भी बताया कि मेडिकल टीम के साथ मिलकर वैभव के लिए आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और नागपुर में आयोजित होने वाले टीम शिविरों में उसे पर्याप्त अभ्यास के अवसर दिए जाएंगे।

## सूर्यवंशी के हाथ बेहद तेज, वह गेंद को जल्दी परख लेते हैं: रबाडा

एजेंसी

मुल्लांपुर। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर सराहना हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में उनके दबदबे की सबसे बड़ी वजह उनकी तेज बल्लेबाजी तकनीक और गेंद की लेंथ को जल्दी पढ़ने की क्षमता है। सूर्यवंशी ने एलिमिनेटर और दूसरे क्वालीफायर में क्रमशः 97 और 96 रन की शानदार पारियां खेली। शुक्रवार को उनकी 96 रन की पारी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स फाइनल में जगह नहीं बना सकी। टीम दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस से सात विकेट से हार गई। टाइटंस के रबाडा ने जियोहॉटस्टार से बातचीत में कहा, ल्लवह क्रिकेट में दिलचस्पी रखने वाले हर किसी को लगातार चौंका रहे हैं । उनके हाथ बहुत तेज हैं और वह गेंद की लेंथ को जल्दी पकड़ लेते हैं। उनमें जबरदस्त ऊर्जा है। उन्होंने आगे कहा, ल्लजब आप युवा होते हैं तो आपके अंदर ऊर्जा और निडरता होती है और यही उन्होंने दिखाया है। उनके खेल में एक प्राकृतिक प्रवृत्ति है, जो उन्हें इस स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करने में मदद कर रही है। रबाडा ने स्पष्ट कहा कि इस समय उम्र को बिल्कुल किनारे रख देना चाहिए। उन्होंने कहा, इस स्तर पर उम्र का कोई मतलब नहीं है। वह जो कर रहे हैं, वह वाकई अद्भुत है। रबाडा ने इस मुकाबले में गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभाई और चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट हासिल किए। हालांकि उन्होंने माना कि उनकी टीम के गेंदबाज कई मौकों पर अपनी लाइन-लेंथ से भटके। उन्होंने कहा, हमने अपनी ताकत के अनुसार शुरुआती विकेट लेने की कोशिश की और दो विकेट भी मिले, लेकिन हम कुछ ज्यादा शॉर्ट गेंदें डाल बैठे, जबकि हमें शुरुआत में अधिक सटीक होना चाहिए था। रबाडा ने अपने गेंदबाजी साथी मोहम्मद सिराज की भी तारीफ की और कहा कि उनके साथ मिलकर गेंदबाजी करने से विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, ''सिराज इस सत्र में मेरे साथी हैं। हम साझेदारी में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वह दूसरे छोर से दबाव बना रहे हैं, तो उम्मीद है कि मैं भी वैसा ही कर पाऊंगा और इसी तरह हमें विकेट मिलते हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस गेंदबाज ने कहा, ''न्हें सब जानते हैं। उनमें बहुत हिम्मत है और कौशल भी। उनके साथ गेंदबाज़ी करना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि इससे विकेट मिलने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि दूसरे छोर पर कोई उतना ही, या उससे भी ज़्यादा दबाव बना रहा होता है।

## पैरा विश्व चैंपियनशिप के दौरान नीरज भाई की सलाह ने मदद की: सुमित अंतिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा कि विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की सलाह ने उनके करियर को नई दिशा दी और इसी मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने 74.82 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। सुमित ने बुधवार को बेंगलुरु में आयोजित आठवीं भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक एफ64 वर्ग में अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर को 1.53 मीटर के बड़े अंतर से तोड़ दिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। महाराष्ट्र के संदीप सागर ने 62.88 मीटर के साथ रजत पदक जीता जो अंतिल से लगभग 12 मीटर पीछे रहे। सोनीपत स्थित अपने घर से पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में अंतिल ने बताया कि नीरज चोपड़ा ने पिछले वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित पैरा



विश्व चैंपियनशिप के दौरान उनकी तकनीक पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, जिसका उन्हें अब सीधा लाभ मिल रहा है। अंतिल ने कहा, ''नीरज भाई समय-समय पर मेरा मार्गदर्शन करते हैं। पिछले साल नयी दिल्ली में पैरा विश्व चैंपियनशिप में मेरा थ्रो देखने वे आए थे। उन्होंने मेरी कुछ कमियां बताईं। इसलिए मुझे यहां इसका फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''मेरे कोच और नीरज भाई अच्छे दोस्त हैं, और वे मेरी तकनीक के बारे में आपस में बात करते रहते हैं। इसलिए हम सब मिलकर बार-बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। और एक पैरा एथलीट के लिए 75 मीटर का थ्रो बहुत लंबा होता है। अंतिल ने तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता के साथ अभ्यास भी किया है। उन्होंने अपने करियर पर नीरज के प्रभाव के बारे कहा, ''कभी-कभी नीरज भाई से तुलना किए जाने पर अच्छा लगता है क्योंकि वे भी मेरे आदर्श हैं। कभी-कभी जब तुलना गलत तरीके से की जाती है तो आप सोचते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है, क्योंकि मैं और नीरज बिल्कुल अलग-अलग श्रेणियों में आते हैं (स्वस्थ और अर्ध-दिव्यांग) तो फिर तुलना क्यों? उन्होंने कहा ,'' मैं मुख्य रूप से नीरज भाई से समय-समय पर सलाह लेने और उनसे बात करने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। एक एथलीट के रूप में, वह बहुत मजबूत हैं, लेकिन एक व्यक्ति के रूप मे, वह उससे भी बेहतर हैं। अंतिल ने अपना लक्ष्य 80 मीटर तक पहुंचने पर केंद्रित कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य 75 मीटर को लगातार हासिल करना और फिर 77-78 मीटर की स्थिरता बनाना है, जिससे भविष्य में 80 मीटर का आंकड़ा हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा, मैंने पिछले ढाई साल से इस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश की थी। अब आगे मेरा लक्ष्य और बेहतर प्रदर्शन करना है। हरियाणा के इस एथलीट ने कहा कि आगामी पैरा एशियाई खेलों जैसी प्रतियोगिताओं से पहले उन्हें अपना वजन और कम करने और अपनी तकनीक पर काम करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराया, मैत्री श्रृंखला 2-2 से बराबर

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के चौथे और अंतिम मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन अंततः 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस परिणाम के बावजूद चार मैचों की श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। भारतीय टीम ने शनिवार को खेले गए इस मुकाबले की शानदार शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई और शुरुआती दबाव ऑस्ट्रेलिया पर बना दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। दीपिका सोरेंग (23वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक भारतीय टीम पूरी तरह मुकाबले पर नियंत्रण बनाए हुए थी और 2-0 की बढ़त के साथ ब्रेक पर गई। तीसरे क्वार्टर में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार वापसी की। एबी विल्सन (42वें मिनट) ने पहला गोल कर अंतर कम किया, जबकि इसके दो मिनट बाद ही ओलिविया डाउनस (44वें मिनट) ने गोल दागकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। मुकाबला अंतिम क्षणों तक रोमांचक बना रहा, लेकिन कोर्टनी शोनल (58वें मिनट) ने निर्णायक गोल कर ऑस्ट्रेलिया को 3-2 की बढ़त दिला दी, जो अंत तक कायम रही। हालांकि भारतीय टीम अंतिम मुकाबला हार गई, लेकिन इस दौरे से उसे कई सकारात्मक बातें मिलीं। श्रृंखला के पहले मैच में हार के बाद टीम ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो मुकाबले जीते और पूरे दौरे में अपने जुझारूपन, सामरिक अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड में होने वाले एफआईएच नेशंस कप से पहले यह श्रृंखला भारतीय महिला टीम के लिए बेहतरीन तैयारी साबित हुई है, जिससे आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र में टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।

### अंडर-18 महिला एशिया कप: नौशीन के दो गोल से भारत ने मलेशिया को हराया

**काकामिगहारा (जापान)।** पंद्रह साल की नौशीन नाज की दो गोल की मदद से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के पूल ए के एक मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। मैच के पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन नौशीन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 19वें मिनट में भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नौशीन ने इसके बाद 28वें मिनट में एक और शानदार गोल दागा। उन्होंने मलेशिया की गोलकीपर को चकमा देते हुए सटीक शॉट लगाया और भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया जिससे मध्यांतर तक भारत मजबूत स्थिति में रहा। तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इस गोल से मुकाबला रोचक होने के बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने चौथे क्वार्टर में मजबूती दिखाते हुए विपक्षी टीम को कोई और सफलता नहीं लेने दी और बढ़त को बरकरार रखा। पूरे मैच के दौरान भारत ने कई आक्रामक मौके बनाए और कुल 16 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन टीम केवल दो को ही गोल में बदल सकी। दो गोल करने वाली नौशीन नाज़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस जीत के साथ भारत पूल ए में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। दोनों टीमों के तीन-तीन अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर कोरिया आगे है। भारत अपना अगला पूल मुकाबला रविवार को कोरिया के खिलाफ खेलेगा, जो शीर्ष स्थान के लिए अहम मुकाबला होगा।

### आईआईएफसीएल का 2025-26 में लाभ 36 प्रतिशत घटकर 1,379 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत घटकर 1,379 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,165 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आईआईएफसीएल ने 2025-26 में अब तक का सर्वाधिक 57,680 करोड़ रुपये की मंजूरी दी जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक रोहित ऋषि ने बताया कि इस अवधि में वितरण 16 प्रतिशत बढ़कर 32,972 करोड़ रुपये हो गया, जिससे देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण को मजबूत गति मिली है।

## फ्रेंच ओपन में बड़ा उलटफ़ेर: 19 वर्षीय जोआओ फोन्सेका ने नोवाक जोकोविच को किया बाहर

एजेंसी

पेरिस। फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफ़ेरों का सिलसिला जारी है। विश्व टेनिस के दिग्गज और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना शुक्रवार को टूट गया, जब उन्हें तीसरे दौर में ब्राजील के 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले इस मुकाबले में जीत दर्ज कर फोन्सेका ने इतिहास रच दिया। वह ग्रैंड स्लैम मुकाबले में जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बन गए। इस जीत के साथ उन्होंने खुद को भविष्य के बड़े दावेदारों में शामिल कर लिया है। जोकोविच की हार का मतलब है कि 39 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को अब भी मार्गरेट कोर्ट के 25



ग्रैंड स्लैम खिताबों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का इंतजार करना पड़ेगा। एक दिन पहले ही विश्व नंबर एक यानिक सिनर के बाहर होने के बाद यह परिणाम पेरिस में खिताब की दौड़ को और खुला बना गया है। मैच के बाद भावुक फोन्सेका ने कहा,''मुझे सच कहूं तो विश्वास नहीं था कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं। मैं सिर्फ कोर्ट पर जाकर खेल का आनंद लेना चाहता था। जोकोविच जैसे महान खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने आगे कहा,''मैं हर गेंद को पूरी ताकत से मारने की कोशिश कर रहा था। जोकोविच शायद ही कोई गलती करते हैं और आज भी उनकी फिटनेस अद्भुत है। मैच के अंत में वह मुझसे ज्यादा फिट नजर आ रहे थे। फोन्सेका ने यह ऐतिहासिक जीत अपनी मां को समर्पित की, जिनका उसी दिन जन्मदिन था और वे दर्शक दीर्घा में मौजूद थीं। एक सप्ताह पहले ही 39 वर्ष के हुए जोकोविच ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। उन्होंने पहले सेट में शुरुआती छह में से पांच गेम जीतकर युवा प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बना दिया। शानदार लॉब, दमदार फोरहैंड और बेहतरीन ड्रॉप शॉट्स की मदद से उन्होंने पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी फोन्सेका ने संघर्ष किया, लेकिन पांचवें गेम में सर्विस गंवाने के बाद जोकोविच ने बढ़त मजबूत कर ली और सेट जीतकर मुकाबले में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।

## ऑलराउंड वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराया

एजेंसी

डबलिन। आयरलैंड में महिला ट्राई-सीरीज में वेस्टइंडीज को दो में से दो मैच जीतने में मदद करने के लिए कई खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। गुरुवार को मेजबान टीम के खिलाफ अपना पहला गेम जीतने के बाद, वेस्टइंडीज ने सिर्फ 24 घंटे बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और एशियाई टीम को 25 रन से हरा दिया। हालांकि डिएंड्रा डॉटिन और कियाना जोसेफ ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन कप्तान हेली मैथ्यूज ने 20 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 40 रन बनाकर अपनी टीम के लिए शुरुआत में ही लय बना दी। मैथ्यूज के जाने के बाद स्टेफनी टेलर ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन 39 रन पर आउट हो गईं। डेथ ओवर्स में, चिनेल हेनरी और जैनिलिया ग्लासगो की जोड़ी ने पाकिस्तान के अटैक की धज्जियां उड़ा दीं और वेस्टइंडीज को 200 रन से एक रन कम बनाने में मदद की। हेनरी 33 रन बनाकर नाबाद रहीं, जैनिलिया ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए 200 का टारगेट हमेशा से ही मुश्किल था और पहले चार ओवर में तीन विकेट गंवाने से उनकी मदद नहीं हुई। गुल फिरोजा के पहले ओवर में आउट होने के बाद हेनरी ने दूसरे ओवर में मुनीबा अली को आउट किया। हेनरी ने आयशा ज़फर को भी आउट किया, जिससे पाकिस्तान 28/3 पर लड़खड़ा गया। पाकिस्तान अगर 174/8 तक पहुंच पाया, तो इसका बड़ा कारण निचले क्रम में आलिया रियाज़ और फातिमा सना की कोशिशें थीं। इससे पहले, सायरा जबीन ने 19 गेंदों में 30 रन बनाकर पारी को संभाला। रमीन शमीम और इरम जावेद ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़े स्कोर नहीं बना पाए।

## ओमान को निर्यात के लिए एक जून से ऑनलाइन जारी होंगे तरजीही प्रमाणपत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने कहा कि भारत-ओमान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत निर्यात के लिए आवश्यक 'मूलस्थान का तरजीही प्रमाणपत्र' एक जून से 'ट्रेड कनेक्ट' पोर्टल के जरिए जारी किए जाएंगे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि यह सुविधा ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी, जो भारतीय निर्यात के लिए मूलस्थान के सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणपत्र जारी करने का एकीकृत डिजिटल मंच है। यह प्रमाणपत्र उन निर्यातकों के लिए आवश्यक होता है जो व्यापार समझौतों के तहत आयात करने वाले देशों में सीमा शुल्क रियायतों का लाभ लेना चाहते हैं। सरकार ने बताया कि यह व्यवस्था एक जून 2026 से भारत-ओमान व्यापार समझौते के प्रभाव में आने के साथ शुरू कर दी जाएगी। इस समझौते पर दिसंबर 2025 में हस्ताक्षर किए गए थे।

## सरकार ने गन्ना नियंत्रण आदेश के मसौदे को वापस लिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे को वापस ले लिया है। विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त आपत्तियों के मद्देनजर इसे पुनः समीक्षा के लिए भेजा जाएगा। खाद्य मंत्रालय ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा, ल्लराज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों/टिप्पणियों के आधार पर यह आवश्यक माना गया है कि गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे पर पुनर्विचार किया जाए। मंत्रालय ने इस मसौदे को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए जारी किया था, जिसकी अंतिम तिथि 20 मई तय की गई थी। यह मसौदा 60 साल पुराने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 को बदलने के उद्देश्य से तैयार किया गया था,



जिसमें एथनॉल और खांडसारी क्षेत्रों को सरकारी नियमन के दायरे में लाने का प्रस्ताव शामिल था। इस प्रस्ताव का खांडसारी इकाइयों और किसानों ने विरोध किया था। मसौदे में खांडसारी इकाई की परिभाषा बदलकर उसे 10 से अधिक श्रमिकों और प्रतिदिन 500 टन से अधिक पेराई क्षमता वाली इकाई के रूप में परिभाषित करने का प्रस्ताव था। मौजूदा नियमों के तहत खांडसारी इकाई वह होती है जिसमें 20 या अधिक श्रमिक हों और क्षमता सीमा का कोई प्रावधान नहीं है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित परिभाषा से बड़ी संख्या में छोटी, श्रम-प्रधान इकाइयां नियामकीय दायरे में आ जातीं, जिससे किसानों पर असर पड़ता क्योंकि उन्हें खांडसारी इकाइयों से चीनी मिलों की तुलना में बेहतर मूल्य मिलता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संजीव बालियान ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार ने यह आदेश किसानों के हित में वापस लिया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर नीति किसानों की सहमति और उनके कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए बनाती है।

# अब भारत के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' प्रधानमंत्री मोदी हैं : शेखावत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि 10-15 साल पहले तक विदेश में भारत की पहचान मुख्य रूप से महात्मा गांधी से जुड़ी थी, लेकिन अब यह बदल गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' हैं।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत की संस्कृति-इसकी विरासत, त्योहार और व्यंजन भी देश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत को जिस नजरिए से देखा जाता था, उसमें 'कुछ कमी' थी। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री ने कहा था,''10-15 साल पहले तक अगर आप दुनिया के किसी भी देश में जाते और किसी व्यक्ति से उसके हुलिए के आधार पर पूछते कि क्या वह भारतीय है, तो वह खुद को भारतीय कहने में हिचकिचाता था। वह अपना परिचय एशियाई के रूप में देता था। फिर अगर आप उससे पूछते कि वह एशिया में कहां से है, तब वह कहता कि मैं भारतीय हूं। मंत्री ने कहा कि इसके पहले अगर कोई पर्यटक विदेश में किसी को बताता कि वह भारतीय है, तो जवाब होता, 'भारत! ह्लओह, श्रीमान गांधी'। शेखावत ने कहा कि भारत की छवि और पहचान 'गांधीजी से जुड़ी हुई थी'। उन्होंने कहा, ''लेकिन आज, और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं, आप दुनिया के किसी भी देश में जा सकते हैं३ सबसे छोटे कैरेबियन द्वीप से लेकर अमेरिका तक, और दक्षिण एशिया से लेकर पश्चिम एशिया तक, आप कहीं भी जा सकते हैं, और अगर आप किसी को बताएं कि 'मैं भारत से हूं', तो आप उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान और एक विस्मयबोधक शब्द देखेंगे, 'भारत! ओह, श्रीमान मोदी'। मंत्री से पूछा गया कि भारत का सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर कौन है, संस्कृति एवं पर्यटन या बॉलीवुड। इसके जवाब में उन्होंने कहा, ''आजकल हमारे सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हमारे प्रधानमंत्री हैं। शेखावत ने कहा, ''वैसे भी, यह कोई राजनीतिक जवाब नहीं है। मैं यह एक आम आदमी के तौर पर कह रहा हूं। जैसा कि हमने अभी कहा, 10-15 साल पहले तक गांधीजी दशकों से भारत के ब्रांड एंबेसडर थे। और अब मोदी जी भारत के ब्रांड एंबेसडर हैं। लेकिन भारत की संस्कृति ही भारत की ब्रांड एंबेसडर है। और भारत की संस्कृति ही भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और विरासत किसी देश का सार और उसकी पहचान बने रहेंगे, लेकिन एक नेता की छवि विदेश में देश की छवि बदल देती है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जब किसी देश की छवि बदलती है, तो इसका असर देश के पर्यटन पर पड़ता है और उस देश के प्रति आकर्षण बढ़ जाता है। शेखावत ने कहा कि जो बदलाव हुआ है, उससे भारत को मजबूती मिलती है और यह विश्वास और दृढ़ धारणा बनी है कि भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या वर्तमान में 10 करोड़ से बढ़कर 2047 तक 100 करोड़ हो जाएगी। भारत की संभावित आर्थिक समृद्धि और विश्व स्तरीय सुविधाओं के विकास से अगर किसी क्षेत्र को सबसे अधिक लाभ होगा, तो वह पर्यटन ही होगा। क्या पर्यटन को भी सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की तरह ही रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाना चाहिए? इसके जवाब में शेखावत ने कहा, ''तुलना करने पर मुझे लगता है कि इसे उतना रणनीतिक महत्व नहीं मिला है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस दिशा में बहुत तेज गति से काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी दूतावासों को बता दिया गया है कि उनके प्रदर्शन का आकलन करने के मापदंडों में से एक उस देश से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या होगी। इसलिए, अब दूतावास भी काम में जुट गए हैं और सभी पूरी तरह से सतर्क हैं।

# केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में जुड़ी बहुभाषी चैटबॉट सुविधा, डॉ जितेंद्र सिंह ने किया उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने जन शिकायत निवारण के अपने केंद्रीय आनलाइन प्लेटफार्म पर शनिवार को एक ऐसी सुविधा शुरू की जिससे देश के किसी भी स्थान से नागरिक अपनी भाषा में बोल या लिख कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और एआई आधारित यह प्रणाली आप की शिकायत की पहचाना कर संबंधित मंत्रालय या विभाग को तक आप की बात पहुंचा देगी।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने केंद्रीय लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) पर इस नयी कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित इस वायस चैटबॉट सुविधा, 'समाधान दीदी-सीपीग्राम्स चैटबॉट' का शनिवार को यहां उद्घटन करते हुए कहा कि यह सुविधा अभी सांविधिक रूप से स्वीकृत 22 भाषाओं में शुरू की गयी है। इसे आने वाले एक साल में कुछ और आंचलिक भाषा-भाषियों के लिए भी सहज बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ' यह मोदी सरकार के सुधारों की दिशा में एक और पहल है। सीपीग्राम्स पर समाधान दीदी चैटबॉट का उद्येश्य उपयोगकर्ता की आसानी बढ़ाना है, शिकायत करने की प्रक्रिया में भाषा और खिलने की चुनौती का समाधान करना है।' इसमें 30 सेंकेंड से एक डेढ़ मिनट के अंदर व्यक्ति अपनी शिकायत बोल या लिख कर दर्ज करा सकता है। कार्यक्रम में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत निवारण विभाग की सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा, संयुक्त सचिव पुनीत यादव और भाषिणी के मुख्य अधिशासी अधिकारी अमिताभ नाग भी उपस्थित थे। श्री नाग ने नयी चैटबॉट सुविधा का जीवंत प्रदर्शन कराया और कार्यक्रम में उपस्थित कुछ लोगों ने विभिन्न भाषाओं में बोल कर अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कारायीं।

डॉ सिंह ने कहा कि सीपीग्राम्स पर आज सालाना 20 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज करायी जाती हैं। उन्होंने कहा, ' यह प्लेटफार्म काफी लोकप्रिय हो चुका है। 2014 में मोदी सरकार से पहले भी सरकार का शिकायत निवारण मंच चल रहा था लेकिन उस समय साल में ज्यादा से ज्यादा दो लाख शिकायतें प्राप्त होती हैं जो आज 20 लाख से ऊपर पहुंच गयी है। यह इस प्रणाली में लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ' हम नहीं कह रहे हैं कि पहले शिकायतों की उपेक्षा की जाती थी , पर उदासीनता जरूर थी। अब हमारी व्यवस्था अधिक सतर्क और संवेदनशील है। पहले समाधान में 60 दिन लग जाते थे , औसत समय 13 दिन का हो गया है। नयी सुविधा से समाधान 7 दिन के अंदर करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा एआई के माध्यम से शिकायत का वर्गीकरण करण और 'भाषिणी' के प्रयोग से उनका भाषांतर कर उन्हें शीघ्र ही संबंधित विभागों और सरकारी एजेंसियों तक पहुंचा दिया जाता है। इससे शिकायतकर्ता को समय और मेहनत कम लगानी पड़ती है। मंत्री ने कहा कि सीपीग्राम्स में इस समय 95 प्रतिशत तक शिकायतों का समाधान हो रहा है। एआई आधारित वर्गीकरण प्रणाली से इसकी दक्षता और बढ़ेगी। भारत की सीपीग्राम्स जन शिकायत निवारण एवं निगरानी सुविधा को विश्व की अपने प्रकार की सबसे बड़ी सुविधा बताते हुए डॉ सिंह ने कहा कि आज दुनिया के अनेक विकासशील देशों के लोग इस प्रणाली को जानना और समझना तथा अपने यहां लागू करना चाहते हैं।

# 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा: चौहान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो। एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ''खेत बचाओ अभियान'' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में श्री चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि जून महीने भर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए इसका फोकस खेत बचाने, लागत संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। उन्होंने सबसे खास बल इस बात पर दिया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मिट्टी की जांच, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि आगतों के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव-उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहाँ फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा।

# रक्षा सुधारों को आगे बढाने, सेनाओं के बीच तालमेल और ऑपरेशन सिंदूर के लिए याद किया जायेगा जनरल चौहान को

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में सुधारों, तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और एकीकरण को बढावा देने तथा ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान का शनिवार को कार्यकाल समाप्त हो गया।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल को मिलाकर जनरल चौहान ने चार दशक से भी अधिक समय तक राष्ट्र की सेवा की। सेना से 31 मई 2021 को लेफ्टिनेंट जनरल के पद से सेवानिवृत होने के बाद सरकार ने एक बार फिर उनकी सेवाएं लेने का निर्णय करते हुए उन्हें देश का दूसरा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके बाद जनरल अनिल चौहान ने 30 सितम्बर 2022 को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष का पद छोड़ने से पहले जनरल चौहान ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्हें तीनों सेनाओं की ओर से औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया। इसके साथ ही सेना में उनका शानदार करियर समाप्त हो गया जिसकी शुरुआत 1981 में भारतीय सेना में कमीशन मिलने के साथ हुई थी। सेना की वर्दी में अपने सफर को याद करते हुए जनरल चौहान ने इस मौके को भावुक और संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा, ''तीनों सेनाओं के 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ रिटायर होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं इसके लिए तीनों सेनाओं और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ का धन्यवाद करता हूं। 'गार्ड ऑफ ऑनर' के समापन के साथ, मैं वर्दी में अपने साथियों और हमसफ़रों को हमेशा के लिए अलविदा कहता हूं। मैंने अभी-अभी युद्ध स्मारक पर आखिरी बार वर्दी में माल्यार्पण किया है। यह उन लोगों को एक विनम्र श्रद्धांजलि है, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान न्योछावर कर दी। सैन्य सेवा से नागरिक जीवन में बदलाव पर उन्होंने कहा, ''माल्यार्पण के बाद, मेरे दोस्तों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने मेरा स्वागत किया। यह वर्दी वाले जीवन से नागरिक जीवन में मेरे बदलाव का प्रतीक है। मेरा कार्यकाल बहुत संतोषजनक और बेहतरीन रहा।'' जनरल चौहान को दिवंगत जनरल बिपिन रावत के बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी थी। उनकी नियुक्ति को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वह पहले ऐसे सेवा निवृत 'थ्री-स्टार' अधिकारी थे जिन्हें तीनों सेनाओं के सबसे पड़े पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के तौर पर, उन्हें सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच ज़्यादा तालमेल और एकीकरण के सरकार के विज़न को आगे बढ़ाने का काम सौंपा गया था। जनरल चौहान अपने कार्यकाल के दौरान देश में सैन्य बदलाव के मुख्य शिल्पकारों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने बहुत समय से लंबित 'एकीकृत थिएटर कमान' की पहल को आगे बढ़ाया। इसका उद्देश्य ऐसी एकीकृत ऑपरेशनल कमान बनाना था, जो भविष्य के संघर्षों के दौरान तीनों सेनाओं को ज़्यादा तालमेल और कुशलता से काम करने में सक्षम बना सकें। उनके नेतृत्व में, प्रस्तावित उत्तरी, पश्चिमी और समुद्री थिएटर कमान के लिए तैयार किया गया ढांचा, अब लागू होने के काफी करीब पहुंच गया है।

## दुनिया के संघर्षरत क्षेत्रों में 2025 के दौरान यौन हिंसा में भारी वृद्धि: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के जिन क्षेत्रों में संघर्ष जारी है वहां 2025 के दौरान यौन हिंसा भारी वृद्धि हुई है। इन क्षेत्रों में 2025 में यौन हिंसा के लगभग 10,000 मामले दर्ज किए गए जो 2024 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक हैं जिसमें दुष्कर्म, यौन दासता और अपहरण को अफ्रीका, मध्य पूर्व, यूरोप और कैरेबियाई देशों में युद्ध हथियारों के रूप में इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक रिपोर्ट शुक्रवार को जारी करते हुए, विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पट्टन ने कहा कि ये आंकड़े एक गंभीर वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाते हैं जिसमें बढ़ती असुरक्षा, विस्थापन एवं पीड़ितों के लिए घटते संसाधन सभी इस संकट को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, ''2025 में युद्ध, यातना, आतंकवाद और राजनीतिक दमन की रणनीति के रूप में यौन हिंसा के मामलों में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में 2025 के दौरान संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा के 9,788 मामलों की पुष्टि की गई हालांकि सुश्री प्रमिला ने कहा कि ये आंकड़े वास्तविकता को नहीं दर्शाते हैं और यौन हिंसा के मामले इससे काफी ज्यादा हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में संघर्ष में फंसे 21 देशों में राज्य और गैर-राज्य दोनों ही पक्षों द्वारा किए गए बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, यौन दासता, जबरन विवाह, तस्करी एवं अपहरण के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं एवं लड़कियों को ही मुख्य रूप से निशाना बनाया गया, हालांकि पुरुषों एवं लड़कों को भी यौन हिंसा का शिकार होना पड़ा, अक्सर हिरासत में एवं यातना के रूप में। तीसरे जैंडर को भी लक्षित उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार का जोखिम झेलना पड़ा। पीड़ितों की उम्र एक से 70 वर्ष के बीच थी जिसमें दिव्यांगजनों से जुड़े मामले भी शामिल हैं। सुश्री प्रमिला ने कहा कि हिंसा के साथ अत्यधिक शारीरिक दुर्व्यवहार भी होता था, जिसमें बलात्कार के बाद हत्याएं और पीड़ितों द्वारा की गई आत्महत्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''यह रिपोर्ट मूल रूप से युद्ध की छाया में रहने वाले इन सभी बचे हुए लोगों एवं समुदायों की मानवीय पीड़ा से संबंधित है।

## पश्चिम बंगाल में अगले सप्ताह भाजपा के मंत्रिमंडल का हो सकता है विस्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के मंत्रिमंडल का पूर्ण विस्तार होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पदभार ग्रहण करने के लगभग तीन सप्ताह बाद वह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने जा रहे हैं। राज्य प्रशासन और भाजपा के सूत्रों के अनुसार, मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप देने और विभागों के बंटवारे की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। राजनीतिक तथा क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस संबंध में कई दौर की बैठकों और विचार-विमर्श के बाद अब निर्णय लगभग तय माना जा रहा है। अगर कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को होने की उम्मीद है, जिसमें नए मंत्रिमंडल में 33 सदस्य को शामिल करने की संभावना है। राज्य में भाजपा सरकार के गठन के बाद से हफ्तों से चल रही अटकलों के बाद यह विस्तार हो रहा है। गत नौ मई को शपथ ग्रहण करने के बाद से श्री अधिकारी पांच मंत्रियों की एक अंतरिम परिषद - दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तिनया, निशिथ प्रमाणिक और क्षुदिराम टुडू की सहायता से राज्य के 54 विभागों में से 42 विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद नए मंत्रियों के नामों की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। इस पर जल्द ही केन्द्र से एक महत्वपूर्ण सूचना आने की उम्मीद है, जिसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता शेष विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए कई बैठकें करेंगे। अनुमान के मुताबिक प्रस्तावित मंत्रिमंडल में अनुभवी नेताओं और नए चेहरों का मिश्रण होने की उम्मीद है। उत्तर बंगाल, जंगलमहल और शहरी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है, साथ ही विस्तारित मंत्रिमंडल में महिलाओं को भी महत्वपूर्ण स्थान मिलने की उम्मीद है।
हाल के दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा तेज हुई है।

# पेज एक का शेष

### ट्रंप की ईरान पर...

लेगा। बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई और न ही किसी समझौते की पुष्टि हुई। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसका मुख्य फोकस दो लक्ष्यों पर था, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत की दोबारा शुरुआत करना। ट्रंप ने अपने शुरुआती पोस्ट में जलमार्ग को खोलने के साथ-साथ कई कड़ी मांगें रखी थीं। इनमें ईरानी बलों द्वारा लगाई गई सभी समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाना, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की संयुक्त निगरानी में सभी संवर्धित परमाणु सामग्री को नष्ट करना और यह पक्का वादा शामिल था कि तेहरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की इन मौजूदा शर्तों पर किसी भी समझौते को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया था।

### दिल्ली पुलिस ने ...

रही थी, जिसके बाद इसके सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए समन्वित कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर ये नौ गुर्गे पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस' (आईएसआई) और मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें कथित तौर पर दिल्ली में संवेदनशील ठिकानों पर हमले करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से की गई गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नेटवर्क के पूरे दायरे का पता लगाने, इनके अन्य साथियों की पहचान करने और बरामद हथियारों एवं विस्फोटकों के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस इस मॉड्यूल की गतिविधियों को निर्देशित करने में सीमा पार के संभावित संबंधों, वित्तपोषण के माध्यमों और विदेशी आकाओं की भूमिका की भी जांच कर रही है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### यूपी के 46...

बरेली समेत कई जिलों में तेज बारिश और आंधी के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि खराब मौसम के कारण जनहानि की घटनाएं भी सामने आई हैं। पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को मिर्ज़ापुर में सर्वाधिक 100 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद अयोध्या में 90 मिमी, प्रयागराज में 61 मिमी, उन्नाव में 59 मिमी और सिद्धार्थनगर में 51 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा, जहां 32 मिमी बारिश हुई। हाथरस में 30 मिमी तथा बिजनौर, हमीरपुर और जालौन में 20-20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीतापुर, बदायूं और झांसी समेत कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, संत रविदास नगर (भदोही), देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांदा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और समुद्री नमी के कारण मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक लू से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को राजधानी में भी तेज हवाओं के साथ छिटपुट वर्षा हो सकती है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस गिरकर 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने वर्ष 2026 के मानसून पूर्वानुमान में संकेत दिया है कि अल नीनो के प्रभाव के कारण इस वर्ष प्रदेश में सामान्य से लगभग 10 प्रतिशत कम वर्षा हो सकती है। जून माह में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा सामान्य से दो से तीन अधिक लू के दौर पड़ने की संभावना भी जताई गई है।

### भारत शक्तिशाली...

क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगा। हालांकि, उन्होंने चीन को खतरा बताने वाले अपने पहले के तीखे बयानों के मुकाबले इस बार कुछ नरमी बरती। शांगरी-ला सुरक्षा सम्मेलन में विश्व नेताओं, राजनयिकों और रक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए हेगसेथ ने कहा कि प्रशांत क्षेत्र अमेरिका की सुरक्षा और समृद्धि के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन की प्राथमिकता प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन को स्थायी और अनुकूल बनाए रखना है। पिछले वर्ष उन्होंने इस सम्मेलन में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों और ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख को लेकर चेतावनी दी थी, लेकिन इस बार उनका रुख अपेक्षाकृत संयमित रहा। ताइवान के मुद्दे पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन संभावित हथियार सौदे पर निर्णय राष्ट्रपति ट्रंप ही लेंगे।

### सेना ऑपरेशन...

के युवाओं की भूमिका अहम है। ड्रोन बटालियन दिव्यशास्त्र बैटरी, शक्तिमान रेजीमेंट, भैरव बटालियन और सैन्य बलों में तकनीक का बड़े पैमाने पर प्रयोग आधुनिक तैयारी का हिस्सा है। सेनाएं आगे नेटवर्किंग और डाटा के क्षेत्र में काम करेगी क्योंकि डाटा की बदौलत निर्णय लेना बेहद आसान होगा। ड्रोन पर बात करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि हर सैनिक के हाथ में ड्रोन होना चाहिए और उसे उड़ाना आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों में सिमुलेटर के जरिए सैनिकों को इस क्षेत्र में पारंगत बनाया जा रहा। आने वाले समय में संघर्ष के दौरान ड्रोन की भूमिका अहम होगी। ऑपरेशन सिंदूर के साथ हाल में हुई जंगों में इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि सैन्यबलों में समन्वय को बेहतर बनाने के लिए थिएटर कमांड की प्रक्रिया सही दिशा में है। चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समीक्षा के लिए रिपोर्ट सौंप दी गई है। प्रस्तावित ढांचे में थिएटर कमांड के लिए जरूरी सभी बिंदुओं को बेहतर ढंग से पेश किया गया है और बेहतर की उम्मीद है। जनरल ने कहा कि भारतीय सेनाओं के प्रमुख सैन्यबलों को संयुक्त रूप से तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उम्मीद है कि इस संबंध में अगला कदम नए सीडीएस उठाएंगे और आने वाले दो से तीन वर्षों में थिएटर कमांड को हम जमीन पर काम करते हुए देखेंगे। थिएटर कमांडर सैनिकों को भविष्य के लिए तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे क्योंकि देश की सुरक्षा सैन्यबलों की पहली प्राथमिकता है।

### कर्नाटक में डी. के....

नाम अभी तय नहीं किए गए हैं। बताया गया कि शिवकुमार के नाम की घोषणा के तुरंत बाद सिद्धरमैया और शिवकुमार दोनों राष्ट्रीय महासचिवों संग बंद कमरे में बैठक के लिए चले गए थे। माना जा रहा है कि बैठक में मंत्रिमंडल से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया गया।

### भारत से ...

मामले में, मेरी जानकारी के अनुसार इस पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं। शायद इसकी सार्वजनिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इस पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। रक्षा सचिव ने जोर देकर कहा कि भारत दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को विश्वसनीय भागीदारों के रूप में देखता है और उनके साथ उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''आसियान देशों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है और हम आप सभी को मित्र विदेशी देशों के रूप में देखते हैं जिनके साथ हम उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों को साझा कर सकते हैं। इस समझौते की पुष्टि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलती सुरक्षा परिस्थितियों के बीच आसियान देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने और इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के भारत के प्रयासों में मील का पत्थर है। वियतनाम के साथ हुए इस समझौते से भारत और वियतनाम के बीच रणनीतिक सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है, जिनके बीच पहले से ही एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी मौजूद है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच वियतनाम लगातार अपनी सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण कर रहा है और अपनी समुद्री क्षमताओं को बढ़ा रहा है। इंडोनेशिया के साथ संभावित समझौता, दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रमुख समुद्री राष्ट्रों के साथ भारत की रक्षा भागीदारी को और मजबूत करेगा और भारत की व्यापक 'एक्ट ईस्ट नीति' तथा हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के अनुरूप होगा। ब्रह्मोस मिसाइल दुनिया की सबसे तेज़ ऑपरेशनल सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों में से एक है। इसे भारत की कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने मिलकर बनाया है। यह कंपनी भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस की कंपनी का एक साझा उद्यम है। ब्रह्मोस को सतह, समुद्र, हवा और पनडुब्बी किसी भी जगह से दागा जा सकता है। यह मैक 3 की रफ़्तार से अपने लक्ष्य पर निशाना साध सकती है, जिससे इसे बीच में रोकना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह भारत की पारंपरिक रक्षा क्षमता का एक अहम हिस्सा बन गई है। जनवरी 2022 में फिलीपींस ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम खरीदने वाला पहला विदेशी ग्राहक बना था। यह सौदा लगभग 37 करोड़ डॉलर का था और इसे तटीय रक्षा मिसाइल के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक समझौता माना गया है। इस सौदे को भारत के रक्षा निर्यात के सपनों की दिशा में एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा गया है।

### जब हम सुरक्षा के मोर्चे ...

चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। उन्होंने आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम् का जिक्र किया और कहा कि आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। योगी ने कहा कि हमारे मन में सेना व यूनिफॉर्मधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हो। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री तापमान, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन-कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में रोज कर्फ्यू लगता था, पेशेवर माफिया व अपराधियों ने जीना हराम कर दिया था। असुरक्षित वातावरण में विकास व निवेश की संभावनाएं क्षीण हो गई थीं, लेकिन जब हमारे जवान सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तो नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे उनके प्रति सम्मान का भाव रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में एक तरफ राष्ट्र प्रेरणास्थल है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री ने 25 दिसंबर को किया था तो दूसरी तरफ नौसेना म्यूजियम के रूप में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का अद्भुत केंद्र यहां प्राप्त हुआ है। अभी इसका विस्तार भी होगा। इस अवसर पर नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व ब्रजलाल, पर्यटन/संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, राजेश्वर सिंह, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, जय देवी, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा, पवन सिंह चौहान, उमेश द्विवेदी, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने किया कांवड़ समिति का पुनर्गठन, कपिल मिश्रा अध्यक्ष नियुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ यात्रा को ऐतिहासिक, सुगम, भक्तिभाव से परिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए उच्च स्तरीय 'कांवड़ समिति' का पुनर्गठन किया है। दिल्ली के संस्कृति एवं विधि मंत्री कपिल मिश्रा को समिति का अध्यक्ष बना गया है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली सरकार इस बार भी शिवभक्तों के लिए सम्मानजनक एवं बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। इसके लिए कांवड़ शिविरों को विशेष सहायता दी जाएगी। कपिल मिश्रा कांवड़ समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि विधायक अजय महावर, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, संजय गोयल और उमंग बजाज को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक पारंपरिक धार्मिक आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अटूट सामाजिक समरसता और जनआस्था का एक विराट महोत्सव है। सावन माह में दिल्ली की सड़कों पर उमड़ने वाला शिवभक्तों का सैलाब देश की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के लिए कांवड़ व्यवस्थाएं अब सिर्फ कागजी प्रशासनिक कामकाज नहीं रह गई हैं, बल्कि यह पूरी व्यवस्था दिल्ली में सेवा, श्रद्धा और सम्मान का एक अनूठा प्रतीक बन चुकी है। सरकार का मुख्य ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले हर एक शिवभक्त (कांवड़िए) को अतिथि के रूप में देवतुल्य सम्मान और श्रेष्ठ सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि



अध्यक्ष कपिल मिश्रा के नेतृत्व में यह नवगठित समिति जल्द ही दिल्ली के सभी डीएम, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। समिति का मुख्य फोकस रूट मैनेजमेंट, वॉटरप्रूफ टेंटों की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, 24 घंटे निर्बाध बिजली-पानी की आपूर्ति और सुरक्षा चाक-चौबंद रखने पर होगा, ताकि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी यात्रा निर्विघ्न और अभूतपूर्व रूप से संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री कहा कि दिल्ली सरकार ने शिवभक्तों की सेवा के लिए पिछले वर्षों की तुलना में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक व्यवस्थाएं की थीं। वर्ष 2024 में जहां राजधानी में केवल 170 कांवड़ शिविरों को मंजूरी मिली थी, वहीं वर्ष 2025 में सरकार द्वारा दी गई आसान मंजूरियों के चलते रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई और पूरी दिल्ली में कुल 374 पंजीकृत कांवड़ शिविर लगाए गए। इन शिविरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने पुरानी टेंडर प्रथा को खत्म कर सीधे बैंक खातों में (डीबीटी के माध्यम से) 50,000 रुपये से लेकर अधिकतम 11 लाख रुपये तक की पारदर्शी आर्थिक सहायता प्रदान की, जिसका 50 फीसद हिस्सा आयोजन से पहले ही एडवांस के रूप में जारी कर दिया गया था।

# जालंधर के आरटीआई कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर/फगवाड़ा। जालंधर के चर्चित आरटीआई कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह की शनिवार दोपहर फगवाड़ा के चहेड़ू गांव स्थित लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी के लॉ गेट के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवकों ने उन पर नजदीक से ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिमरनजीत सिंह पर करीब एक वर्ष पहले भी जालंधर के मॉडल टाउन स्थित एक जिम के बाहर हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया था। हालांकि उस समय वह बच निकलने में सफल रहे थे। उस घटना के बाद जालंधर सिटी पुलिस ने उन्हें सुरक्षा के लिए दो गनमैन उपलब्ध कराए थे, लेकिन घटना के समय वह कथित तौर पर बिना सुरक्षा कर्मियों के मौजूद थे। सिमरनजीत सिंह पिछले एक दशक से अधिक समय से



विभिन्न मामलों में सक्रिय थे। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, पंजाब पुलिस और प्रवर्तन निदेशालयके समक्ष कई शिकायतें और याचिकाएं दायर की थीं। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े कुछ दस्तावेज भी ईडी को उपलब्ध कराए थे। संजीव अरोड़ा फिलहाल जेल में बंद हैं। आदर्श नगर निवासी सिमरनजीत सिंह का अपनी पहली पत्नी से तलाक हो चुका था और उन्होंने हाल ही में दूसरी शादी की थी। जालंधर रेंज के डीआईजी नवीन सिंगला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सतनामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान घटनास्थल से एक .32 बोर की पिस्तौल बरामद की गई, जबकि घटनास्थल के नजदीक खड़ी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से .12 बोर की राइफल भी बरामद हुई है। डीआईजी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। काउंटर इंटेलिजेंस की टीमों को भी जांच में लगाया गया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वेलरी शॉप में 10 लाख की चोरी का खुलासा, चोरी के तीन शातिर आरोपित और तीन रिसीवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के कोटला मुबारकपुर थाना पुलिस ने ज्वेलरी की दुकान में हुई बड़ी चोरी का पर्दाफाश करते हुए चोरी के तीन शातिर आरोपित समेत चोरी का माल खरीदने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 10 लाख रुपये से अधिक कीमत का सोना, चांदी, नकदी, हीरे और अन्य सामान बरामद किया है। मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और लगातार की गई जांच के आधार पर हुआ। दक्षिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने शनिवार को बताया कि 10 मई को पंजाबी बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी की सूचना मिली थी। दुकान मालिक शगुन वर्मा ने शिकायत में बताया कि 9 और 10 मई की रात अज्ञात चोर दुकान के ताले और शटर तोड़कर अंदर घुस गए और सोने-चांदी के आभूषण, हीरे तथा नकदी चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर कोटला मुबारकपुर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें चोरी में इस्तेमाल किए गए वाहन के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पता चला कि आरोपित दिल्ली छोड़कर पश्चिम बंगाल भागने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 मई को तीनों मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान 37 वर्षीय मसकूर, 36 वर्षीय बहारुल शेख और 32 वर्षीय आनंद मंडल उर्फ नागेश्वर के रूप में हुई है। तीनों शास्त्री पार्क इलाके के रहने वाले हैं। पूछताछ और पुलिस रिमांड के दौरान चोरी का माल खरीदने वाले जहांगीर, गुलफाम और मुमतियाज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित लंबे समय से चोरी और सेंधमारी की वारदातों में शामिल रहे हैं। मुख्य आरोपित मसकूर के खिलाफ 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं बहारुल शेख के खिलाफ हत्या, चोरी, सेंधमारी और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। आनंद मंडल पर भी चोरी और डकैती के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित रात के समय ज्वेलरी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे। कमजोर सुरक्षा वाली दुकानों को निशाना बनाकर ताले और शटर तोड़कर चोरी करते थे। चोरी के बाद सोने-चांदी के गहनों को पिघलाकर उनकी पहचान मिटा दी जाती थी और फिर रिसीवरों के माध्यम से बेच दिया जाता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदलते रहते थे। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 36.47 ग्राम पिघला हुआ सोना (कीमत करीब 5.11 लाख रुपये), 658 ग्राम पिघली हुई चांदी (कीमत करीब 1.63 लाख रुपये), चांदी के कटोरे, गिलास, चम्मच, बिछुए, अंगूठियां और अन्य सामान, 23 हीरे और जिरकॉन स्टोन, बैंक खाते में जमा 1.35 लाख रुपये फ्रीज, 1.30 लाख रुपये नकद, नकली ज्वेलरी के कई सेट और एक खिलौना पिस्तौल बरामद किए हैं।

### 'सेव फ्यूल, सेव फ्यूचर' हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का शनिवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित ल्लसेव फ्यूल, सेव फ्यूचरङ्क हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अभियान में सहभागिता करते हुए इसकी सराहना की और इसे राष्ट्रहित से जुड़ा प्रेरणादायी अभियान बताया। उन्होंने अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि ल्लसेव फ्यूल, सेव फ्यूचरङ्क अभियान केवल ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्ज़ा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में अभियान को घर-घर तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया।

### गंगा संरक्षण और स्वच्छता कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**देहरादून।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला गंगा संरक्षण समिति के साथ ही अर्धकुंभ मेला 2027 के लिए प्रस्तावित कार्यों के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद अन्तर्गत संचालित गंगा संरक्षण, सीवरेज, अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल प्रस्तुतिकरण (प्रेजेंटेशन) नहीं, बल्कि धरातल पर कार्यों के प्रभावी परिणाम दिखाई देने चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टपकेश्वर मंदिर गढ़ी कैंट क्षेत्र में प्रस्तावित एसटीपी निर्माण कार्य के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों के साथ पृथक बैठक आयोजित कर भूमि चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ऋषिकेश क्षेत्र में निर्माणाधीन एसटीपी, सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस) व सीवर लाइन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवास विकास वार्ड में संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पायलट परियोजना को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उसे मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में डेयरी वेस्ट प्रबंधन की जानकारी मांगे जाने पर नगर निगम देहरादून के संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बिंदाल नदी में गिरने वाले प्रदूषित नालों की टैपिंग कार्यों में हो रही देरी पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाला टैपिंग के सभी कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किए जाएं।

# सीबीएसई मुख्यालय के बाहर एनएसयूआई का प्रदर्शन

## मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में शनिवार को हजारों छात्रों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने पटपड़गंज स्थित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का उद्देश्य कथित दोषपूर्ण ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) मूल्यांकन प्रणाली और गलत मूल्यांकन की बढ़ती शिकायतों के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करते हुए नारेबाजी की और सीबीएसई अधिकारियों से जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कई मेधावी और मेहनती छात्रों को अपेक्षा से कम अंक दिए गए हैं, जिससे छात्रों और



अभिभावकों में चिंता और असंतोष का माहौल है। छात्रों ने कहा कि वर्तमान ओएसएम प्रणाली में कई खामियां हैं, जिसके कारण मूल्यांकन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उनका कहना है कि इस स्थिति ने छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को प्रभावित किया है और मानसिक तनाव भी बढ़ाया है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में अपारदर्शी ओएसएम प्रणाली को समाप्त करना, मूल्यांकन में हुई कथित गड़बड़ियों की जवाबदेही तय करना, निष्पक्ष एवं छात्र हितैषी पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया लागू करना तथा छात्रों के शैक्षणिक भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि सीबीएसई छात्रों के भविष्य के साथ प्रयोग नहीं कर सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मूल्यांकन प्रणाली में खामियों के कारण देशभर के हजारों छात्र प्रभावित हुए हैं। जाखड़ ने कहा कि संगठन प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के पीछे छात्रों की वर्षों की मेहनत, सपने और परिवारों के त्याग जुड़े होते हैं, इसलिए मूल्यांकन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने सीबीएसई से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक प्रभावित छात्रों को न्याय नहीं मिलता और मूल्यांकन प्रक्रिया में आवश्यक सुधार नहीं किए जाते, तब तक संगठन इस मुद्दे को विभिन्न मंचों पर उठाता रहेगा।

## दिल्ली में मानसून की तैयारियों को लेकर आआपा ने सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मानसून आने वाला है लेकिन नालों की सफाई पूरी नहीं की गई। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में नेता प्रतिपक्ष और आम आदमी पार्टी के नेता अंकुश नारंग ने शनिवार को एक वीडियों में कहा कि ईस्ट, वेस्ट और सेंट्रल दिल्ली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नालों की अभी तक सफाई शुरू नहीं हुई। शाहदरा और नजफगढ़ जैसे बड़े नाले तक सरकार साफ नहीं की। मिंटो ब्रिज से बाहर निकलकर पूरी दिल्ली को देखने और इस बार मानसून में डूबने से बचाने के लिए कार्य करना चाहिए। अंकुश नारंग ने कहा कि मई का महीना खत्म हो रहा है और जून शुरू हो गया है। इसी जून में दिल्ली में मानसून आएगा, लेकिन अभी तक दिल्ली में पीडब्ल्यूडी और एमसीडी के नालों की सफाई नहीं हुई है।

# समाना नगर परिषद चुनाव: ट्रांसजेंडर नेता कोमल महंत ने 505 वोटों से जीत दर्ज की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

समाना। शिरोमणि अकाली दल की ट्रांसजेंडर नेता कोमल महंत ने समाना नगर परिषद के वार्ड नंबर 18 से 505 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया है। कोमल महंत ने इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई हैं। सोशल मीडिया पर अपनी मजबूत पहचान रखने वाली कोमल महंत ने डिजिटल लोकप्रियता को चुनावी सफलता में बदलते हुए यह जीत हासिल की। उनका चुनाव प्रचार सोशल मीडिया और जमीनी स्तर पर लोगों से सीधे संपर्क का अनूठा मिश्रण रहा, जिसने युवाओं और स्थानीय मतदाताओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। इंस्टाग्राम पर 64 हजार से अधिक फॉलोअर्स रखने वाली



कोमल महंत और उनकी टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के कल्याण, नशा विरोधी अभियान और वार्ड के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। हालांकि समर्थकों का कहना है कि घर-घर जाकर लोगों से संवाद करना उनकी जीत का सबसे बड़ा कारण रहा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही वार्ड नंबर 18 में जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान भावुक नजर आईं कोमल महंत ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ल्लसमाना के सभी लोगों को नमस्कार और सत श्री अकाल। मैं हर परिवार की खुशहाली की कामना करती हूं। वार्ड नंबर 18 के लोगों के प्यार और समर्थन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करूंगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान कोमल महंत ने वार्ड में बदलाव लाने का वादा किया था। उन्होंने हर वर्ष अपनी निजी आय से 6 लाख रुपये सामाजिक कल्याण कार्यों पर खर्च करने, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा टूटी सड़कों और खुली नालियों जैसी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया था।

# स्वस्थ नागरिक ही 'विकसित दिल्ली' की मजबूत नींव : तरनजीत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पास उत्तरी रिज स्थित बोंटा पार्क में मॉर्निंग वॉक करते हुए लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पार्कों के रखरखाव एवं सुविधाओं पर लोगों से फीडबैक लिया। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक, बेहतर सार्वजनिक स्थान और जनभागीदारी ही 'विकसित दिल्ली' की मजबूत नींव हैं। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली के हरित क्षेत्रों (ग्रीन लंग्स) को सुरक्षित एवं सुंदर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।



उपराज्यपाल ने कहा कि पार्क में लोगों को व्यायाम और परिवारों को हरियाली के बीच समय बिताते देखकर बहुत अच्छा लगा। यह देखकर खुशी हुई कि दिल्ली के लोग अपने स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बातचीत के दौरान पार्क की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के के सुझाव और विचारों भी साझा किए। उन्होंने कहा कि लोगों के सुझाव हमारे सार्वजनिक स्थलों और दिल्ली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बोधगया पहुंचे म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गयाजी। बौद्ध धर्म की विश्वविख्यात तपोभूमि और मोक्षस्थली बोधगया शनिवार को उस समय अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गई, जब म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग अपने उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पांच दिवसीय भारत यात्रा के तहत गयाजी पहुंचे। राष्ट्रपति के आगमन पर बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन और राज्य के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोधगया के लिए रवाना हुए। शनिवार सुबह विशेष विमान से गयाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के स्वागत के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बड़ी टीम पहले से मौजूद थी। औपचारिक स्वागत समारोह के बाद राष्ट्रपति का काफिला सुरक्षा घेरे में बोधगया के लिए



रवाना हुआ। उनकी यात्रा को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर बोधगया तक सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। बोधगया पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने कुछ समय एक निजी होटल में विश्राम किया। इसके बाद उन्होंने विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचकर भगवान बुद्ध के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया तथा बौद्ध विरासत से जुड़े विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया। राष्ट्रपति के साथ आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी महाबोधि मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता को करीब से देखा। राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के दौरे को लेकर बोधगया में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, जबकि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। इस अवसर पर बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और म्यांमार के बीच सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बौद्ध विरासत तथा पारस्परिक विकास के संबंध लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति की यह यात्रा दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाएगी।

## लालू परिवार को सरकारी संसाधनों को निजी संपत्ति समझने की आदत: संजय सरावगी

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी द्वारा सरकारी आवास खाली नहीं करने संबंधी दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में अब कानून का राज है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी बड़ा पदाधिकारी या पूर्व मुख्यमंत्री ही क्यों न रहा हो, नियमों और कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकारी आवास किसी व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि यह जनता के टैक्स के पैसे से निर्मित और संचालित सार्वजनिक संपत्ति है। सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत ही आवासों का आवंटन और पुनः आवंटन किया जाता है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति द्वारा सरकारी आदेश की अवहेलना करना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों का अपमान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि राजद और लालू परिवार की राजनीति हमेशा से सत्ता को निजी अधिकार समझने की रही है।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063